सेंसेक्स 84,273.92 ● निफ्टी 25,935.15 ● डॉलर 90.57 ₹ ● सोना 1,53,560 ₹ ● चांदी 3,00,000 ₹

पेज 06 अमेरिका की 74 फीसद अबादी...

पेज 08 निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत हुए...

पारा आपडेट

मैक्सिमम 25.00 | मिनीमम 10.00

सूर्यास्त (आज) 17.41

सूर्योदय (कल) 06.25

बोकारो से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

फाल्गुन कृष्ण पक्ष नवमी संवत 2082

पेज 12



RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, बुधवार 11 फरवरी 2026 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 08 अंक : 219 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

झारखंड दर्शन के पाठकों व शुभेच्छुओं से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए आप फोन नंबर 9262578999 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही अगर आप तक हमारे अखबार की प्रति नहीं पहुंच रही है तो भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रबंधक

आवश्यकता

हमारे हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन को अपने लेखा विभाग के लिए एक योग्य और अनुभवी अकाउंटेंट और मार्केटिंग के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपना रिज्यूमे इस ईमेल एवं फोन नंबर पर भेज सकते हैं।

email - jharkhanddarshan405@gmail.com

Phone - 91025 69636, 92625 78999

### लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग सहित विभिन्न संवैधानिक पदों की रिक्तियों पर हाईकोर्ट ने दिखायी सख्ती, दिये निर्देश

# राज्य सरकार छह सप्ताह के भीतर करे लोकायुक्त की नियुक्ति

संवाददाता

**रांची।** झारखंड में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और राज्य सूचना आयोग सहित विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं में वर्षों से रिक्त पड़े पदों को लेकर दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। अदालत ने राज्य सरकार को छह सप्ताह के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

- अन्य संवैधानिक पदों पर चार सप्ताह में शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश
- मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 मार्च की तिथि तय



मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम.एस. सोनक एवं न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार से यह भी कहा कि मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्त समेत अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया कब तक पूरी की जाएगी, इसका विस्तृत ब्यौरा चार सप्ताह के भीतर शपथ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया जाए। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 मार्च की तिथि निर्धारित कर दी है।

सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह एवं राजीव शर्मा ने अदालत के समक्ष दलीलें पेश कीं। अधिवक्ता वीपी सिंह ने कहा कि राज्य सरकार इन महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों पर नियुक्ति को लेकर लगातार टालमटोल का रवैया अपना रही है। उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों से सरकार केवल समय मांग रही है, लेकिन अब तक लोकायुक्त सहित कई अहम संस्थानों में नियुक्तियां नहीं की गई हैं। उन्होंने कहा कि लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और राज्य सूचना आयोग जैसी संस्थाओं में तीन से पांच वर्षों से पद रिक्त पड़े हैं, जिससे प्रशासनिक जवाबदेही, पारदर्शिता और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा की व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

### राज्य सरकार ने रखा अपना पक्ष

वहीं, राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अदालत को बताया कि सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है और छह सप्ताह के भीतर लोकायुक्त की नियुक्ति कर ली जाएगी। उन्होंने कहा कि अन्य संवैधानिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को लेकर भी सरकार आवश्यक कदम उठा रही है। उल्लेखनीय है कि यह मामला राजकुमार की ओर से दायर अवमानना याचिका समेत राज्य की 12 संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्ष एवं सदस्यों के पद रिक्त रहने को लेकर दाखिल विभिन्न जनहित याचिकाओं से संबंधित है, जिनकी संयुक्त रूप से सुनवाई झारखंड उच्च न्यायालय में की जा रही है।

### संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली पुलिस का एएसआई 15 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली पुलिस के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ओम प्रकाश को 15 हजार रुपये की घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने मंगलवार को बताया कि एजेंसी ने 07 फरवरी को मामला दर्ज किया था। आरोप था कि एएसआई ने शिकायतकर्ता से उसके भाई को जमानत दिलाने में मदद करने के लिए 25 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी और रकम न देने पर अन्य मामलों में फंसाने की धमकी दी थी। सीबीआई ने उसी दिन जाल बिछाया और आरोपित को शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ओम प्रकाश पश्चिम विहार थाने में तैनात थे। सीबीआई ने बताया कि मामले में आगे की जांच जारी है।

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

इंफाल। हिंसाग्रस्त मणिपुर में पुलिस एवं सुरक्षा एजेंसियां उग्रवादियों, अवैध हथियार एवं मादक पदार्थ के विरूद्ध लगातार अभियान जारी रखे हुए हैं। अलग-अलग अभियानों में तीन उग्रवादियों को जहां गिरफ्तार किया गया, वहीं भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद करने के साथ ही हिंसा प्रभावित क्षेत्र में फंसे दो लोगों को बताया गया। मणिपुर पुलिस मुख्यालय द्वारा आज जारी जानकारी के अनुसार सोमवार को सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व जिले के लमलाई थानांतर्गत नोंगदम गांव, न्गारू चेंगजेल पहाड़ी क्षेत्र से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया। बरामद सामग्रियों में मुख्य रूप से मैगजीन के साथ एक .303 राइफल, दो 12 बोर सिंगल बैरल रायफल, एक मैगजीन के साथ 9 मिमी की चार पिस्तौल और तीन 36 नंबर हैंड ग्रेनेड शामिल हैं। इस मामले में किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### नेपाल की तमाकोशी नदी में गिरी बस, 9 यात्रियों की मौत


काठमांडू। काठमांडू से ओखलढुंगा जा रही एक यात्री बस मंगलवार दोपहर को तमाकोशी नदी में गिर गई। इस दुर्घटना में अब तक नौ लोगों की मौत हो चुकी है। रामेछाप के प्रमुख जिला अधिकारी श्याम कृष्ण थापा ने बताया कि बागमती प्रदेश की बस रामेछाप जिले के मन्थली नगरपालिका स्थित त्रिवेणी घाट पर नदी में जा गिरी। यह बस काठमांडू से आठ यात्रियों को लेकर रवाना हुई थी, लेकिन हादसे के समय उसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे लोगों सहित लगभग 17 लोग सवार थे। छह यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन यात्रियों ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ा। उन्होंने बताया कि सशस्त्र पुलिस बल के गोताखोर और स्थानीय आपदा प्रबंधन इकाई के बचाव दल नदी में गिरे अन्य लोगों की तलाश में जुटे हुए हैं।

### साइबर धोखाधड़ी पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

# साइबर सुरक्षा देश की आंतरिक सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के एक कार्यक्रम में कहा कि साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी मुद्दा नहीं रह गया है बल्कि यह देश की आंतरिक सुरक्षा से सीधे तौर पर जुड़ चुका है। देश के डेटा को हर हाल में सुरक्षित करना होगा। सीबीआई ने आयोजित साइबर सक्षम धोखाधड़ी से निपटने और उसके पूरे तंत्र को ध्वस्त करने के विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन यहां 10 और 11 फरवरी तक चलेगा। इस अवसर पर गृह मंत्री ने सीबीआई के नए साइबर अपराध प्रकोष्ठ का उद्घाटन किया। साथ ही भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) के अंतर्गत स्टेट साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (एस4सी) डैशबोर्ड की भी शुरूआत की।



इस मौके पर गृह मंत्री ने कहा कि यह दोनों ऐसी इकाइयां हैं, जिसमें अलग-अलग विभाग और एजेंसियां एक ही प्लेटफॉर्म पर साइबर अपराध से निपटने के लिए काम कर रही हैं। जब सभी प्रयास एक दिशा में होते हैं, तभी अपेक्षित परिणाम मिलते हैं। पिछले 11 वर्षों की भारत की डिजिटल यात्रा में साइबर सुरक्षा सबसे अहम विषय बनकर उभरी है।

अमित शाह ने कहा कि पहले देश में डिजिटल सेवाओं के करीब 25 करोड़ उपयोगकर्ता थे, जो अब 100 करोड़ के आंकड़े को पार कर चुके हैं। एक जीबी डेटा की कीमत में करीब 97 प्रतिशत की कमी आई है। दुनिया के हर दूसरे डिजिटल लेन-देन भारत में हो रहे हैं। 97 करोड़ से अधिक जनधन खातों और देश के संगठनों के संवेदनशील डेटा की सुरक्षा अब बड़ी चुनौती है। गृह मंत्री ने बताया कि हाल के वर्षों में सीबीआई ने 20 हजार करोड़ रुपये के बैंक फ्रॉड मामलों की जांच की है, जिनमें से 8 हजार करोड़ रुपये की राशि को फ्रीज किया गया है। इसके अलावा 12 लाख सिम कार्ड रद्द करवाए गए हैं। वर्ष 2025 तक 20 हजार 853 साइबर अपराधियों को पकड़ा गया है। उन्होंने कहा कि 30 नवंबर 2025 तक देशभर से 23 लाख 61 हजार साइबर शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें एक मामला अकेले 20 हजार करोड़ रुपये के फ्रॉड से जुड़ा था, जिसमें 8 हजार करोड़ रुपये फ्रीज किए गए। दिसंबर 2025 तक 12 लाख सिम कार्ड ब्लॉक किए जा चुके हैं।

### म्यूल अकाउंट की समस्या पर जतायी चिंता

अमित शाह ने म्यूल अकाउंट (धोखाधड़ी के उद्देश्य से बनाये गए फर्जी खाते) की समस्या पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज म्यूल खाते सर्विस की तरह खरीदे और बेचे जा रहे हैं। रिजर्व बैंक और गृह मंत्रालय ने मिलकर म्यूल अकाउंट हंटर ऐप तैयार किया है, जिसे सभी सरकारी और निजी बैंकों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 1930 हेल्पलाइन को और अधिक प्रभावी बनाना होगा। रिस्पांस टाइम बेहद कम होना चाहिए। यदि कोई पीड़ित समय पर कॉल करता है और कॉल रिसीव नहीं होती तथा उसका पैसा निकल जाता है, तो इससे 1930 की साख प्रभावित होती है। हर घंटे करीब 100 लोग साइबर अपराध के शिकार हो रहे हैं और जांच की गति को लगातार तेज किया जा रहा है।

### संगठित अपराध का रूप ले चुका है साइबर फ्रॉड

अमित शाह ने कहा कि अब तक साइबर फ्रॉड से जुड़े मामलों में 8 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बरामद की जा चुकी है। 20 हजार से अधिक साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। म्यूल खाते की खरीद-फरोख्त अब अकेले अपराधियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह संगठित अपराध का रूप ले चुकी है। सम्मेलन में साइबर धोखाधड़ी के बदलते स्वरूप, वित्तीय, दूरसंचार और मानव स्तंभ से जुड़े खतरों पर विस्तार से चर्चा की गई। साइबर अपराध की रोकथाम, जांच प्रक्रिया को मजबूत करने और पीड़ित केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया गया।

### विपक्षी दलों ने लोकसभा अध्यक्ष पर लगाया पक्षपात का आरोप

## ओम बिरला के खिलाफ दिया अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला पर सदन के संचालन में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कांग्रेस एवं अन्य विपक्षी दलों ने उनके खिलाफ मंगलवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस पर 116 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। हालांकि इस पर तृणमूल कांग्रेस के किसी भी सांसद का हस्ताक्षर नहीं है। हस्ताक्षर करने वाले 116 सांसदों में राहुल गांधी का भी नाम नहीं है।

लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने पत्रकारों को बताया कि अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस लोकसभा महासचिव को संविधान के अनुच्छेद 94-सी के तहत दिया गया है। नोटिस पर 116 सांसदों के हस्ताक्षर हैं, जिनमें कांग्रेस, समाजवादी पार्टी (सपा), द्रविण मुनेत्र कड़गम (द्रमुक), राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और अन्य शामिल हैं। हालांकि गोगोई ने इस नोटिस पर तृणमूल कांग्रेस के सांसदों के हस्ताक्षर नहीं होने से जुड़े सवाल पर चुप्पी साध ली।

नोटिस में कहा गया है कि लोकसभा अध्यक्ष लगातार विपक्षी सांसदों को जनहित के मुद्दे उठाने से रोक रहे हैं। अनुच्छेद 94(सी) के तहत नोटिस दिया गया है क्योंकि अध्यक्ष खुलेआम पक्षपात कर रहे हैं। इसके साथ ही विपक्ष के आठ सांसदों को मनमाने ढंग से निलंबित कर दिया गया है; उन्हें केवल लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए दंडित किया जा रहा है। नोटिस में लिखा गया है कि कई मौकों पर विपक्षी दलों के नेताओं को बोलने की अनुमति ही नहीं दी गई, जबकि यह उनका मौलिक अधिकार है। नियमों के मुताबिक नोटिस मिलने के बाद प्रस्ताव पेश करने और इस पर चर्चा के लिए तारीख तय की जाती है, जो नोटिस की तिथि से कम से कम 14 दिन बाद होती है। आमतौर पर प्रस्ताव स्वीकार होने के 10 दिनों के भीतर बहस और मतदान होता है। जब प्रस्ताव विचाराधीन होता है, तो अध्यक्ष सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकते।

- 116 सांसदों ने किया प्रस्ताव पर हस्ताक्षर



### मथुरा में दिल दहलाने वाली घटना, उजड़ा पूरा परिवार

## कमरे में मिले पति-पत्नी और तीन मासूम बच्चों के शव

**मथुरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के महावन थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक परिवार के पांच सदस्यों के शव कमरे में मिले हैं। मरने वालों में पति-पत्नी और उनके तीन बच्चे हैं। सभी के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। पुलिस को मिले सबूतों के आधार पर मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। मौके पर दीवार पर लिखा सुसाइड नोट और एक वीडियो भी मिला है। पुलिस के अनुसार महावन के ग्राम खप्परपुर में रहने वाला 35 वर्षीय मनीष खेती करता था। मंगलवार सुबह करीब दस बजे पुलिस को सूचना मिली कि मनीष, उसकी पत्नी सीमा (32), बेटी हनी (5), प्रियांशी (4) और बेटा पंकज (2) के शव घर के अंदर पड़े हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाया। पुलिस को मौके से दीवार पर लिखा सुसाइड नोट और कॉपी पर लिखा सुसाइड नोट मिला है। इसके अलावा मृतक मनीष का फोन भी मिला है जिसमें सुसाइड को लेकर एक वीडियो भी बनाया गया था। घर की दीवार पर लिखा है कि मैं मनीष आत्महत्या कर रहा हूं, किसी को परेशान न किया जाए। घर के कमरे में एक पर्ची मिली है, इस पर भी लिखा है कि मैं आत्महत्या कर रहा हूं, किसी को परेशान न किया जाए। वीडियो में मनीष कह रहा है कि वह आत्महत्या कर रहा हैं। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। यह भी कहा है कि कुछ दिन पहले उन्होंने साढ़े 12 लाख रुपये की जमीन बेची थी, उसका पैसा भी उन्हें मिल गया है।




### चाईबासा : तेज हुआ पश्चिम सिंहभूम को नक्सलमुक्त करने का अभियान

## मेघाबुरु ऑपरेशन को लेकर उच्चस्तरीय बैठक शुरू

संवाददाता

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिले को नक्सल मुक्त करने के लक्ष्य को लेकर सुरक्षा एजेंसियों ने अभियान को और तेज कर दिया है। इसी क्रम में सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार और एसटीएफ के आईजी अनूप बिरथरे जिला मुख्यालय चाईबासा पहुंचे, जहां वे नक्सल विरोधी रणनीति को लेकर एक विशेष उच्चस्तरीय बैठक कर रहे हैं। यह बैठक ऑपरेशन मेघाबुरु के तहत नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की योजना को अंतिम रूप देने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय ने झारखंड में नक्सलवाद के खात्मे को लेकर 31 मार्च तक की डेडलाइन तय कर रखी है। फिलहाल फरवरी का महीना चल रहा है और समय बेहद सीमित है। ऐसे में सीआरपीएफ, एसटीएफ और जिला पुलिस ने नक्सल विरोधी अभियानों को और आक्रामक बनाने की पूरी तैयारी कर ली है। गौरतलब है कि हाल ही में सारंडा के जंगलों में हुई बड़ी नक्सली मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने 17 नक्सलियों को मार गिराया था, जिनमें आनंद जैसे कुख्यात माओवादी नेता भी शामिल थे। इस सफलता के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि सारंडा, पोड़ाहाट समेत अन्य घने वन क्षेत्रों में इसी तरह के बड़े और निर्णायक ऑपरेशन आगे भी चलाए जाएंगे।



### नक्सलियों के खिलाफ अभियान और तेज

इस बीच सीआरपीएफ के आईजी साकेत कुमार और एसटीएफ के आईजी अनूप बिरथरे हेलीकॉप्टर से चाईबासा पहुंचे। टाटा कॉलेज मैदान में कोल्हान डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा और एसपी अमित रेणु ने उनका स्वागत किया। इसके बाद मेघाबुरु ऑपरेशन और नक्सल विरोधी अभियानों को लेकर लगातार बैठकों का दौर शुरू हो गया है। प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों का दावा है कि आने वाले दिनों में नक्सलियों के खिलाफ अभियान और तेज होगा तथा क्षेत्र में स्थायी शांति बहाल करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### 'वर्ल्ड डिफेंस शो' > रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने 'इंडिया पवेलियन' का किया उद्घाटन

# भारत ने सऊदी अरब में दिखाई स्वदेशी हथियारों की ताकत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने सऊदी अरब के रियाद में हुए वर्ल्ड डिफेंस शो में स्वदेशी हथियारों के जरिए अपनी ताकत दिखाई है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया, जिसमें भारत में बने हथियारों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने सऊदी अरब के रक्षा उद्योगों और रक्षा मंत्रालय की प्रदर्शनी का भी दौरा किया, ताकि उनकी स्वदेशी तकनीक की समीक्षा की जा सके।

रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ रियाद में 8-9 फरवरी को हुए वर्ल्ड डिफेंस शो में हिस्सा लेने गए थे। उन्होंने सऊदी अरब के सहायक रक्षा मंत्री डॉ. खालिद बिन हुसैन अल-बियारी के साथ दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने सऊदी अरब जनरल अथॉरिटी फॉर डिफेंस डेवलपमेंट के गवर्नर डॉ. फलेह बिन अब्दुल्ला अल-सुलेमान से भी मुलाकात की और भारत के वैश्विक निर्यात केंद्र के तौर पर उभरने पर जोर दिया। मंत्री संजय सेठ ने सऊदी अरब के अधिकारियों को भारत का दौरा करने के लिए आमंत्रित किया, ताकि रक्षा प्रौद्योगिकी के विकास पर चर्चा की जा सके।



रक्षा राज्यमंत्री ने सऊदी अरब के जनरल अथॉरिटी ऑफ मिलिट्री इंडस्ट्रीज के गवर्नर अहमद बिन अब्दुल अजीज अल ओहाली से मुलाकात की और सामरिक सहयोग तथा दोनों देशों के सप्लाई चेन इकोसिस्टम को मजबूत करने के बारे में चर्चा की। उन्होंने भारत की रक्षा क्षमताओं का सीधा अनुभव लेने के लिए एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल के भारत दौरे का भी प्रस्ताव रखा। भारतीय दूतावास में भारतीय और सऊदी डिफेंस कंपनियों के प्रमुखों को दिए अपने भाषण में रक्षा राज्यमंत्री ने डिफेंस जरूरतों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारत और सऊदी अरब के बीच संयुक्त सहयोग के महत्व पर जोर देते हुए 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' विजन के तहत भारत की प्रतिबद्धता जताई।

### यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट और सऊदी राज्य की जन्मभूमि 'दिरिया' का किया दौरा

उन्होंने यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट और सऊदी राज्य की जन्मभूमि 'दिरिया' का भी दौरा किया। बाद में उन्होंने दूतावास में भारतीय प्रवासियों के एक कार्यक्रम को संबोधित किया। अपने भाषण में उन्होंने महिला सशक्तीकरण, हेल्थ और डिजिटल लिटरेसी सहित सभी सेक्टर में 'नेशन फर्स्ट' की वकालत की और सऊदी अरब में रहने वाले भारतीय समुदाय को सहयोग देने के लिए दूतावास के अधिकारियों की तारीफ की।

## पप्पू यादव को 31 साल पुराने मामले में जमानत, दूसरे मामले में रिमांड पर रहेंगे

एजेंसी

**पटना।** बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव को 31 साल पुराने मामले में मंगलवार को एमपी-एमएलए अदालत से जमानत मिल गई। हालांकि, एक अन्य मामले में रिमांड पर लिए जाने के कारण वे फिलहाल बेऊर जेल से बाहर नहीं आएंगे। पप्पू यादव पिछले तीन दिनों से बेऊर जेल में बंद हैं।

जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए पप्पू यादव को दोपहर करीब 12:30 बजे बेऊर जेल से अदालत लाया गया। दोपहर दो बजे एमपी-एमएलए अदालत में सुनवाई शुरू हुई, जहां वे व्हीलचेयर पर बैठे नजर आए।

दरअसल, पप्पू यादव की गिरफ्तारी शुक्रवार को 31 साल पुराने (1995) एक मामले में की गई थी, जिसमें उन पर मकान पर कब्जा करने और जालसाजी के आरोप हैं। सोमवार को उनके अधिवक्ता जमानत याचिका दाखिल करने वाले थे, लेकिन अदालत को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के कारण सभी न्यायिक कार्य स्थगित कर दिए गए थे। सुरक्षा कारणों से अदालत बंद करनी पड़ी, जिससे जमानत समेत अन्य मामलों की सुनवाई टल गई थी। मंगलवार को एमपी-एमएलए अदालत के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-1 के समक्ष मामले की सुनवाई हुई, जिसके बाद सांसद पप्पू यादव को जमानत दे दी गई। उल्लेखनीय है कि पप्पू यादव को शुक्रवार आधी रात पटना के मंदिरी इलाके से गिरफ्तार किया गया था।

# संक्षिप्त खबरें

## बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड में राज्य के खजाने से करीब 10,000 करोड़ रुपये के कथित तौर पर गायब होने के आरोपों को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर राज्य सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए। मरांडी ने कहा कि राज्य के वित्त मंत्री द्वारा बार-बार हिसाब मांगे जाने के बावजूद संबंधित विभागों की ओर से कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री के निर्देश पर इस मामले में अधिकारियों को बैठक बुलाने को कहा गया था, लेकिन न तो बैठक हुई और न ही किसी स्तर पर जवाब देना जरूरी समझा गया। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकारी खजाने से लगातार राशि निकाली जा रही है, लेकिन वह पैसा कहां और किस मद में खर्च हुआ, इसका कोई लेखा-जोखा उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से वित्त मंत्री के निदेशों की खुली अवहेलना की जा रही है, उससे यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि सरकार की ओर से अधिकारियों को चुप्पी साधने का निर्देश दिया गया है। बाबूलाल मरांडी ने सत्ता के केंद्रीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस कोटे के मंत्रियों को पूरी तरह पंगु बना दिया गया है और वे अपने-अपने विभागों में स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की स्थिति में नहीं हैं।उन्होंने कहा कि यह मामला अब राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा का विषय बन चुका है। मरांडी के अनुसार, मुख्य सचिव द्वारा पिछले तीन महीनों से जांच से जुड़ी फाइल को दबाकर रखना और सरकार की ओर से कोई स्पष्ट जवाब न दिया जाना संदेह को और गहरा करता है। नेता प्रतिपक्ष ने स्पष्ट किया कि एक सशक्त विपक्ष की भूमिका निभाते हुए वे इस घोटाले को जनता के सामने लाएंगे और सक्षम जांच एजेंसियों से निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेंगे।

## अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में पीजी कार्यक्रमों के लिए आवेदन शुरू, अंतिम तिथि 22 फरवरी

**रांची।** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए अपने रांची सहित बेंगलूरु और भोपाल कैंपस में संचालित विभिन्न पीजी (एम.ए.) कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिसकी अंतिम तिथि 22 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। रांची कैंपस में अप्लाइड इकॉनॉमिक्स और डेवलपमेंट जैसे विषयों में अध्ययन की विशेष सुविधा उपलब्ध है, जहाँ अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन में बहुविषयी पढ़ाई, कक्षा शिक्षण के साथ फील्ड वर्क और प्रोजेक्ट आधारित सीखने पर जोर दिया जाता है, जिससे विद्यार्थियों को सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों की व्यावहारिक समझ विकसित करने में मदद मिलती है; साथ ही विश्वविद्यालय के अन्य कैंपसों में भी पीजी स्तर पर प्रवेश जारी है, जिससे विभिन्न राज्यों के स्नातक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, शोध, शिक्षा, विकास कार्य, अर्थशास्त्र, सार्वजनिक स्वास्थ्य और जलवायु से जुड़े क्षेत्रों में करियर बनाने का अवसर प्राप्त हो सके।

## प्रदेश भाजपा ने विधायक शशिभूषण मेहता के पिता के निधन पर जताया शोक

**रांची।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के पिता शिवलोचन मेहता के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर दिवंगत शिवलोचन मेहता की आत्मा को शांति प्रदान करें तथा इस दुख की घड़ी में शोकाकुल परिवार को धैर्य एवं साहस प्रदान करें। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी इस दुखद समाचार पर शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। शोक व्यक्त करने वालों में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, राकेश प्रसाद, विकास प्रीतम एवं आरती कुजूर शामिल हैं। इसके अलावा पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, मधु कोड़ा एवं चंपई सोरेन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पी.एन. सिंह, अभयकांत प्रसाद, यदुनाथ पांडेय, डॉ. रविंद्र कुमार राय, डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी एवं दीपक प्रकाश ने भी शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं मुख्य सचेतक नवीन जायसवाल, सचेतक राज सिन्हा, नागेंद्र महतो सहित अन्य नेताओं ने भी दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

## अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने झारखंड राज्य विधिक परिषद चुनाव में किया नामांकन

**रांची।** झारखंड राज्य विधिक परिषद चुनाव की घोषणा के पश्चात परिषद कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। राज्य विधिक परिषद में कुल 25 सदस्यों का चुनाव होता है, जिसमें राज्यभर के अधिवक्ताओं द्वारा 23 सदस्यों का निर्वाचन किया जाता है, जबकि दो सदस्य महिलाओं के लिए नामित होते हैं। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन धनबाद, बोकारो एवं रांची से कई अधिवक्ताओं ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसी क्रम में झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने परिषद सदस्य प्रत्याशी के रूप में परिषद कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के उपरांत अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने कहा कि वे राज्य के अधिवक्ताओं के हित एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्य करने के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में उतरे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राज्य के अधिवक्तागण उन्हें सेवा का अवसर प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के अधिकारों की रक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं को सशक्त बनाने के लिए वे राज्य से लेकर केंद्रीय स्तर तक प्रयास करेंगे। इस अवसर पर अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव, अधिवक्ता वैयव, अधिवक्ता शिवानी, अधिवक्ता तौसिफ, अधिवक्ता आयुष, अधिवक्ता प्रेमचंद त्रिपाठी सहित अन्य अधिवक्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।

## रियाद स्थित भारतीय दूतावास में वर्ल्ड डिफेंसशो 2026 को लेकर कार्यक्रम आयोजित



**रियाद (सऊदी अरब)।** रियाद स्थित भारतीय दूतावास में वर्ल्ड डिफेंस शो-2026 को लेकर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सऊदी अरब की कई प्रमुख रक्षा कंपनियों के साथ-साथ प्रदर्शनी में भाग लेने वाली अनेक भारतीय रक्षा कंपनियों ने भी सहभागिता की। संवाद एवं स्वागत कार्यक्रम के दौरान भारतीय रक्षा उद्योग की क्षमताओं तथा भारत और सऊदी अरब साम्राज्य के बीच मजबूत एवं निरंतर सुदृढ़ हो रहे द्विपक्षीय संबंधों पर विस्तृत विमर्श हुआ। कार्यक्रम को भारतीय रक्षा उद्योग की ओर से आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (एवीएनएल) के निदेशक सत्यव्रत मुखर्जी तथा सोंडोस एडवांस्ड इंडस्ट्री की सीईओ मैडम तरफा अल-मुटैरी ने भी संबोधित किया। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं और संयुक्त भागीदारी को और मजबूत करने पर बल दिया।

## तमाड़ पुलिस ने शंकर हत्या का किया बड़ा खुलासा

# पति-पत्नी गिरफ्तार



संवाददाता

**रांची।** तमाड़ थाना के लोधमा में किसी के द्वारा जहर खा लेने की सूचना पर जांच में गयी पुलिस ने गहरी राज का खुलासा करते हुए पति पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के मुताबिक 9 फरवरी की रात में तमाड़ थाने की पुलिस को सूचना मिली की गांव में शकर नायक जहर खा लिया है, जानकारी मिलते ही पुलिस लोधमा गांव पहुंची जहां बताया गया कि उसे एमजीएम अस्पताल टाटा ले जाया गया है,पता करने पर मालूम हुई की शंकर को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है,इसके बाद शंकर के भाई सुकरा नायक ने चचेरी भाभी गीता देवी और भाई बलदेव और 15 साल की उसकी बेटी सोहिनी कुमारी के खिलाफ हत्या किये जाने का लिखित शिकायत किया, जिस पर पुलिस जांच शुरु की जिसमें यह जानकारी मिली की शंकर के माता पिता 3 साल पहले की मार चुके हैं तब से उसकी चचेरी भाभी ही उसके घर का सारा काम संभाल रही थी, इसी बीच दोनों को एक दूसरे से इश्क हो गया, तब से गीता एक पति के अलावा चचेरे देवर की भी हो गयी, लेकिन शकर शादी करना चाहता था और वह कई जगह लड़की थी देखने गया लेकिन देवर के प्यार की दिवानी भाभी गीता देवी ना तो शंकर की शादी होने देना चाहती थी और ना ही उसका घर बसने देना चाहती थी, इस लिए वह अपने पति बलदेव मछुवा के साथ मिल कर शंकर को मार देने का प्लान बनाया,योजना के तहत 9 फरवरी की देर शाम उसे चाय में कीट नाशक दवा मिला कर पिला दिया गया, चाय पीते ही शंकर की हालत खराब हो गयी, बाद में यह बात गांव में फैल गयी इसके बाद शंकर को आनन फानन में ईलाज के लिए एमजीएम अस्पताल टाटा ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया।

इसके बाद शंकर का शव गांव आते ही पुलिस ने हत्या की मुख्य आरोपी 35 वर्षीय गीता देवी और 38 वर्षीय बलदेव मछुआ को पकड़ कर सलाखों के पीदे पहुंचा दिया।

## वाहन से 9 लाख बरामद



संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के कटहल मोड़ के पास पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध वाहन से 9 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके पर ही पूरी राशि जब्त कर ली।

पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद नकद राशि चुनाव में खर्च करने के उद्देश्य से ले जाई जा रही थी या किसी अन्य कारण से। फिलहाल पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है। निकाय चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि रात के समय भी वाहन जांच अभियान जारी रहेगा, ताकि आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि झारखंड में 23 फरवरी को होने वाले निकाय चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू है। इस अवधि में भारी मात्रा में नकद रखना नियमों के विरुद्ध है। इसी कारण राज्य भर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और चेक पोस्ट व चौक-चौराहों पर लगातार वाहन जांच की जा रही है।

## तैमारा घाटी के पास खाली ट्रक में लगी आग

### बाल-बाल बचे चालक-खलासी



संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची से सटे दशम फॉल थाना क्षेत्र में सोमवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब रांची-टाटा एनएच-33 मार्ग पर तैमारा घाटी के पास सड़क किनारे खड़े एक खाली ट्रक में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ट्रक आग के गोले में तब्दील हो गया। तेज लपटों और धुएं के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।थाना प्रभारी प्रशांत गौरव ने बताया कि ट्रक (संख्या UP66T-7192) जमशेदपुर से रांची की ओर जा रहा था। चालक और खलासी तैमारा घाटी स्थित एक लाइन होटल पर भोजन करने के लिए ट्रक खड़ा कर नीचे उतरे थे। इसी दौरान ट्रक के केबिन से धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ ही मिनटों में आग ने पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि ट्रक खाली था और चालक-खलासी वाहन से बाहर थे, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

## जिला स्तरीय फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ

वरीय संवाददाता

**रांची।** फाइलेरिया मुक्त झारखंड के निर्माण की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रांची मंजूनाथ के दिशा-निर्देश पर फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को उप विकास आयुक्त रांची सौरभ कुमार भुवनिया ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कांके में जिला स्तरीय फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। यह अभियान 25 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत रांची जिले के राहे, सोनहातू, तमाड़ एवं कांके प्रखंडों में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

**दवा सेवन से जुड़ी महत्वपूर्ण सावधानियां**

दवा खाली पेट नहीं लें।

2 वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति दवा नहीं लेंगे।

1 से 2 वर्ष के बच्चों को केवल एल्बेंडाजोल की आधी गोली दी जाएगी।

जिला वेक्टर बोर्न नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शाहिद करीम साबरी ने बताया कि कुछ लोगों में दवा सेवन के बाद हल्के दुष्प्रभाव जैसे सिरदर्द, उल्टी, चक्कर, बुखार या दस्त हो सकते हैं, जो सामान्य हैं और घबराने की आवश्यकता नहीं है।



**चार प्रखंडों में 5.57 लाख लोगों को दवा देने का लक्ष्य**

जिले के 14 प्रखंडों से फाइलेरिया को समाप्त किया जा चुका है, जबकि शेष चार प्रखंडों में वर्तमान में 29 एक्टिव केस पाए गए हैं। इन चार प्रखंडों में 5,57,970 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।दवा वितरण के लिए 619 बूथों का गठन किया गया है, जहां 1,238 दवा प्रदाता तैनात रहेंगे। दवा वितरण सार्वजनिक भवनों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं कॉलेजों में किया जाएगा।

**जागरूकता रथ को दिखाई गई हरी झंडी**

अभियान के तहत उप विकास आयुक्त ने फाइलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ अभियान अवधि में आमजन को बीमारी के लक्षण, बचाव एवं दवा सेवन के महत्व के प्रति जागरूक करेगा।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को फाइलेरिया मुक्त झारखंड के निर्माण की शपथ दिलाई गई। अंत में उप विकास आयुक्त ने विद्यालय की छात्राओं एवं अभियान से जुड़े सभी पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को उनके उत्कृष्ट सहयोग के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**उप विकास आयुक्त ने स्वयं किया दवा सेवन**

अभियान की शुरुआत के अवसर पर उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवनिया ने स्वयं फाइलेरिया की दवा का सेवन किया तथा विद्यालय की छात्राओं सुषमा कुमारी (17 वर्ष) एवं निशा कुमारी (15 वर्ष) को दवा खिलाई। इसके पश्चात सिविल सर्जन सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी दवा का सेवन किया। इस मौके पर श्री भुवनिया ने कहा, फाइलेरिया की दवा पूरी तरह सुरक्षित है। इस बीमारी का इलाज नहीं है, लेकिन समय रहते दवा का सेवन कर इसे रोका जा सकता है। यह रोग व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रभावित करता है, इसलिए सभी नागरिक दवा का सेवन अवश्य करें।

### झारखंड हाई कोर्ट में जस्टिस से नोक-झोंक मामला

## अधिवक्ता ने मांगी माफी, फैसला सुरक्षित



वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में मंगलवार को न्यायामूर्ति राजेश कुमार के साथ नोक-झोंक के मामले में दायर आपराधिक अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत के समक्ष उपस्थित अधिवक्ता महेश तिवारी ने बिना शर्त माफी मांगी, जिसके बाद अदालत ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। मामले की सुनवाई पांच न्यायाधीशों की पूर्ण पीठ ने की, जिसमें मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक के साथ न्यायामूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायामूर्ति रंगन मुखोपाध्याय, न्यायामूर्ति आनंद सेन और न्यायामूर्ति राजेश शंकर शामिल थे।

दरअसल, झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति राजेश कुमार की अदालत में एक मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता महेश तिवारी के साथ हुई नोक-झोंक को उच्च न्यायालय ने गंभीरता से लिया था। इसके बाद अदालत संख्या एक में तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय पूर्ण पीठ ने मामले की सुनवाई की थी।

उस सुनवाई के दौरान न्यायाधीश और अधिवक्ता के बीच हुई नोक-झोंक से संबंधित वीडियो फुटेज भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इस आपराधिक अवमानना मामले में मुख्य न्यायाधीश ने अधिवक्ता महेश तिवारी से घटना को लेकर उनका पक्ष जानना चाहा था, जिस पर उन्होंने कहा था कि उन्होंने पूरे होश में न्यायामूर्ति राजेश कुमार से उक्त बातें कही थीं और उस पर कोई पछतावा नहीं है।

इसके बाद मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पूर्ण पीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अधिवक्ता महेश तिवारी को आपराधिक अवमानना का नोटिस जारी किया था। अधिवक्ता महेश तिवारी ने इस नोटिस को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी थी, लेकिन वहां से उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। मंगलवार की सुनवाई में अधिवक्ता की ओर से बिना शर्त माफी मांगे जाने के बाद उच्च न्यायालय ने मामले में अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया है।

### सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा: जेएसएससी को हाई कोर्ट का निर्देश

## एक सप्ताह में वेबसाइट पर जारी करें सभी अभ्यर्थियों के अंक-कट-ऑफ

संवाददाता

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या 13/2023) से जुड़े मामले में मंगलवार को झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किया है। अदालत ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जेएसएससी को सभी अभ्यर्थियों के प्राप्तांक और विभिन्न श्रेणियों के लिए निर्धारित कट-ऑफ अंक सार्वजनिक करने का आदेश दिया है।

उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने जेएसएससी को निर्देश दिया कि वह एक सप्ताह के भीतर सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थियों के अंक तथा अब तक तय किए गए सभी श्रेणियों के कट-ऑफ अंक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित करे।

दरअसल, इस मामले में राम प्रसाद नामक अभ्यर्थी ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

याचिका में कहा गया कि उनका दस्तावेज सत्यापन (डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन) पहले ही हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद अब तक परीक्षा परिणाम घोषित नहीं किया गया है। साथ ही अभ्यर्थियों को यह जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है कि उन्हें कितने अंक प्राप्त हुए हैं और चयन के लिए विभिन्न श्रेणियों में क्या कट-ऑफ निर्धारित किया गया है।

याचिकाकर्ता की ओर से यह दलील दी गई कि परिणाम और कट-ऑफ से संबंधित जानकारी सार्वजनिक न होने के कारण अभ्यर्थियों में भ्रम और असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जो चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करती है।

मामले की सुनवाई के दौरान झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावल, प्रिंस कुमार और राकेश रंजन ने अदालत के समक्ष आयोग का पक्ष रखा। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

## मछुआरों के लिए तीन दिवसीय क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम का शुभारंभ

- मत्स्य पालन की आधुनिकतम तकनीक से रूबरू हुए मत्स्य कृषक
- सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं व आर्थिक समृद्धि बढ़ाएं: मत्स्य निदेशक



संवाददाता

**रांची।** आईसीएआर, केंद्रीय मत्स्य प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआइएफटी), मुंबई द्वारा अनुसूचित जाति उप योजना (एससीएसपी) के तहत झारखंड के मछुआरों के लिए तीन दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगलवार को मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र शालीमार धुर्वा में किया गया। यह प्रशिक्षण मुंबई अनुसंधान केंद्र, आईसीएआर-सीआइएफटी के वैज्ञानिक डॉ.श्रवण कुमार शर्मा तथा तकनीकी स्टाफ तुलसी वाघमारे के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से मत्स्य पालन की दक्षता, स्थिरता तथा आय में वृद्धि करना है। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों द्वारा झारखंड के गहरे मीठे पानी के जलाशयों के अनुरूप व्यावहारिक और नवीनतम तकनीकों पर बल दिया गया। प्रशिक्षण में तकनीकी सत्रों में फिश एग्रीगेटिंग डिवाइस (एफएडी) के माध्यम से गहरे जलाशयों में डिमर्सल मछली प्रजातियों के प्रभावी दोहन पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त जलाशयों में मत्स्य पालन के लिए वैकल्पिक ईंधन एवं ऊर्जा प्रणालियों (सौर तथा विद्युत चालित) द्वारा मछली पकड़ने वाली नौकाओं की संभावनाओं पर भी प्रकाश डाला गया, जिन्हें जलवायु सहनशील और लागत प्रभावी विकल्प के रूप में प्रस्तुत किया गया। अन्य व्याख्यानों में मछलियों के पोषण संबंधी पहलुओं, कटाई पश्चात प्रबंधन तथा मूल्य संवर्धन तकनीकों की जानकारी दी गई, जिससे मछली उत्पादों की गुणवत्ता और बाजार मूल्य में वृद्धि की जा सके। साथ ही, अंतदेर्शीय जल निकायों में प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या तथा उसके निवारण हेतु जैव अपघटनीय मछली पकड़ने वाले जालों के उपयोग पर भी चर्चा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम मुंबई अनुसंधान केंद्र, आईसीएआर-सीआइएफटीकी वैज्ञानिक प्रभारी डॉ. आशा केके एवं एससीएसपी नोडल अधिकारी डॉ. सुरेश के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमरेन्द्र कुमार, निदेशक मत्स्य, (झारखंड सरकार) ने मत्स्य कृषकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। प्रशिक्षण में मछुआरों की सक्रिय सहभागिता रही।

उद्घाटन सत्र का समापन तुलसी वाघमारे द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## रूचि, सामर्थ्य और प्रेरणा स्रोत सफलता की कुंजी: रविप्रकाश

वरीय संवाददा

**रांची।** मंगलवार को दसवीं कक्षा के अभिभावकों और बच्चों का मार्गदर्शन और परामर्श सत्र संपन्न हुआ। इस सत्र में प्राचार्य डॉ रविप्रकाश तिवारी जी ने अभिभावकों को बताया कि अभी एक महीने आप अपना सबसे महत्वपूर्ण समय बच्चों के साथ बिताएं। आपका यानी माता पिता का इनको अभी बहुत आवश्यकता है।

थकने पर ,पढ़ने के समय कभी-कभी मनोबल टूटने लगता है , विचारों का बिखराव काम पर असर डालता है। आपके जीवन का सबसे अमूल्य धरोहर में सबसे प्रमुख आपके बच्चे हैं इसलिए आप कोशिश करें कि इन्हीं के आसपास रहें। इनकी समस्याओं को सुनें, फिर सलाह दें। कुछ दिनों में ये ग्यारहवीं में जाएंगे, कौन विषय लेना है , क्या करना है ? कहां से पढ़ना है आदि निर्णयों में आप सलाह दें,पर इन्हें सोचने दें।

सफल वही होता है जो अपनी ताकत, अपनी रूचि और प्रेरणा स्रोत को समझता है। केवल इच्छा से कुछ नहीं होता। आप अपने सामर्थ्य को पहचानें, सही जगह से प्रेरणा लें। हम कुछ न करें,केवल बड़ा बनना चाहें तो सफलता नहीं मिलेगी। हमने कई विषयों को इस वर्ष नया भी जोड़ा है। जैसे हेल्थकेयर, मार्केटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग , रोबोटिक्स एंड ड्रोन टेक्नोलॉजी, इनफौरमेसन टेक्नोलॉजी, फार्मास्युटिकल एंड बायोटेक्नोलॉजी, मेडिकल डायग्नोस्टिक, ब्यूटी एंड विलनेस, फैशन स्टडीज आदि । आप जो विषय चाहते हैं ले सकते हैं परन्तु मेहनत आपको करना है ,यह ध्यान रहे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, बुधवार 11 फरवरी 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत सचिव की आईडी से बने 3000 से अधिक फर्जी जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, एक साल बाद भी कार्रवाई सिफर

चंदनकियारी। झारखंड के सरकारी सिस्टम में बड़ी सेंधमारी का एक गंभीर मामला सामने आया है। चंदनकियारी प्रखंड के पांच पंचायतों- साबड़ा, आमाईनगर, बोरियाडीह, बाटबीनोर और नयावन- में तीन हजार से अधिक फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। यह फजीर्वाड़ा उस समय हुआ जब भरत किशोर प्रसाद इन पंचायतों के पंचायत सचिव के रूप में कार्यरत थे। हैरानी की बात यह है कि घटना उजागर होने के एक साल बाद भी अब तक न तो दोषियों पर कोई ठोस कार्रवाई हुई है और न ही उन प्रमाणपत्रों की असलियत सामने आ पाई है। इस पूरे प्रकरण का खुलासा तब हुआ जब भरत किशोर प्रसाद के तबादले के बाद नई पंचायत सचिव सोनी कुमारी ने प्रभार संभाला। उन्होंने रिकॉर्ड्स की जांच के दौरान पाया कि इतनी बड़ी संख्या में संदेहास्पद प्रमाणपत्र निर्गत किए गए हैं, जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अजय कुमार वर्मा को दी। बीडीओ ने इस संबंध में मई 2025 में ही जिला सांख्यिकी पदाधिकारी को लिखित शिकायत भेजी थी। वहीं, आरोपी पंचायत सचिव ने स्पष्टीकरण में दावा किया है कि उनका 'आईडी और पासवर्ड' हैक कर लिया गया था, जिसकी उन्हें भनक तक नहीं लगी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि ये प्रमाणपत्र किन लोगों के बनाए गए हैं। क्या ये झारखंड के निवासी हैं या किसी अन्य प्रदेश के, और इनका उपयोग किन उद्देश्यों (जैसे नागरिकता, सरकारी लाभ या जमीन जायदाद) के लिए किया गया है, इसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

### पीजीटी हिंदी शिक्षक अरुण पाण्डेय का निधन

**बोकारो।** पूर्वी सिंहभूम स्थित विद्या निकेतन प्लस 2 उच्च विद्यालय, हल्दीपोखर के समर्पित एवं निष्ठावान पीजीटी हिंदी शिक्षक अरुण पाण्डेय का कैंसर बीमारी के कारण असामयिक निधन हो गया है। उनके निधन की खबर से पूरे राज्य के शिक्षा जगत में शोक व्याप्त है। स्वर्गीय पाण्डेय न केवल एक कुशल शिक्षक थे, बल्कि अपनी सरलता, मृदुभाषिता, कर्मनिष्ठा और सेवा के प्रति समर्पण के लिए भी जाने जाते थे। उनके निधन से शिक्षा जगत में गहरा सन्नाटा और मायूसी छाई हुई है। स्व० पाण्डेय के असामयिक निधन पर झारखंड प्लस 2 शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ठाकुर, महासचिव राकेश कुमार, तकनीकी सचिव मृत्युंजय कुमार, पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश कुमार, बोकारो जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, जिला सचिव डॉ० अवनीश कुमार झा, जिला संरक्षक डॉ० अजय कुमार पाठक सहित कौशल कुमार मुखर्जी, धनंजय कुमार, संतोष कुमार महतो, श्वेता कुमारी उपाध्याय, मुकेश कुमार यादव और सतीश पांडेय आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है। इधर, दिवंगत आत्मा की शांति और परिवारजनों को ढांढस बंधाने हेतु बोकारो जिले के पीएम श्री प्लस 2 उच्च विद्यालय कसमार में प्राचार्य फारुक अंसारी के नेतृत्व में एक विशेष शोक सभा आयोजित की गई।

### बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन प्लेटफॉर्म छोटा होने से यात्रियों को परेशानी

**बोकारो।** गोमो-बरकाकाना रेल मार्ग पर स्थित बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्टेशन के दो नंबर प्लेटफॉर्म की लंबाई कम होने के कारण यहाँ रुकने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के चार से पांच कोच प्लेटफॉर्म से बाहर रह जाते हैं। इस समस्या को लेकर बेरमो भाकपा के अंचल मंत्री ब्रज किशोर सिंह ने मंगलवार को हाजीपुर जोन के रेल जीएम और धनबाद मंडल के डीआरएम को पत्र लिखकर प्लेटफॉर्म की लंबाई अविलंब बढ़ाने की मांग की है। पत्र में अंचल मंत्री ने उल्लेख किया है कि इस गंभीर समस्या को लेकर पूर्व में भी रेलवे प्रशासन को कई बार पत्राचार किया जा चुका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरिडीह के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने भी रेलवे को प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने के लिए पत्र लिखा था। स्थानीय स्टेशन के एक नंबर प्लेटफॉर्म की लंबाई तो बढ़ा दी गई है, जिससे यात्रियों को ट्रेनों में चढ़ने और उतरने में काफी सहूलियत हो रही है, लेकिन दो नंबर प्लेटफॉर्म को उपेक्षित छोड़ दिया गया है।

### मेला देखकर लौट रही वृद्धा की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत

बोकारो। बनगड़िया ओपी क्षेत्र के बाट बिनोर के समीप सोमवार की देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय वृद्धा सुबल देवी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका गोमो के हरिहरपुर गांव की निवासी थी। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबल देवी पर्वतपुर निवासी अपने दामाद रंजीत सिंह के घर आई हुई थीं। सोमवार रात वह बाट बिनोर में आयोजित रामराजा मेला सह नवरात्रि संकीर्तन देखकर वापस लौट रही थीं, तभी एक अज्ञात बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वृद्धा को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। दुर्घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

### बाबा तिलका मांझी जयंती समारोह आज

बोकारो। देश की आजादी की लड़ाई में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी की जयंती समारोह बुधवार को को बोकारो के जैनामोड़ चौक स्थित स्टेच्यू स्थल पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) प्रखंड कमिटी द्वारा अत्यंत धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी।

# निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव को ले प्रशासन कटिबद्ध : उपायुक्त

## बोकारो में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन संपन्न, निष्पक्ष चुनाव के लिए 1110 कर्मी तैनात



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** नगर निकाय चुनाव 2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। मंगलवार को समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अजय नाथ झा की अध्यक्षता में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। इस प्रक्रिया में एसपी हरविंदर सिंह, चास नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक श्याम नारायण राम, फुसरो नगर परिषद के सामान्य प्रेक्षक मो. सादात अनवर और व्यय प्रेक्षकों सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से मतदान कर्मियों का चयन किया गया है। वर्तमान में बोकारो जिले में निकाय चुनाव के लिए कुल 1,110 मतदान कर्मियों की आवश्यकता है। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत चास नगर निगम क्षेत्र के 136 मतदान केंद्रों के लिए रिजर्व सहित 750 मतदान कर्मी (150 पार्टी) और फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के 65 मतदान केंद्रों के लिए रिजर्व सहित 360 मतदान कर्मी (72 पार्टी) का चयन किया गया है। इन टीमों में पीठासीन पदाधिकारी (पीओ), पी1, पी2, पी3 और पी4 स्तर के मतदान कर्मी शामिल हैं।

### डीसी ने दिए निष्पक्ष चुनाव के निर्देश

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी अजय नाथ झा ने बताया कि निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ही मतदान कर्मियों का चयन पूरी तरह से कंप्यूटर आधारित रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है, ताकि किसी भी तरह की धांधली की संभावना न रहे। उन्होंने सभी कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा और आयोग के दिशानिर्देशों के अनुसार करने का निर्देश दिया है।

### जीजीईएसटीसी में साइबर सुरक्षा पर महाकार्यशाला

## आईजी, एसपी और डीडीसी ने दिए छात्रों को ऑनलाइन ठगी से बचने के टिप्स



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस 2026 के अवसर पर मंगलवार को गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस, कांड्रा चास में साइबर सुरक्षा को लेकर एक व्यापक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आज के डिजिटल युग में इंटरनेट के जिम्मेदार, सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति छात्रों, अभिभावकों और आम नागरिकों को सचेत करना था। कार्यशाला में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल सुनील भास्कर, पुलिस अधीक्षक (एसपी) हरविंदर सिंह, उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार सहित जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए आईजी श्री भास्कर ने कहा कि डिजिटल युग में इंटरनेट जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसके साथ ही साइबर अपराधों में भी तेजी से वृद्धि हुई है।

## बोकारो में इंटर-स्टील प्लांट क्रिकेट चैंपियनशिप शुरू, पहले मैच में ही बीएसएल ने दुर्गापुर को हराया



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** स्टील सिटी बोकारो के क्रिकेट स्टेडियम में मंगलवार को खेलों का उत्साह चरम पर रहा, जब बोकारो इस्पात संयंत्र द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इंटर-स्टील प्लांट क्रिकेट चैंपियनशिप 2025-26 का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी सह कार्यकारी अधिशासी निदेशक वित्त एवं लेखा एस. के. भारद्वाज ने इस चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नगर सेवाओं के सीजीएम कुंदन कुमार, संपर्क एवं प्रशासन के महाप्रबंधक सी. आर. के. सुधांशु और सीईडी के महाप्रबंधक ए. के. अविनाश सहित स्टील प्लांट के कई वरिष्ठ अधिकारी और क्रिकेट प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री भारद्वाज ने खेल के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पेशेवर जीवन का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह चैंपियनशिप न केवल कर्मचारियों को शारीरिक रूप से फिट रखती है, बल्कि विभिन्न स्टील प्लांटों के बीच टीम भावना, सहयोग और एकता को भी सुदृढ़ करती है। इस गौरवशाली प्रतियोगिता में देशभर के प्रमुख स्टील प्लांटों की कुल नौ टीमें भाग ले रही हैं, जिन्हें तीन अलग-अलग समूहों में विभाजित किया गया है। प्रतियोगिता के समूह-ए में आरआईएनएल-विशाखापत्तनम, टाटा स्टील और राउरकेला स्टील प्लांट की टीमें शामिल हैं, जबकि समूह-बी में सलेम स्टील प्लांट, जेएसडब्ल्यू-बेल्लारी और भिलाई स्टील प्लांट के बीच मुकाबला होगा। वहीं मेजबान बोकारो स्टील प्लांट को समूह-सी में इस्को स्टील प्लांट और दुगार्पुर स्टील प्लांट के साथ रखा गया है। 14 फरवरी 2026 तक चलने वाले इस टूनार्मेंट के पहले ही दिन मैदान पर बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। चैंपियनशिप के पहले ही दिन राउरकेला स्टील प्लांट ने शानदार खेल दिखाते हुए टाटा स्टील को 6 विकेट से पराजित किया, जबकि एक अन्य मैच में जेएसडब्ल्यू-बेल्लारी ने भिलाई स्टील प्लांट पर 8 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। वहीं, स्थानीय दर्शकों के उत्साह के बीच मेजबान बोकारो स्टील प्लांट ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दुगार्पुर स्टील प्लांट को 35 रनों से करारी शिकस्त दी।

## निगम चुनाव में पेड न्यूज पर रहेगी पैनी नजर

### एमसीएमसी ने मीडिया प्रतिनिधियों को दिए अहम दिशा-निर्देश



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। मंगलवार को सूचना भवन में आयोजित एक विशेष प्रेस ब्रिफिंग में मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश साझा किए। इस अवसर पर उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन के दौरान पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखने के लिए गठित मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) पूरी तरह सक्रिय है और राज्य निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। मीडिया संवाद के दौरान पोस्टर, पंपलेट और अन्य प्रचार सामग्री के मुद्रण को लेकर आयोग के सख्त निर्देशों की जानकारी दी गई। नोडल पदाधिकारी ने कहा कि अब कोई भी प्रिंटर प्रकाशक के नाम और पते के बिना चुनाव संबंधी सामग्री नहीं छाप सकता है। सभी प्रचार सामग्रियों पर प्रिंटर और प्रकाशक का नाम व पता अंकित करना अनिवार्य है, अन्यथा इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मीडिया के सभी प्रतिनिधियों से प्रत्याशियों से संबंधित समाचारों के प्रकाशन अथवा प्रसारण के दौरान राजनीतिक दलों के नामों का उल्लेख करने से परहेज करने की अपील भी की। जिला प्रशासन ने मीडिया के माध्यम से जिले के सभी नागरिकों से आगामी 23 फरवरी 2026 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। मतदान का समय प्रातः 07 बजे से अपराह्न 05 बजे तक निर्धारित किया गया है। मीडिया से अनुरोध किया गया है कि वे मतदाताओं तक मतदान की तिथि और समय की जानकारी पहुंचाकर इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। नोडल पदाधिकारी ने मीडिया संस्थानों से अपील की कि वे निष्पक्ष, तथ्यपरक और जिम्मेदार पत्रकारिता करते हुए चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने में प्रशासन का सहयोग करें।

### मिथिला अकादमी को आईडीबीआई बैंक ने दिए 10 सिलिंग फैन

## बेहतर माहौल में ही होगी छात्रों की बेहतर पढ़ाई : शाखा प्रमुख



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** मिथिला सांस्कृतिक परिषद की ओर से संचालित मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल, बोकारो में मंगलवार को सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की एक अनूठी मिसाल देखने को मिली। आईडीबीआई बैंक, बोकारो की ओर से स्कूल को दस सिलिंग फैन प्रदान किए गए। बैंक के शाखा प्रमुख प्रवीण कुमार और उनके सहयोगी शशिकान्त ने स्कूल प्रबंधन को ये पंखे सौंपते हुए कहा कि बैंक का उद्देश्य केवल व्यवसाय करना नहीं, बल्कि अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों को निभाना भी है। उन्होंने आशा जताई कि इन पंखों के लगने से स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को और अधिक आरामदायक और बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सकेगा। इस अवसर पर स्कूल के प्रभारी प्राचार्य देव दुलाल मित्रा ने बैंक के इस उदार सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। स्कूल के अध्यक्ष श्री राजेंद्र कुमार ने बैंक की भूमिका की सराहना करते हुए सामाजिक क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को और अधिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का आह्वान किया। स्कूल के सचिव दिलीप कुमार झा ने बताया कि आने वाले गर्मी के मौसम में ये पंखे बच्चों की पढ़ाई में आने वाली परेशानियों को कम करेंगे और उन्हें बेहतर वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

## बोकारो स्टील प्लांट के प्रोपेन प्लांट-1 में स्वचालित स्प्रिंकलर सिस्टम का उद्घाटन, कार्बन उत्सर्जन में आएगी कमी



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र ने पर्यावरण संरक्षण और कार्यस्थल की सुरक्षा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संयंत्र के प्रोपेन प्लांट-1 में अत्याधुनिक स्वचालित स्प्रिंकलर सिस्टम का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त द्वारा किया गया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर उपयोगिता विभाग के मुख्य महाप्रबंधक श्री एस. आर. सिंह, गैस उपयोगिताएं विभाग के महाप्रबंधक एस. गुप्ता, अरुण चौहान, राजीव सिंह, वी. के. शर्मा सहित विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। इस नई तकनीक से न केवल कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद मिलेगी, बल्कि प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था भी अधिक सुदृढ़ होगी। गौरतलब है कि प्रोपेन प्लांट-1 में रोड टैंकरों से लिक्विड प्रोपेन की अनलोडिंग को सुरक्षित तरीके से करने के लिए पहले स्प्रिंकलर सिस्टम का उपयोग किया जाता था, जिसे संचालित करने के लिए 160 किलोवाट की भारी-भरकम मोटर वाले पंप की आवश्यकता होती थी। इस पंप के चलने से ऊर्जा की खपत बहुत ज्यादा होती थी और साथ ही कार्बन उत्सर्जन भी होता था। इसी चुनौती को देखते हुए, मुख्य महाप्रबंधक उपयोगिताएं श्री एस. आर. सिंह के मार्गदर्शन और गैस उपयोगिताएं के महाप्रबंधक अरुण चौहान के नेतृत्व में इस सिस्टम को स्वचालित और अधिक दक्ष बनाने का निर्णय लिया गया। इस पूरी परियोजना को गैस उपयोगिता विभाग की मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल टीम द्वारा पूरी तरह से आंतरिक संसाधनों का उपयोग करते हुए योजनाबद्ध तरीके से क्रियान्वित किया गया। उपप्रबंधक गैस उपयोगिताएं आर. एन. देव और मनीष स्नेही की देखरेख में इस टीम ने पुरानी प्रणाली को बदलकर नई स्वचालित प्रणाली स्थापित की।

### पाइपलाइन खुदाई की धूल से कॉलोनीवासियों का जीना मुहाल

बोकारो। बोकारो थर्मल की आवासीय कॉलोनियों में इन दिनों उड़ती धूल ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। एसटीपी का कार्य करने वाली कंपनी द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए की गई सड़कों की खुदाई के बाद वहां छोड़ी गई मिट्टी से पैदा हुई धूल से प्रदूषण का स्तर खतरनाक हद तक बढ़ गया है। झारखंड चौक से लेकर रेलवे गेट, झारखंड चौक से अंबेडकर नगर कॉलोनी और पुराने बी प्लांट चौराहा तक सड़कों पर पसरी मिट्टी वाहनों के गुजरते ही धूल के गुबार में बदल रही है, जिससे पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए सांस लेना और चलना दूभर हो गया है। आरोप है कि कंपनी ने पाइपलाइन बिछाने का कार्य समाप्त होने के बाद जेसीबी से गड्ढे तो भर दिए, लेकिन सड़कों पर बची हुई भारी मात्रा में मिट्टी को साफ करने की जहमत नहीं उठाई। इसी का परिणाम है कि वाहनों के आवागमन से यह मिट्टी अब जानलेवा धूल बन गई है।

### लैंगिक समानता की ओर वेदांता का बड़ा कदम

## वेदांता में अब अहम भूमिकाओं के लिए 50 फीसदी महिलाओं की होगी बहाली



### विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित में 35 फीसदी हुई भागीदारी

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** अंतरराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस 11 फरवरी की पूर्व संध्या पर वेदांता लिमिटेड ने विनिर्माण और खनन जैसे क्षेत्रों में लैंगिक असमानता को दूर करने की दिशा में बड़ी घोषणा की है। कंपनी ने जानकारी दी है कि वर्तमान में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (स्टेम) से जुड़ी फ्रेशर भर्तियों में महिलाओं की भागीदारी 35% से अधिक हो चुकी है।

यदि नेतृत्व और प्रबंधन स्तर को भी जोड़ लिया जाए, तो यह आंकड़ा 45% तक पहुंच गया है। इस उपलब्धि को और आगे बढ़ाते हुए वेदांता ने अब इस वर्ष से एसटीईएम भूमिकाओं में 50% महिलाओं की भर्ती करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह पहल धातु, खनन और ऊर्जा जैसे पारंपरिक रूप से पुरुष-प्रधान क्षेत्रों में एक क्रांतिकारी बदलाव के रूप में देखी जा रही है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंतरराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस 2026 की थीम 'विज्ञान और नवाचार में लैंगिक समानता को तेज करना' के अनुरूप यह कदम अत्यंत प्रासंगिक है। गौरतलब है कि भारत में स्टेम स्नातकों में महिलाओं की संख्या 40-45% होने के बावजूद वैश्विक कार्यबल में उनकी भागीदारी अभी भी 30% से कम है, जिसे सुधारने में वेदांता की यह नीति सहायक सिद्ध होगी।

# डीपीएस बोकारो के मंच पर उतरे हुनर के नन्हे सितारे, कलात्मक प्रतिभा से किया मंत्रमुग्ध



### 'लिटिल स्टार कॉन्टेस्ट' में गायन-वादन, नृत्य व चित्रांकन की आकर्षक प्रस्तुतियों ने मोहा

झारखंड दर्शन संवाददाता

**बोकारो।** किसी ने सच ही कहा है, प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो की प्राइमरी इकाई में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं ने अपनी कलात्मक प्रतिभा की ऐसी चमक बिखेरी कि सभी मंत्रमुग्ध हो उठे। अवसर था डीपीएस बोकारो लिटिल स्टार कॉन्टेस्ट का, जिसमें सुर, ताल और रंगों का अद्भुत संगम दिखा। तीसरी से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थी मंच पर नन्हे सितारों के रूप में उतरे तथा गायन-वादन और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों से खूब समां बांधा। नृत्य व संगीत में जिस अंदाज में रूहदारी, बारीकी और परिपक्वता से साथ उन्होंने सुर, ताल और लय पर अपनी पकड़ दिखाई, उसने सभी का मन मोह लिया। वहीं, दृश्यकला (विजुअल आर्ट) में रंगों के अद्भुत सम्मिश्रण से उन्होंने अपनी कल्पना को कैनवास व कागजों पर उकेरकर सबकी भरपूर सराहना पाई।

### नवण्या, श्रेया, सिया और रुचिका ने मारी बाजी

कॉन्टेस्ट के फाइनल राउंड की यह कड़ी एकल वाद्ययंत्र-वादन से शुरू हुई, जिसमें बच्चों ने तबला, की-बोर्ड और गिटार पर अपनी कलाकारी दिखाई। कक्षा 4 की छात्रा नवण्या चिदार ने सिंथेसाइजर (कीबोर्ड) पर नयना दा क्या कसूर वे कसूर... की आकर्षक धुन बजाकर पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि इसी कक्षा के छात्र अरुणाव रॉय जय हो... धुन बजाकर दूसरे और पांचवीं के कुमार आलेख तबले पर तीन ताल बजाकर तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार एकल गायन में चौथी की छात्रा श्रेया झा ने बड़ा नटखट है रे कृष्ण कन्हैया... की सुरीली प्रस्तुति कर प्रथम स्थान जीता। दूसरे स्थान पर रही कक्षा- 5 की दृष्टि मधु ने नैनों में बदरा छाए... तथा तीसरा स्थान पाने वाले इसी कक्षा के अनमोल कुमार ने मेरा जूता है जापानी... गाकर सबकी खूब तालियां बटोरीं। नृत्य में चौथी कक्षा की सिया केजरीवाल ने अलबेला सजन... गीत पर भावपूर्ण नृत्य की प्रस्तुति कर प्रथम स्थान पाया। द्वितीय स्थान पर रही पांचवीं की सुचिस्मिता महतो ने हमपे ये किसने हरा रंग डाला... गीत पर और तीसरी कक्षा की आध्या गुप्ता ने अर्धनारीश्वर महादेव पर आधारित नृत्य से मन मोह लिया। चौथी कक्षा की आधृति दलुई और यक्षिता राय संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं, जिन्होंने क्रमशः देवी दुर्गा के रूप में राक्षसों का संहार और पिता के आदर का संदेश देता नृत्य प्रस्तुत कर खूब सराहना पाई। इसी प्रकार, दृश्य कला (एकल) के तहत रंगों और कल्पना के मुकाबले में कक्षा 5 की रुचिका शर्मा पहले, प्रार्थी मुर्मू दूसरे और अमरीशा सिंह तीसरे स्थान पर रहीं। निर्णायकों में सीनियर इकाई के कला शिक्षक कामिनी कांत स्वैन, मृत्युंजय भट्टाचार्य, शुभोजीत मिश्रा और नितेश कुमार शामिल रहे।

### प्राचार्य ने दिया मंत्र, कहा- प्रतिस्पर्धा दूसरों से नहीं, स्वयं से करें

विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने मंगलवार को विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि जीत का अर्थ दूसरों से आगे निकलना नहीं, बल्कि हर बार खुद को कल से बेहतर बनाना है। प्रतिस्पर्धा खुद से करनी है। उन्होंने बच्चों को अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ अकादमिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में संतुलन बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यही प्रतिभाएं भविष्य में उनके व्यक्तित्व को आकार देंगी। उन्होंने कहा कि डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करने को लेकर उनकी प्रतिभा निखारने का हर अवसर और मंच प्रदान करता है। ऐसे आयोजनों से एक तरफ जहां उनकी छिपी प्रतिभा उजागर होती है, वहीं उनमें आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता का भी विकास होता है। मौके पर प्राइमरी इकाई की प्रधानाध्यापिका सुनीता भारद्वाज एवं ममता त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सेवानिवृत्त बीसीसीएल कर्मी की बेटी अर्चना कुमारी बनीं सहायक प्रोफेसर, क्षेत्र में खुशी की लहर



**चंद्रपुरा।** कड़ी मेहनत, लगन और निरंतर परिश्रम का परिणाम एक बार फिर सामने आया है। बीसीसीएल के सेवानिवृत्त कर्मी एवं न्यू बीसीसीएल कॉलोनी, दुगदा निवासी राजेंद्र राम की पुत्री कुमारी अर्चना कुमारी ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर सहायक प्रोफेसर बनने का गौरव हासिल किया है। अर्चना कुमारी ने यूजीसी नेट परीक्षा में 158 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर यह सफलता अर्जित की है। कुमारी अर्चना की प्रारंभिक शिक्षा दुगदा स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल से हुई। इसके पश्चात उन्होंने संट जेवियर्स कॉलेज, रांची से स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने शिक्षण क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने का संकल्प लिया और कठिन परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया। बेटी की इस बड़ी उपलब्धि पर पिता राजेंद्र राम एवं माता मीना देवी ने मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और ईश्वर को धन्यवाद दिया। अर्चना की सफलता से पूरे न्यू बीसीसीएल कॉलोनी क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सहायक प्रोफेसर बनने की सूचना मिलते ही कॉलोनीवासियों एवं शुभचिंतकों ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में देवानंद चौहान, राजेश कुमार, राजेश चौधरी, जीवन चौहान, विजय कुमार, नरेश कुमार, श्यामसुंदर मोदी सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। सभी ने अर्चना के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एटीएम ठगी का नया तरीका, 31 हजार की ठगी



**हंटरगंज।** हंटरगंज में एटीएम से ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। ठगों ने शातिराना तरीके से एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर एक व्यक्ति के खाते से 31 हजार रुपये उड़ा लिए। इस घटना ने क्षेत्र में एटीएम सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, ठगों ने एटीएम मशीन के कार्ड स्लॉट में फेविक्विक लगाकर कार्ड फंसाने की व्यवस्था कर दी थी। साथ ही एटीएम कक्ष की दीवार पर फर्जी हेल्पलाइन नंबर लिख दिया गया था। जैसे ही कोई ग्राहक पैसे निकालने पहुंचता और उसका कार्ड मशीन में फंसता, वह मदद के लिए दीवार पर लिखे नंबर पर फोन कर देता। मंगलवार को तिलहेत निवासी रामावतार भुईयां हंटरगंज मेन बाजार स्थित वन इंडिया एटीएम से रुपये निकालने पहुंचे। एटीएम में कार्ड डालते ही उनका कार्ड मशीन में फंस गया। इसके बाद उन्होंने दीवार पर लिखे हेल्पलाइन नंबर पर कॉल किया। फोन रिसीव करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंककर्मी बताते हुए पीड़ित से पिन नंबर डालने को कहा। ठग के निर्देश पर जैसे-जैसे पीड़ित पिन दबाता गया, वैसे-वैसे उसके खाते से 31 हजार रुपये निकालकर ठगों ने अपने खाते में स्थानांतरित कर लिए। ठग ने पीड़ित को सहायता के बहाने जोरी आने को कहा, लेकिन वहां कोई मौजूद नहीं मिला। जब पीड़ित वापस लौटा, तब तक उसके मोबाइल पर खाते से 31 हजार रुपये की निकासी का संदेश आ चुका था।

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन 2026 का भव्य आयोजन, देश-विदेश की नामी हस्तियों ने की शिरकत



**गिरिडीह।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० रणधीर कुमार के नेतृत्व में नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन 2026 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अधिवेशन में देश-विदेश से आए प्रशासनिक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, कानून विशेषज्ञ और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने व्यापक सहभागिता की। उद्घाटन सत्र में रूस दूतावास की प्रथम सचिव क्रिस्टीना अनानीना ने मुख्य अतिथि के रूप में मानवाधिकारों को वैश्विक शांति और आपसी सहयोग की आधारशिला बताया। कार्यक्रम में स्मारिका का विमोचन किया गया। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड से जुड़े अधिकारी पंकज कुमार, पूर्व राज्यसभा सांसद दुष्यंत गौतम तथा संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक जय प्रकाश निषाद ने मानवाधिकारों को लोकतंत्र की आत्मा बताया। अधिवेशन में दो प्रमुख पैनल चचाएं आयोजित की गईं। पहली चर्चा अपराध नियंत्रण बनाम मानवाधिकार विषय पर हुई, जबकि दूसरी चर्चा डिजिटल युग में मानवाधिकार विषय पर केंद्रित रही। समापन सत्र में वक्ताओं ने मानवाधिकार संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। अधिवेशन का समापन संवैधानिक मूल्यों, मानव गरिमा और सामाजिक न्याय के संकल्प के साथ हुआ।

### राजेंद्र प्रसाद वर्मा को भारत गौरव प्रतीक सम्मान 2026 मिला, मानवाधिकार क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मिली पहचान



**गिरिडीह।** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद वर्मा को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार अधिवेशन 2026 के दौरान भारत गौरव प्रतीक सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें मानवाधिकार संरक्षण, सामाजिक न्याय एवं संगठनात्मक नेतृत्व के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। पुरस्कार राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० रणधीर कुमार, रूस दूतावास की प्रथम सचिव क्रिस्टीना अनानीना एवं राज्यसभा सांसद जय प्रकाश निषाद द्वारा संयुक्त रूप से प्रदान किया गया। राजेंद्र प्रसाद वर्मा द्वारा मिड-डे मील योजना, अवैध बिजली बिल, अवैध खनन, खाद्य सुरक्षा में अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध किए गए संघर्ष को विशेष रूप से सराहा गया। इसके साथ ही बिरनी प्रखंड में सड़क निर्माण की स्वीकृति दिलाने में उनकी भूमिका को भी महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद श्री वर्मा ने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि संगठन और सहयोगियों की सामूहिक सफलता है। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन के पदाधिकारियों एवं मीडिया बंधुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दुगदा मार्केट में अवैध बिजली कनेक्शन के खिलाफ सख्त कार्रवाई

# दर्जनों दुकानों व घरों की बिजली काटी गई

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चंद्रपुरा।** बीसीसीएल की दुगदा कोलवाशरी परियोजना पदाधिकारी अमित कुमार के निर्देश पर विद्युत विभाग द्वारा दुगदा मार्केट एवं आसपास के क्षेत्रों में अवैध विद्युत कनेक्शन के खिलाफ सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे दर्जनों दुकानों एवं घरों के कनेक्शन काटे गए, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार दुगदा गोलाई एवं दुगदा मार्केट क्षेत्र में कई दुकानदारों द्वारा विद्युत पोल से सीधे हुक लगाकर अवैध तरीके से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। 220 वोल्ट के विद्युत पोल से हुक लगाने के कारण अक्सर तार टूटकर नीचे गिर जाते थे, जिससे हर समय बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में इसी तरह के अवैध विद्युत कनेक्शन के कारण तार टूटने से आधा दर्जन से अधिक दुकानें जलकर राख हो गई थीं, जिससे भारी आर्थिक नुकसान हुआ था। इसके बावजूद अवैध कनेक्शन जारी रहने के कारण विद्युत विभाग को यह सख्त कदम उठाना पड़ा। अभियान के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर अवैध कनेक्शनों को काटा। इस कार्रवाई में विद्युत अभियंता अभिषेक कुमार, प्रशासनिक पदाधिकारी संदीप मुखोपाध्याय, विद्युत फोरमैन इंचार्ज एस.के. मिश्रा, कौशलेंद्र पासवान, रजनीकांत मिश्रा, आर.पी. तुरी, विशेश्वर राम, राणा रंजित, चंदन सिंह, मनोज कुमार सिंह सहित सीआईएफ के जवान एवं दुगदा थाना पुलिस भी मौजूद रही। विद्युत विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अवैध कनेक्शन से बचें और नियमानुसार विद्युत कनेक्शन लें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

## फाइलेरिया उन्मूलन केंद्र का अनिल अग्रवाल ने किया शुभारंभ

झारखंड दर्शन संवाददाता



**बेरमो।** बेरमो प्रखंड अंतर्गत जरीडीह बाजार स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 38 में समाजसेवी सह झामुमो नेता अनिल अग्रवाल ने फाइलेरिया की दवा का खुराक लोगों खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया का उन्मूलन ईमानदारी से क्षेत्र में कार्य करने से संभव है। केंद्र में बताया गया कि फाइलेरिया से बचने का एकमात्र उपाय दवा का सेवन करना है। एक बार कोई व्यक्ति इस रोग की चपेट में आ जाता है, तो इससे छुटकारा पाना बहुत मुश्किल होता है। फाइलेरिया को आमतौर पर हाथी पांव के नाम से जाना जाता है। यह क्युलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह दूसरी सबसे ज्यादा दिव्यांग एवं कुरूपता करने वाली बीमारी है। इलाज के लिए दी जाने वाली डीईसी एवं एल्बेंडाजोल की दवा वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाईजेशन द्वारा जांची और परखी हुई है। यह पूरी तरह से लाभकारी है। दवा खाने के बाद कभी-कभी सर दर्द, उल्टी या बुखार हो जाने पर घबराने की बिलकुल जरुरत नहीं है। वास्तव में जिस व्यक्ति में पूर्व से फाइलेरिया का संक्रमण रहता है, उनमें यह लक्षण हो सकते हैं।

## इश्क, रंजिश और खूनी खेल : महिला की गोली मारकर हत्या, पूर्व पति सहित तीन पर आरोप

झारखंड दर्शन संवाददाता



**हंटरगंज।** हंटरगंज थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक महिला की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई। यह सनसनीखेज वारदात गायघाट गांव के महोगोदवा टोला की है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। मृतका की पहचान योगेंद्र भुइयां की 25 वर्षीय पत्नी पूनम कुमारी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार देर शाम पूनम कुमारी अपनी पांच वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी के साथ घर से लगभग 100 मीटर दूर कुएं से पानी भरने गई थी।

इसी दौरान तीन आरोपी वहां पहुंचे और महिला के सीने में गोली मार दी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ी। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए। डरी-सहमी बच्ची किसी तरह घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। हंटरगंज थाना प्रभारी प्रभात कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

मृतका के वर्तमान पति योगेंद्र भुइयां ने थाने में आवेदन देकर पूनम के पूर्व पति किशोरी भुइयां एवं उसके दो साथियों पर हत्या का आरोप लगाया है। योगेंद्र ने बताया कि पूनम की पहली शादी किशोरी भुइयां से हुई थी, लेकिन आपसी मतभेद के कारण पंचायत के निर्णय के बाद उन्होंने छह वर्ष पूर्व पुनः विवाह किया था। तभी से किशोरी भुइयां रंजिश में था और लगातार धमकियां दे रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग एवं आपसी विवाद से जुड़ा प्रतीत होता है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा। इस घटना ने समाज में रिश्तों के नाम पर बढ़ती हिंसा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## नगर निगम चुनाव में भाजपा बागियों पर सख्ती के संकेत, प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने दी कड़ी चेतावनी



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम चुनाव की तैयारियां तेज होने के बीच भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू गिरिडीह पहुंचे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक कर नगर निगम चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा की।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी के भीतर बगावत को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि संगठन पूरी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। जो भी कार्यकर्ता या नेता पार्टी अनुशासन के विरुद्ध कार्य करेगा, उसके खिलाफ उचित और कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा एक अनुशासित संगठन है, जहां संगठन और विचारधारा सर्वोपरि है।

उन्होंने कहा कि भले ही नगर निगम चुनाव स्थानीय स्तर का हो, लेकिन पार्टी की मयार्दा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। बागी उम्मीदवारों को लेकर जल्द ही निर्णय सार्वजनिक किया जाएगा। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए आदित्य साहू ने कहा कि कांग्रेस वंशवाद की राजनीति करती है, जहां परिवार और चहेतों को प्राथमिकता दी जाती है, जबकि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है, जहां मेहनत और निष्ठा के आधार पर कोई भी आगे बढ़ सकता है। प्रदेश अध्यक्ष के इस बयान से गिरिडीह की राजनीति में हलचल तेज हो गई है।

## नीति आयोग के संपूर्णता अभियान 2.0 का चतरा में भव्य शुभारंभ



झारखंड दर्शन संवाददाता

**चतरा।** नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित इंडिकेटरों में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ मंगलवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त कीर्ति श्री, विधायक जनार्दन पासवान, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा एवं सिविल सर्जन डॉ० जगदीश प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।|इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं आधारभूत सेवाओं से संबंधित सभी पात्र लाभुकों तक योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है। अभियान के तहत आकांक्षी जिला के पांच एवं आकांक्षी प्रखंड के छह प्रमुख इंडिकेटरों पर विशेष फोकस करते हुए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की गई है।

उपायुक्त ने कहा कि संपूर्णता अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संतृप्ति आधारित प्रशासनिक सोच है, जिसके माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे। विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि नीति आयोग के मार्गदर्शन में चतरा जिला निरंतर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है और इस अभियान से आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। जिला परिषद अध्यक्षा एवं उपाध्यक्ष ने भी अभियान को जिले के समग्र विकास की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहिया दीदी एवं पंचायत स्तर के कर्मी उपस्थित रहे।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर चतरा में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चतरा।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर विकास भवन स्थित जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता उपायुक्त कीर्ति श्री ने की। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन उपायुक्त, विधायक जनार्दन पासवान, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी एवं जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने मानव जीवन को सरल बनाया है, लेकिन इसके उपयोग में सावधानी और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शॉर्टकट से पैसे कमाने के लालच में लोग अपनी गाढ़ी कमाई मिनटों में गंवा देते हैं। साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट, अधिक रिटर्न का झांसा देकर निवेश, ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म सहित नए-नए तरीकों से लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने सुरक्षित वित्तीय लेन-देन पर जोर देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल चार्जिंग और सार्वजनिक वाई-फाई के उपयोग से बचना चाहिए। अनजान नंबरों से आने वाले व्हाट्सएप कॉल, वीडियो कॉल या अंतरराष्ट्रीय कॉल को रिसीव न करें तथा अनजान व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें।

उपायुक्त ने बताया कि यदि साइबर ठगी की घटना होती है तो तत्काल 1930 पर कॉल करें और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि ट्रांजेक्शन को समय रहते ब्लॉक किया जा सके। देरी होने पर गोल्डन आवर समाप्त हो जाता है, जिससे राशि वापस मिलने की संभावना कम हो जाती है। कार्यशाला में प्रतिभागियों को ओटीपी, पिन, आधार, पैन एवं बैंक संबंधी जानकारी साझा न करने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने तथा भुगतान प्राप्त करने के नाम पर क्यूआर कोड स्कैन न करने की सलाह दी गई। इस दौरान एआई, सोशल मीडिया, साइबर थ्रेट्स, डीपफेक, व्हाट्सएप सिक्योरिटी और डिजिटल अरेस्ट जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिले के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का 23 वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया गया



**चतरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, हफुआ में मंगलवार को विद्यालय का 23वां स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं विद्यालय ध्वज फहराने के साथ किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक जनार्दन पासवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य अशोक कुमार शर्मा, विनोद कुमार यादव, अध्यक्ष दीनानाथ सिंह, सचिव अभय नारायण सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया, जिनके बच्चों ने शैक्षणिक उपलब्धियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के आचार्य अरविंद कुमार सिंह ने विद्यालय का वार्षिक वृत्त प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों में विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार भी प्राप्त होते हैं, जो उन्हें जीवन में श्रेष्ठ नागरिक बनाते हैं। उन्होंने विद्यालय को हर संभव सहयोग देने की घोषणा की। कार्यक्रम के अंत में सचिव ने शुभकामनाएं दीं तथा अध्यक्ष ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जांगी गांव के शिव प्राण-प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की अपार भीड़

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चतरा।** सिमरिया अनुमंडल अंतर्गत ग्राम पंचायत जांगी गांव में आयोजित नौ दिवसीय शिव प्राण-प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। महायज्ञ के तीसरे दिन जांगी गांव सहित चौराही, मंझलीटांड़, हिंसरी, चलकी, जरही समेत आसपास के कई गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे।

श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर भगवान शिव से स्वस्थ जीवन एवं सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। यज्ञ स्थल के आसपास मेले का भी भव्य आयोजन किया गया है, जहां झूला, नौका झूला, मीना बाजार तथा विभिन्न व्यंजनों की दुकानें आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। रंग-बिरंगी लाइटों, झालरों एवं विद्युत रोशनी से पूरा यज्ञ परिसर जगमगा उठा है। यज्ञ में विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक देखी जा रही है।

संध्या समय भजन-कीर्तन एवं कथा वाचकों द्वारा धार्मिक प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है, जिसे सुनने के लिए श्रद्धालु दूर-दराज के क्षेत्रों से पहुंच रहे हैं और आध्यात्मिक वातावरण का आनंद ले रहे हैं। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया है। यज्ञ समिति के अध्यक्ष आदित्य प्रसाद साहू एवं अन्य सदस्यों ने बताया कि शिव मंदिर का निर्माण एवं महायज्ञ का आयोजन ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास और सहयोग से संभव हो सका है।

## शिक्षा की ज्योत जलाने वाली मंजू आर्यन की 24 वीं पुण्यतिथि दुगदा में श्रद्धा के साथ मनाई गई

झारखंड दर्शन संवाददाता



**चंद्रपुरा।** शिक्षा के क्षेत्र में समाज सेवा की मिसाल बनीं मंजू आर्यन की 24 वीं पुण्यतिथि सीएन इंटर कॉलेज, दुगदा परिसर में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों ने उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्लस टू हाई स्कूल घटियारी के वरीय शिक्षक अखिलानंद प्रसाद महतो रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य कमलेश ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप-प्राचार्य शादाब तरन्नुम ने की।

मुख्य अतिथि अखिलानंद प्रसाद महतो ने अपने संबोधन में कहा कि मंजू आर्यन समाज के गरीब, असहाय एवं पिछड़े वर्ग के लिए एक वरदान थीं। उन्होंने जीवनपर्यंत निःशुल्क शिक्षा के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों के जीवन को नई दिशा देने का कार्य किया। उनका सपना था कि कोई भी गरीब बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मंजू आर्यन के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से मंजू देवी एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी की स्थापना की गई, जो आज भी क्षेत्र में शिक्षा की ज्योत जलाने का कार्य कर रही है और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है। कार्यक्रम में प्रोफेसर कीर्ति चतुर्वेदी, तारा शर्मा, मंजू शर्मा, प्रियंका राय, रेखा सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, कुंदन शर्मा, बबलू कुमार, एस.एन. पांडेय, पूजा कुमारी, बलजीत कौर सहित कई शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### किन्नर समाज से आशीर्वाद लेकर जनसंपर्क अभियान में जुटे महापौर प्रत्याशी अमित कुमार अग्रवाल



**झरिया।** नगर निगम चुनाव के तहत जनसंपर्क अभियान के क्रम में महापौर प्रत्याशी अमित कुमार अग्रवाल किन्नर समाज की प्रदेश सचिव छम-छम देवी के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान सामाजिक समरसता एवं सर्वांगीण विकास का संदेश दिया गया। अमित कुमार अग्रवाल ने कहा कि किन्नर समाज हमारे समाज का अभिन्न एवं महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनके सम्मान, अधिकार और भागीदारी को सुनिश्चित करना प्रत्येक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में सभी वर्गों को समान अवसर एवं प्राथमिकता दी जाएगी और किसी के साथ भेदभाव नहीं होने दिया जाएगा। प्रदेश सचिव छम-छम देवी ने महापौर प्रत्याशी को आशीर्वाद देते हुए चुनाव में सफलता की शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि वे समाज के सभी वर्गों के हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर श्वेता किन्नर, किन्नर समाज के अन्य सदस्य एवं स्थानीय समर्थक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान आपसी संवाद और सौहार्दपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

### नगर निगम चुनाव : वार्ड संख्या 53 में जितेंद्र सिंह जीतू को युवाओं का मिल रहा मजबूत समर्थन



**सिंदरी।** नगर निगम चुनाव को लेकर पूरे क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में सिंदरी नगर निगम के वार्ड संख्या 53 से पार्षद प्रत्याशी जितेंद्र सिंह उर्फ जीतू को युवाओं का व्यापक और उत्साहपूर्ण समर्थन मिल रहा है। वार्ड के युवा पूरी ऊर्जा और जोश के साथ सुबह से देर रात तक जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं और घर-घर जाकर प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटा रहे हैं। जनसंपर्क अभियान के दौरान पार्षद प्रत्याशी जितेंद्र सिंह ने गहरा आत्मविश्वास जताते हुए कहा कि उन्हें वार्ड की जनता का भरपूर समर्थन और आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि जनता पिछले पाँच वर्षों में किए गए विकास कार्यों और जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को भली-भांति समझ रही है और उन्हीं कार्यों के आधार पर अपना समर्थन दे रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जनता विकास कार्यों पर अपनी मुहर लगाएगी। जितेंद्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनका लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं है, बल्कि वार्ड संख्या 53 को एक आदर्श और विकसित वार्ड के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि वे पद पर न रहते हुए भी लगातार क्षेत्र के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्रयासरत रहे हैं। आगे भी युवाओं के हित में कार्य करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

### वार्ड 30-31 में मेयर प्रत्याशी रवि बुंदेला का जनसंपर्क अभियान



**धनबाद।** धनबाद नगर निगम चुनाव को लेकर मेयर प्रत्याशी रवि बुंदेला लगातार जनसंपर्क अभियान तेज किए हुए हैं। इसी क्रम में उन्होंने वार्ड संख्या 30झ31 में हाजी अफजल खान साहब के साथ स्नेहपूर्ण एवं आत्मीय मुलाकात कर स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। यह मुलाकात सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्र के जागरूक एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विक्की खान, महफूज आलम, नदीम खान, छोटे खान, सोनू आलम, लड्डन गद्दी, फैय्याज खान एवं परवेज खान सहित कई सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। । मुलाकात के दौरान क्षेत्र के समग्र विकास, सामाजिक सौहार्द, साफ-सफाई, सड़क, जलापूर्ति, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक और रचनात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जनता से सीधा संवाद, आपसी विश्वास और सामूहिक सहयोग ही विकास की मजबूत नींव रखते हैं। रवि बुंदेला ने विश्वास व्यक्त किया कि वार्ड 30झ31 सहित पूरे धनबाद शहर की जनता के समर्थन और आशीर्वाद से शहर को एक नई दिशा और नई पहचान दी जाएगी। उन्होंने नागरिकों से क्रम संख्या 18, चुनाव चिन्ह हीरा पर मतदान कर विजयी बनाने की अपील की।

### 12 फरवरी को राष्ट्रव्यापी श्रमिक हड़ताल, धनबाद में सभी ट्रेड यूनियनों की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस



**धनबाद।** चार श्रम संहिताओं के विरोध एवं मजदूरों की विभिन्न जनपक्षीय मांगों को लेकर 12 फरवरी को प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी श्रमिक हड़ताल के समर्थन में धनबाद में सभी ट्रेड यूनियनों की ओर से एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वक्ताओं ने कहा कि 9 जुलाई को भी चार लेबर कोड के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल की गई थी, लेकिन सरकार द्वारा मजदूर विरोधी नीतियों में कोई ठोस बदलाव नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त सभी के लिए खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आवास की गारंटी देने, संगठित होने तथा सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार को सुनिश्चित करने, कोयला उद्योग में कमर्शियल माइनिंग पर रोक लगाने, कोयला मजदूरों के लिए 20 लाख रुपये की ग्रेच्युटी लागू करने, जेबीसीसीआई-12 का शीघ्र गठन करने, सभी लैंड लूजर को अविलंब नियोजन देने तथा कोयला ठेकेदारों पर सख्त नियंत्रण लगाने की मांग की गई।

## मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के आवेदनों की विस्तृत समीक्षा

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के जरूरतमंद लाभुकों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय समिति की बैठक उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त आवेदनों की क्रमवार समीक्षा की गई। इसमें तोपचांची प्रखंड से प्राप्त 13 आवेदन, बलियापुर से 3, बाघमारा से 7, एग्यारकुंड से 2, गोविंदपुर से 1 एवं टुंडी प्रखंड से प्राप्त 70 आवेदनों पर विस्तार से विचार किया गया। समीक्षा के उपरांत गंभीर बीमारियों से पीड़ित लाभुकों को चिकित्सा अनुदान स्वीकृत किया गया। इसके तहत कैंसर रोग से पीड़ित आवेदकों को 25,000, हृदय रोग से पीड़ित आवेदकों को 5,000 तथा डिस्लिप्रिडेनिया से पीड़ित आवेदकों को 5,000 की सहायता राशि स्वीकृत की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि जिन रोगों का इलाज सदर अस्पताल में संभव है, वैसे मरीजों का उपचार सदर अस्पताल में ही कराया जाएगा। वहीं कैंसर रोग के लिए अधिकतम 25,000 तथा अन्य बीमारियों के लिए 3,000 से 5,000 तक की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन के अलावा टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो, प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी जियाउल अंसारी, धनबाद विधायक के प्रतिनिधि बाल मुकुंद राम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने पर 239 कर्मियों को शो-कॉज नोटिस

झारखंड दर्शन संवाददाता

**धनबाद।** नगरपालिका आम निर्वाचन-2026 के तहत आयोजित प्रथम प्रशिक्षण सत्र में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के विरुद्ध जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नगरपालिका सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कुल 239 कर्मियों को शो-कॉज नोटिस जारी किया है।

उपायुक्त ने बताया कि नगर निकाय चुनाव के सफल संचालन के लिए उक्त सभी 239 कर्मियों की प्रतिनियुक्ति मतदान दल के कर्मी के रूप में पहले ही की जा चुकी थी तथा उनका नियुक्ति पत्र भी समय पर भेजा गया था। इसके बावजूद वे निर्धारित तिथि को आयोजित प्रशिक्षण सत्र में अनुपस्थित पाए गए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवैधानिक दायित्व से जुड़े कार्य में प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहना गंभीर लापरवाही, कर्तव्यहीनता एवं स्वेच्छाचारिता का परिचायक है। यह न केवल प्रशासनिक अनुशासन का उल्लंघन है, बल्कि संवैधानिक दायित्वों की अवहेलना भी है। इस संबंध में उपायुक्त ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित सभी 239 कर्मियों को 24 घंटे के भीतर अपना लिखित स्पष्टीकरण कार्मिक कोषांग में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। समय पर संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलने की स्थिति में संबंधित कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सिंदरी नगर में भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार का सघन जनसंपर्क अभियान

झारखंड दर्शन संवाददाता



**सिंदरी।** नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा समर्थित प्रत्याशी संजीव कुमार ने सिंदरी नगर क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने वार्ड संख्या 53 एवं 54 का व्यापक दौरा कर आम जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। वार्ड संख्या 53 में संजीव कुमार ने कोल बोर्ड कॉलोनी, हेट कांड्रा, दुर्गा मंदिर, गौशाला बाजार सहित अन्य इलाकों का भ्रमण किया और स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया। वहीं वार्ड संख्या 54 में उन्होंने डोमगढ़, सिंदरी बस्ती के मल्लिक टोला, दुर्गा मंदिर होते हुए पूरी बस्ती का भ्रमण किया। इसके बाद वे अंबेडकर कॉलोनी भी पहुंचे, जहां लोगों ने अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

जनसंपर्क के दौरान मेयर प्रत्याशी संजीव कुमार ने मतदाताओं से अपील की कि वे आगामी चुनाव में क्रमांक 27 पर हरी मिर्च चुनाव चिन्ह पर मोहर लगाकर उन्हें विजयी बनाएं, ताकि वे सिंदरी के समुचित और संतुलित विकास के लिए प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि सिंदरी की जर्जर ड्रेनेज व्यवस्था को सुदृढ़ कराया जाएगा। साथ ही आवास संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सांसद महोदय के साथ मिलकर ठोस पहल की जाएगी। यदि नगर निगम स्तर से किसी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता पड़ी, तो उसे भी सुनिश्चित कराया जाएगा।

सिंदरी में अस्पताल की आवश्यकता पर बोलते हुए संजीव कुमार ने कहा कि इस विषय पर सांसद गंभीर हैं और बहुत जल्द यहां के लोगों को एक बड़ी खुशखबरी मिलने की संभावना है। इसके अलावा उन्होंने शहर के मध्य एक उच्च विद्यालय खोलने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इसके लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। इस जनसंपर्क अभियान में उनके साथ नगर अध्यक्ष अरविंद पाठक, वरिष्ठ नेत्री तारा देवी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, जिला अध्यक्ष मोहन कुंभकार, प्रकाश बाउरी, शैलेश सिंह, राकेश तिवारी, मनोज मिश्रा, सुमन चौधरी, अरविंद खत्री, राघव तिवारी, संजू महतो, गोवर्धन मंडल, ईश्वर यादव, अमित सिंह सहित कई पार्षद प्रत्याशी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मतदान पदाधिकारियों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** नगर निकाय निर्वाचन 2026 के तहत धनबाद नगर निगम एवं चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में होने वाले चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान पदाधिकारियों के प्रथम चरण का प्रशिक्षण मंगलवार को संपन्न हो गया। श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय परिसर में 04 फरवरी से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मतदान पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान कुल 1463 पीठासीन पदाधिकारी, 1417 प्रथम मतदान पदाधिकारी, 1392 द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं 2644 तृतीय मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण सत्र में मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें मतदान दिवस से एक दिन पूर्व की तैयारियां, मतदान के दिन की पूरी प्रक्रिया तथा मतदान संपन्न होने के पश्चात आवश्यक प्रपत्रों एवं दस्तावेजों को भरने की विधि को विस्तार से समझाया गया। अधिकारियों को विशेष रूप से अवगत कराया गया कि नगर निकाय चुनाव में ईवीएम नहीं बल्कि मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान मतदान केंद्र पर तैनात पीठासीन पदाधिकारी सहित चारों मतदान पदाधिकारियों के कार्य एवं दायित्वों की जानकारी दी गई। साथ ही मतपेटिका को सील करने की प्रक्रिया, महापौर/अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद पद के लिए अलग-अलग रंग के मतपत्र, मतपत्रों को सही तरीके से मोड़ने एवं मतपेटिका में डालने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर धनबाद नगर निगम के सामान्य प्रेक्षक रॉबिन टोप्पो ने मतदान पदाधिकारियों से सवाल पूछकर उनकी तैयारियों एवं प्रशिक्षण की समझ का आकलन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने बताया कि प्रथम चरण के प्रशिक्षण के बाद मतदान पदाधिकारी प्रशिक्षण से संतुष्ट दिखे। उन्होंने कहा कि इस बार सैद्धांतिक जानकारी के साथ-साथ हैंड-ऑन प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया गया, ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की त्रुटि न हो। प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन में संजय कुमार, राज कुमार वर्मा, ब्रज किशोर चौबे, बृजभूषण पाण्डेय, रूपेश बर्मन, अंकित वासन एवं सरोज कौशिक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वार्ड 54 के विकास के लिए अनीमा सिंह ने ठोकी दावेदारी, जनता से मांगा समर्थन



झारखंड दर्शन संवाददाता

**सिंदरी।** धनबाद नगर निगम चुनाव के अंतर्गत वार्ड संख्या 54 से कर्मठ, जुझारू एवं मिलनसार महिला प्रत्याशी अनीमा सिंह ने पार्षद पद के लिए अपनी उम्मीदवारी घोषित की है। उनका चुनाव चिन्ह बेबी वॉकर है तथा क्रम संख्या 02 निर्धारित की गई है। उनकी उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है और समर्थकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

स्थानीय नागरिकों एवं समर्थकों ने अनीमा सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। जनसंपर्क के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं एवं युवाओं ने उन्हें समर्थन देने का भरोसा जताया। इस अवसर पर अनीमा सिंह ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य वार्ड संख्या 54 में सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें भारी मतों से विजयी बनाती है, तो वह वार्ड के शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं छात्राओं को आसपास स्थित उद्योगों जैसे एचयूआरएल, एसीसी अदाणी सीमेंट एवं टासरा परियोजना में रोजगार दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी छात्रा केवल आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे, इसके लिए वह व्यक्तिगत स्तर पर भी सहयोग करेंगी। अनीमा सिंह ने कहा कि वह पूर्व से ही गरीबों, महिलाओं और बच्चों की सहायता के लिए कार्य करती आ रही हैं।

उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि यदि इस बार उन्हें सेवा का अवसर मिला तो वह ह्रवार्ड की बेटीह्व बनकर ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करेंगी तथा वार्ड 54 की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने का प्रयास करेंगी।

## आदर्श वार्ड के निर्माण के संकल्प के साथ चुनाव मैदान में विश्वजीत चटर्जी



झारखंड दर्शन संवाददाता

**सिंदरी।** नगर निगम चुनाव को लेकर वार्ड संख्या 54 में चुनावी माहौल गरमाता जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड के लोकप्रिय चेहरे विश्वजीत चटर्जी उर्फ छोटन चटर्जी ने एक बार फिर पार्षद पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। उनका चुनाव चिन्ह चिमटी छाप है तथा क्रमांक संख्या 14 है। विश्वजीत चटर्जी ने कहा कि उनका लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि वार्ड संख्या 54 को धनबाद जिले का एक आदर्श वार्ड बनाना है। उन्होंने कहा कि वे पद पर न रहते हुए भी लगातार जनता के बीच सक्रिय रहे हैं और हर सुख-दुख में वार्डवासियों के साथ खड़े रहे हैं। जनता से उनका रिश्ता केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि पारिवारिक है, जो उन्हें जनता की सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सिंदरी बस्ती में विस्थापन की समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि जिन लोगों ने उद्योग स्थापना के लिए अपनी जमीन दी है, उन जमीनदाताओं को उद्योगों से जोड़कर आगे बढ़ाने में हरसंभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि एचयूआरएल, एसीसी सीमेंट, अदाणी एवं केटीएमपीएल जैसे उद्योगों में अधिक से अधिक शिक्षित युवाओं को रोजगार दिलाने का प्रयास उनकी प्राथमिकता होगी। इसके साथ ही उन्होंने वार्ड में एक आदर्श विद्यालय की स्थापना, महिलाओं को स्वरोजगार एवं कौशल प्रशिक्षण दिलाने तथा बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने दावा किया कि यदि जनता ने उन्हें मौका दिया, तो वार्ड संख्या 54 को धनबाद जिले में एक मिसाल के रूप में स्थापित किया जाएगा।

## शिक्षक संघ, बलियापुर ने स्व. डॉ. बुद्धदेव महतो को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बलियापुर।** बलियापुर प्रखंड के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के प्रख्यात व्याख्याता स्वर्गीय डॉ. बुद्धदेव महतो के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। शिक्षक संघ, बलियापुर के सदस्य उनके आवास पहुंचे और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं। स्वर्गीय डॉ० बुद्धदेव महतो शिक्षा जगत के एक प्रतिष्ठित और प्रखर विद्वान थे। वे सिंदरी के पूर्व विधायक आनंद महतो के सुपुत्र तथा सिंदरी विधान सभा के वर्तमान विधायक चंद्रदेव महतो के भाई थे। उनके निधन से न केवल महतो परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र और शैक्षणिक जगत में शोक की लहर व्याप्त है। शिक्षकों ने कहा कि डॉ. महतो का जाना शिक्षा जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान शिक्षक संघ के सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने डॉ. महतो के सरल स्वभाव, विनम्र व्यक्तित्व और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ० बुद्धदेव महतो केवल एक उत्कृष्ट शिक्षक ही नहीं थे, बल्कि वे समाज के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत और मार्गदर्शक भी थे।

शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार तथा विधायक चंद्रदेव महतो से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और ईश्वर से परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर बलियापुर प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

**कार्यशाला** डीएवी कोयलानगर में सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

## छात्रों को साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** बीसीसीएल कोयलानगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल परिसर में आईआईटी/आईएसएम धनबाद एवं सी-डैक पटना के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को इंटरनेट के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य सह क्षेत्रीय सहायक पदाधिकारी एन.एन. श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत के साथ की गई। इस अवसर पर प्रो० अरुप कुमार पाल एसोसिएट प्रोफेसर, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी/आईएसएम धनबाद, दीप नारायण दास, मास्टर ट्रेनर, आईआईटी/आईएसएम धनबाद तथा कुमार हर्षदीप पीएचडी स्कॉलर एवं शेव-12 एथिकल हैकर, आईआईटी/आईएसएम धनबाद विशेष रूप से उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य श्री श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग में इंटरनेट शिक्षा, सूचना और संचार का सशक्त माध्यम है, लेकिन इसके दुरुपयोग से गंभीर समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। सुरक्षित इंटरनेट दिवस मनाने का उद्देश्य साइबर बुलिंग, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, डिजिटल पहचान की सुरक्षा तथा साइबर हमलों जैसी वर्तमान चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने विद्यार्थियों से इंटरनेट का विवेकपूर्ण उपयोग करने की अपील की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रो० अरुप कुमार पाल ने कहा कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन, टिकटॉक एवं यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अत्यधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि छोटी-सी लापरवाही से व्यक्तिगत जानकारी और पासवर्ड सार्वजनिक हो सकते हैं, जिससे न केवल छात्र बल्कि उनके माता-पिता को भी मानसिक एवं आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ सकता है। मास्टर ट्रेनर दीप नारायण दास ने साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों पर प्रकाश डालते हुए सुरक्षित इंटरनेट उपयोग के कई व्यावहारिक सुझाव दिए। वहीं मास्टर ट्रेनर कुमार हर्षदीप ने इंटरनेट संचालन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी देते हुए मजबूत पासवर्ड, दो-स्तरीय सुरक्षा एवं संदिग्ध लिंक से बचने जैसे उपायों पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के सफल संचालन में समन्वयक सह विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक बाल किशोर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## बाघमारा में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत जागरूकता व दवा वितरण कार्यक्रम आयोजित

झारखंड दर्शन संवाददाता



**धनबाद।** समाज को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से मुक्त करने के उद्देश्य से झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, बाघमारा में एक विशेष जागरूकता एवं दवा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं सहित स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती शारदा सिंह रहीं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया तथा स्वयं फाइलेरिया से बचाव की दवा का सेवन कर उपस्थित छात्राओं एवं अभिभावकों को प्रेरित किया। अपने संबोधन में श्रीमती शारदा सिंह ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है। समय पर दवा सेवन, स्वच्छता बनाए रखने और जनजागरूकता से इस बीमारी को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से सरकार द्वारा चलाए जा रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा छात्राओं एवं उपस्थित लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई गई। साथ ही बीमारी के लक्षण, कारण, बचाव एवं उपचार की जानकारी विस्तार से दी गई। लोगों को यह भी बताया गया कि नियमित रूप से दवा का सेवन करने से ही फाइलेरिया को नियंत्रित किया जा सकता है। इस अवसर पर बाघमारा प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, प्रखंड प्रमुख, स्थानीय मुखिया, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में समाज को फाइलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प लिया।

## सुभाषितम्

**दीपक के प्रकाश की तरह अच्छे काम की ख्याति भी चारों और फैलती है - विलियम शेक्सपियर**

# ओटीटी की भाषा, हिन्दी और हम

**डॉ. अवधेश कुमार यादव**

चण्डीगढ़ के गुप्ता जी रविवार के दिन मनोरंजन के लिए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर हिंदी वेब सीरीज देख रहे थे। उनका पांच साल का बेटा मोबाइल गेम में व्यस्त था। तभी टेलीविजन स्क्रीन पर पात्र अचानक से एक-दूसरे को जोर-जोर से गालियां देने लगे, जिसे देखकर उनका बेटा भी जोर-जोर से दोहराने लगा। गुप्ता जी रिमोट से सीरीज बंद कर देते हैं और मन ही मन सोचते हैं कि यह क्या हो रहा है? बचपन में तो हम अखबार पढ़कर भाषा सीखते थे। संपादकीय पन्नों से नए शब्द, मुहावरे और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते थे। अब ये ओटीटी प्लेटफॉर्म्स बच्चों की जुबान गंदी कर रहे हैं। हिंदी न्यूज चैनल तो हिंग्लिश में ब्रेकिंग न्यूज चला रहे हैं। अंग्रेजी माध्यम स्कूलों से पढ़े पत्रकार 'ग्राउंड जीरो' और 'एक्सक्लूसिव' जैसे शब्द हिंदी में लिखकर प्रसारित कर देते हैं। ओटीटी ने 'रियलिज्म' के नाम पर अश्लीलता की सारी हदें पार कर दी हैं। एक समय था जब हिंदी भाषा की शुद्धता, व्याकरण और वर्तनी का सबसे बड़ा शिक्षक अखबार हुआ करता था। 19वीं सदी के अंत से लेकर 20वीं सदी के अधिकांश भाग तक अखबार घर-घर में भाषा सिखाते थे। लोग संपादकीय, लेख और समाचार पढ़कर नए शब्द सीखते, मुहावरे समझते और व्याकरण की बारीकियां आत्मसात करते। हिंदी की लयबद्धता, संस्कृतनिष्ठ शब्दावली और उर्दू की मिठास का सुंदर संयोजन अखबारों की भाषा में झलकता था। वह दौर था जब भाषा को सम्मान दिया जाता था और उसे सँवारने का सतत प्रयास होता था।

फिर, टेलीविजन का दौर आया। 1980-90 के दशक में दूरदर्शन पर सरकारी नियंत्रण के कारण भाषा काफी हद तक शुद्ध बनी रही, लेकिन निजी न्यूज चैनलों के उदय के साथ सब कुछ बदल गया। अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा ने नई पीढ़ी को हिंदी से दूर कर दिया। स्कूलों में अंग्रेजी को प्रधानता मिली, हिंदी को माध्यमिक भाषा का दर्जा दिया जाने लगा। अंग्रेजी माध्यम से पढ़े-लिखे युवा जब हिंदी न्यूज चैनलों में पत्रकार बने, तो उन्होंने हिंदी में अंग्रेजी के शब्दों को जबरदस्ती घुसेड़ना शुरू कर दिया। ब्रेकिंग न्यूज, ग्राउंड जीरो, एक्सक्लूसिव, स्पॉटलाइट, सोर्सेज के मुताबिक, डेवलपमेंट्स हो रही है जैसे वाक्य आम हो गए। ब्रेकिंग न्यूज की होड़ में अनुवाद की जल्दबाजी ने व्याकरण और शुद्धता को ताक पर रख दिया। चैनलों पर चीख-चीखकर खबरें पढ़ी जाने लगीं, जिससे भाषा की मयार्दा भी कमजोर पड़ गई। लेकिन असली तबाही ओटीटी (ओवर-द-टॉप) प्लेटफॉर्म्स के साथ आयी। नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, डिज्नी प्लस, हॉटस्टार, जी फाइव आदि पर हिंदी वेब सीरीज ने भाषा की सारी पारंपरिक सीमाएं तोड़ दीं। संवाद अब शुद्ध हिंदी में नहीं, बल्कि हिंग्लिश, क्षेत्रीय बोलियों के मिश्रण और सबसे ज्यादा गालियों से भरे होते हैं। मिजार्पुर, सेक्रेड गेम्स, पाताल लोक, कॉलेज रोमांस, हॉस्टल डेज जैसी वेब सीरीज में हर दूसरे वाक्य में अश्लील शब्द सुनाई देते हैं। ये शब्द अब सिर्फ पात्रों की भाषा नहीं रहे, बल्कि युवाओं की रोजमर्रा की जुबान बनते जा रहे हैं।

ओटीटी पर अश्लील कंटेंट की बाढ़ से न केवल संस्कृति का सत्यानाश हो रहा है, बल्कि समाज में भाषा की गंभीर समस्या भी उत्पन्न हो रही है। रियलिज्म और ऑथेंटिसिटी के नाम पर अश्लील सीन और संवाद आम हो गए हैं, लेकिन क्या वास्तविक जीवन में हर व्यक्ति हर वाक्य में गाली देता है? क्या कॉलेज के छात्रों की सामान्य भाषा इतनी गंदी होती है? यह सब युवा पीढ़ी पर गहरा मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल रहा है। बच्चे और किशोर इन शब्दों को सुन-देखकर अपनी भाषा में शामिल कर लेते हैं, जिससे समाज में गाली-गलौज सामान्य लगने लगी है। 2025 में स्थिति और गंभीर हुई तो सरकार ने अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट के खिलाफ सख्त कदम उठाए। जुलाई 2025 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 25 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स (जिनमें उल्लू, एएलटीटी, बिग शॉट्स, डेसिफ्लिक्स, नियॉनएक्स वीआईपी इत्यादि) को ब्लॉक कर दिया, क्योंकि ये अश्लील, वल्गर और पोर्नोग्राफिक सामग्री प्रसारित कर रहे थे। यह कार्रवाई आईटी एक्ट, 2000 और 2021 के इंटरमीडियरी गाइडलाइंस के तहत की गई। इससे पहले 2024 में भी 18 प्लेटफॉर्म्स पर ऐसी ही कार्रवाई हुई थी। कुल मिलाकर, जुलाई 2025 तक 43 प्लेटफॉर्म्स ब्लॉक हो चुके हैं।

सरकार ने 2024 के अंत से ही ओटीटी कंटेंट के लिए नए दिशा-निर्देशों पर काम शुरू किया था, जिसमें प्रोफेनिटी को बीप करना, अश्लील सीन को ब्लर करना और इंटीमेट सीन के वैकल्पिक चित्रण को बढ़ावा देना शामिल है। हालांकि मुख्यधारा के प्लेटफॉर्म्स जैसे नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम आदि पर अभी भी सेंसरशिप नहीं है, बल्कि सेल्फ-रेगुलेशन और आईटी रूल्स 2021 के तहत तीन-स्तरीय तंत्र है। दिसंबर 2025 में सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया कि ओटीटी कंटेंट सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन के दायरे में नहीं आता, बल्कि अलग से आईटी रूल्स के तहत नियंत्रित होता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी कई मामलों में कहा है कि प्रोफेनिटी अपने आप में ओब्सेनिटी नहीं है (जैसे कॉलेज रोमांस मामले में 2024 का फैसला), लेकिन अश्लीलता और बच्चों की सुरक्षा पर चिंता जताई है।

# अमेरिका की 74 फीसद आबादी पर रोजी-रोटी का संकट

**सनत जैन**



पूंजीवादी देश अमेरिका जो दुनिया के देशों को समृद्धि और लोकतंत्र का पाठ पढ़ाता है वह अपने ही नागरिकों को दो टाइम का भोजन नहीं दे पा रहा है। अमेरिका का मध्यम वर्ग गरीब हो रहा है। सारी दुनिया में अमेरिका की जो तस्वीर दिखाई जाती है, ठीक उसके विपरीत हालिया सर्वे मे एक ऐसी तस्वीर सामने आई है, जिसने अमेरिका की कलई खोल कर रख दी है। आमतौर पर चमकदार इमारतों, शेयर बाजार और वैश्विक ताकत की आड़ में अमेरिका अपनी वास्तविकता को छिपा देता है। सर्वे के अनुसार अमेरिका की करीब 74 प्रतिशत आबादी रोजी-रोटी के गंभीर संकट से जूझ रही है। यह संकट केवल गरीबों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि मिडिल क्लास और युवा वर्ग पर इसकी सबसे बड़ी मार पड़ी है। अमेरिका में हालात ये हैं, लोग बिजली, गैस, पानी जैसी बुनियादी जरूरत के मासिक बिल तक अदा नहीं कर पा रहे हैं। किराना, किराया और स्वास्थ्य खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

सर्वे के अनुसार 10 में से 9 अमेरिकी मानते हैं, पूरा अमेरिका 'कॉस्ट ऑफ लिविंग क्राइसिस' में फंस गया है। सर्वे में 10 में से 8 लोगों ने माना है, पिछले एक साल में महंगाई तेजी के साथ बढ़ी है। जिसके कारण उनका नियमित जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। पिछले 1 साल में जिस तरह से सरकार की नीतियां हैं, उसने आम आदमी का जीवन दूभर कर दिया है। सबसे चिंताजनक स्थिति अमेरिका मे युवाओं की है। महंगाई और बेरोजगारी के चलते युवा वर्ग में गुस्सा, असंतोष और निराशा तेजी से बढ़ती जा रही है। अमेरिका का मध्यम वर्ग टैक्स रिफंड से जो राशि मिलती थी उसका उपयोग छुट्टियों, मनोरंजन या खरीदारी के लिए करता था। अब टैक्स रिफंड से जो राशि मिलती है, उसका उपयोग पेट भरने और कर्ज. चुकाने के लिए करना पड़ रहा है। सर्वे के अनुसार 73 प्रतिशत लोगों ने माना है, टैक्स रिफंड अब जीवन यापन के लिए ज्यादा जरूरी हो गया है। 60 प्रतिशत लोगों ने रिफंड जल्दी देने की बात कही है। टैक्स रिफंड में देरी होने से खर्च चलाना मुश्किल हो जाता है। जेन-जी के लिए यह संकट और भी गहरा है। करीब 74 प्रतिशत युवा रिफंड नहीं मिलने पर आपात जरूरतें भी पूरा नहीं कर पा रहे हैं। अमेरिका के इस आर्थिक दबाव का सीधा असर सभी वर्गों पर देखने को मिल रहा है। अमेरिका से आंतरिक पलायन शुरू हो गया है। लोग एक शहर से दूसरे शहर, एक राज्य से दूसरे राज्य यहां तक कि यूरोपीय देशों में भाग रहे हैं। जहां वह वर्षों से रह रहे थे, वहां अब उनका गुजारा संभव नहीं हो पा रहा।

सर्वे बताता है कि जेन-जी के लगभग 50 प्रतिशत युवा तथा कुल आबादी के 38 प्रतिशत अमेरिकी नागरिक आर्थिक कारणों से ठिकाना बदल चुके हैं। यह पलायन की स्थिति उन्हें जड़ों से काटने की प्रक्रिया मानी जा रही है। विडंबना यह है, जिन राज्यों को 'अफोर्डेबल अमेरिका' कहा जाता है, उनमे मिसिसिपी, अलबामा और ओक्लाहोमा के 60 प्रतिशत लोग मानते हैं। वह किसी तरह से अपना खर्च चला पा रहे हैं। अमेरिका के सबसे सस्ते राज्यों की बड़ी आबादी आर्थिक संकट से जूझ रही है। यह स्थिति इस बात का सूचक है कि अमेरिका गहरे आर्थिक संकट में फंस गया है। पिछले एक साल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जिस तरह के निर्णय लिए जा रहे हैं, उसके बाद अमेरिका में बदहाली बढ़ती जा रही है। इसका असर सामाजिक स्तर पर बड़े पैमाने पर दिखने लगा है। युवाओं को अपना भविष्य अंधकार में दिख रहा है। इससे उनमें गुस्सा, नशा और सामाजिक तनाव बढ़ रहा है। अमेरिका में युवाओं की बहुत बड़ी संख्या अब अपराध की ओर भी जाती हुई दिख रही है। यह वही अमेरिका है, जहां सड़कों पर समृद्धि दिखती है। पूंजीवादियों के ऐशो आराम और अय्याशी को देखकर लगता है, अमेरिका बहुत धनवान है। अमेरिका में रहने वाले लोग बहुत प्रसन्न हैं, लेकिन अमेरिका की स्थिति ठीक इसके विपरीत है। नागरिकों के मन में असुरक्षा और भय पनप रहा है। अमेरिका एक ऐसे मोड़ पर आकर खड़ा हो गया है, जहां उसकी चमकदार छवि और जमीनी हकीकत के बीच की खाई गहरी होती जा रही है। अमेरिका में 74 प्रतिशत आबादी के सामने रोजी-रोटी का संकट होना अमेरिका के लिए गंभीर चेतावनी है। अमेरिका खुद को दुनिया का नेतृत्वकर्ता मानता है, लेकिन अमेरिका लगातार कर्ज के संकट में फंसता चला जा रहा है। सारी दुनिया में दादागिरी करने के चक्कर में लगातार अपने ही बनाए गए मकड जाल में फंसता जा रहा है। जिसके कारण अब अमेरिका को हर तरफ से चुनौती मिल रही है।

यह अमेरिका के उस आर्थिक मॉडल की कहानी है। जो अपने फायदे के लिए किसी भी स्तर तक जाकर अपनी दादागिरी कायम रखना चाहता है। लेकिन अब यही दादागिरी अमेरिका के अस्तित्व के लिए संकट बन गया है। गलत नीतियों के कारण जिस तरह से सोवियत रूस का विघटन हुआ था लगभग वही स्थिति अब अमेरिका की होती हुई दिख रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह से गरीबों और मध्यम वर्ग को उनके हाल पर छोड़ दिया है। जिस तरह से अमेरिका में अपराध बढ़ रहे हैं। अमेरिका की सरकार पर बढ़ता कर्ज अब अमेरिका के ऊपर भारी पड़ने लगा है। रही सही कसर डॉलर का जो वैश्विक अस्तित्व था अब उसे चुनौती मिल रही है। जिसके कारण आने वाले समय में अमेरिका विघटन की ओर बढ़ रहा है।

अमेरिकी पूंजीवादी व्यवस्था को वैश्विक चुनौती मिलना शुरू हो गई है। विश्व में अमेरिका अलग-थलग पड़ता चला जा रहा है। अमेरिका में जिस तरह की स्थितियां बन गई हैं। उससे पूंजीवाद के खिलाफ आंतरिक विद्रोह की संभावना बढ़ती चली जा रही है। अमेरिका का यह संकट सारी दुनिया के देशों को एक सबक के रूप में देखना होगा। वैश्विक व्यापार संधि लागू होने के बाद जिस तरह से कर्ज की अर्थव्यवस्था के सहारे दुनिया के देशों ने चलना शुरू किया था, अब कर्ज की जगह बचत ही एकमात्र सहारा होगा। यह सबक तो लिया ही जा सकता है।

# संसद सत्र : संविधान का अपमान कौन कर रहा है



मृत्युंजय दीक्षित



वर्ष 2026 का बजट सत्र हल्ले-गुल्ले और अराजकता की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। यहां बजट के अतिरिक्त अन्य सभी विषयों को उठाए जाने का प्रयास हो रहा है। स्थितियां इतनी विकट हैं कि संसदीय इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री लोकसभा में उत्तर नहीं दे सके और राष्ट्रपति का अभिभाषण बिना किसी चर्चा के पारित हो गया। यद्यपि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में 97 मिनट लंबा और प्रभावशाली उत्तर दिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा की गई सभी टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन देश के स्वर्णिम भविष्य और विकास की दिशा को भी दशार्ता है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के समय हंगामा करके देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करने के बाद जब समय आने पर राहुल गांधी को बोलने का अवसर दिया गया तो उन्होंने विषय से इतर जाकर पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की एक अप्रकाशित पुस्तक का उल्लेख करते हुए कथित चीनी घुसपैठ का मुद्दा उछालने का प्रयास किया।

लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नियमों के अंतर्गत व्यवस्था दिए जाने के बाद भी राहुल गांधी अपनी बात पर अड़े रहे। यह एक आश्चर्यजनक व्यवहार है कि नेता प्रतिपक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने के स्थान पर पुराने मुद्दे उठाए और उनको भी आपत्तिजनक रूप से रखकर देश की सेना और सदन का अपमान करें। लोकसभा में कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन की महिला सांसदों ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी का रास्ता रोकने की योजना बनायी और लोकसभा अध्यक्ष को प्रधानमंत्री से सदन में न आने का अनुरोध करना पड़ा, वो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना ये है कि यही लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बातें करते हैं।

राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में भाग न लेकर विपक्षी दलों ने न केवल राष्ट्रपति पद का अपमान किया है अपितु एक गरीब परिवार से निकल कर आई आदिवासी महिला का भी अपमान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में राहुल गांधी व कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को गद्दार कहने पर भी राहुल गांधी को घेरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच गया है । कांग्रेस छोड़कर कितने ही लोग निकले हैं, किसी और को तो गद्दार नहीं कहा, ये सिख हैं इसलिए कहा, ये सिखों का, गुरुओं का अपमान था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा में चेयर पर कागज फेकें गए जब असम के सदस्य चेयर की कुर्सी पर विराजमान थे- क्या यह असम का अपमान नहीं? जब आंध्र प्रदेश के एक दलित सदस्य चेयर की कुर्सी पर बैठे थे तब उन पर भी कागज फेंके गए क्या यह एक दलित बेटे और संविधान का अपमान नहीं है?

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आखिर कांग्रेस उनके लिए कब्र खुदेगी का नारा क्यों देती है? हमने जम्मू - कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाई इसलिए या हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा है इसलिए? प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये कौ-सी मोहब्बत की दुकान है जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने के सपने देखती है? प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं देश के युवाओं के लिए मजबूत जमीन तैयार कर रहा हूं तो कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम करवा रही है। हमने नार्थ ईस्ट में बम-बंदूक और आतंक का जो साया बना रहता था वहां शांति और विकास की राह अपनाई इसलिए वह मोदी की कब्र खोद रहे हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियों को घर में घुसकर मारते हैं, ऑपरेशन सिंदूर करते हैं और इसलिए वे मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। मोदी तेरी कब्र खुदेगी ये जो उनके भीतर नफरत भरी हुई है मोहब्बत की दुकान में जो आग भरी पड़ी हुई है, उसका कारण है कि कांग्रेस इस बात को पचा नहीं पा रही है कि कोई और क्यों प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा है, ये तो हमारा पैतृक अधिकार था इसलिए वे हताशा में मोदी की कब्र खोदने के नारे लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को ये सहन नही हो रहा हे कि जो समस्याएं उसने 60 सालो में पाल-पोस कर बड़ी की थीं मोदी उनका एक- एक करके समाधान क्यों कर रहा है? कांग्रेस को ये सब पसंद नहीं आ रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपियन यूनियन और फिर अमेरिका के साथ जो व्यापार समझौते हुए उनके विषय में जानकारी देते हुए बताया कि अब पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और समझौते कर रही है। कांग्रेस को भी यह अवसर मिला था, उन्होंने यह क्यों नही कर दिखाया? प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से कांग्रेस,लेफ्ट व डीएमके सहित टीएमसी पर भी तीखा हमला बोला और उन्होंने बंगाल की टीएमसी सरकार को देश की सबसे निर्मम बताते हुए कहा कि यह लोग अपने अंदर नहीं झाकते अपितु हमको यहां बैठकर उपदेश देते हैं। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा सांसद सदानंद मास्टर के भाषण का संज्ञान लेते हुए वैचारिक सहिष्णुता की चर्चा की, ज्ञातव्य है कि सदानंद मास्टर के दोनों पैर वामपंथी विचारधारा के लोगों ने निर्ममता से केवल उनकी विचारधारा अलग होने के कारण काट दिए थे।

संसद के वर्तमान सत्र में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने जो रवैया अपनाया है उसने देश के वास्तविक मुद्दों को उठाने का एक सुनहरा अवसर खो दिया है। प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा को घेरने के बजाय उन्होंने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी को ही अपने ऊपर आक्रमण करने का अवसर दे दिया है। भाजपा अब सिख व दलित सांसदों के अपमान का राजनैतिक लाभ उठाने का पूरा प्रयास करेगी। भाजपा चुनाव वाले राज्यों में विरोधी दलों के संसदीय आचरण को भी मुद्दा बनाएगी।

# लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

विपक्ष के 128 लोकसभा सदस्यों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने का प्रस्ताव लाने के लिए एक नोटिस लोकसभा महासचिव को सौंप दिया है। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने बताया कि उन्होंने नियम 94सी के तहत लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को 'बोलने की इजाजत नहीं देने', साथ ही कांग्रेस की महिला सांसदों पर सदन में अनुचित स्थिति पैदा करने के आरोपों पर विपक्ष अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए यह प्रस्ताव लाया है।लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई, कांग्रेस के मुख्य सचेतक कोडिकुनिल सुरेश और सांसद मोहम्मद जावेद तथा अन्य कई सांसद नोटिस सौंपने वालो में शामिल है।

लोकसभा की प्रक्रिया और आचरण के मानदंडों के नियम 198 के अनुसार, विपक्ष को लोकसभा में मतदान से पहले अविश्वास प्रस्ताव के अपने अनुरोध के लिए औचित्य प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है। अविश्वास प्रस्ताव की पूरी प्रक्रिया लोकसभा की प्रक्रिया व कार्य संचालन प्रणाली के नियम 198 (1) से नियम 198 (5) तक के तहत पूरी की जाती है।इस प्रक्रिया के तहत नियम 198 (1) (क) के तहत अविश्वास प्रस्ताव पेश करने वाले सांसद को पहले स्पीकर के जरिये सदन की अनुमति लेनी पड़ती है।सदन की अनुमति के लिए नियम 198 (1) (ख) के मुताबिक, प्रस्ताव की जानकारी सुबह 10 बजे से पहले लोकसभा के महासचिव को देनी पड़ती है। नियम 198 (2) के तहत प्रस्ताव के साथ सांसद को 50 सांसदों के समर्थन वाले हस्ताक्षर दिखाने होते हैं।



नियम 198 (3) के तहत लोकसभा अध्यक्ष से प्रस्ताव को अनुमति मिलने के बाद उस पर चर्चा का दिन तय होता है। चर्चा प्रस्ताव पेश होने के 10 दिन के अंदर करानी होती है। नियम 198 (4) के तहत अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के अंतिम दिन लोकसभाध्यक्ष वोटिंग कराते हैं और उस आधार पर फैसला होता है। नियम 198(5) के तहत लोकसभा अध्यक्ष को टिप्पणी के लिए समय सीमा निर्धारित करने का अधिकार है। यदि प्रस्ताव सदन द्वारा अनुमोदित हो जाता है तो सरकार को इस्तीफा देना पड़ता है ।अब तक लोक सभा में 27 बार अविश्वास प्रस्ताव रखे जा चुके हैं।

लोक सभा में सबसे पहला अविश्वास प्रस्ताव अगस्त 1963 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार के खिलाफ जे बी कृपलानी ने पेश किया था। लेकिन विपक्ष सरकार गिराने में नाकाम हो गया था, क्योंकि इस प्रस्ताव के पक्ष में केवल 62 वोट पड़े और विरोध में 347 वोट पड़े थे। लेकिन सन् 1978 में लाये गए अविश्वास प्रस्ताव ने मोरारजी देसाई सरकार को गिरा दिया था। अब तक सबसे ज्यादा 4 बार अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का रिकॉर्ड माकपा सांसद ज्योतिर्मय बसु के नाम है। उन्होंने अपने चारों प्रस्ताव इंदिरा गांधी सरकार के खिलाफ रखे थे।सबसे ज्यादा अविश्वास प्रस्ताव का सामना करने वाली भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सरकार रही है। इंदिरा गांधी सरकार के खिलाफ 15 अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गये थे।

इसके अलावा पी॰ वी॰ नरसिम्हा राव और लाल बहादुर शास्त्री की सरकारों ने तीन-तीन बार अविश्वास प्रस्ताव का सामना किया था।पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने एक बार इंदिरा गाँधी सरकार और दूसरी बार पी॰ वी॰ नरसिम्हा राव सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था ।संयोग की बात है कि अटल सरकार के खिलाफ भी दो बार सन1996 व सन1998 अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया था और वे दोनों बार हार गये थे।सन 2018 में नरेंद्र मोदी सरकार के विरुद्ध भी अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था,लेकिन यह प्रस्ताव गिर गया था। लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला पर आरोप हैं कि वो विपक्ष के साथ भेदभाव करते हैं और सांसदों को बोलने का मौका कम देते हैं। हालांकि ये पहली बार नहीं है, जब किसी लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा हो। संसद के इतिहास में कई बार ऐसा हो चुका है। अविश्वास प्रस्ताव भारतीय संसदीय परंपरा का ही एक हिस्सा है। जब भी विपक्ष को सरकार या फिर लोकसभाध्यक्ष पर भरोसा नहीं होता है तो उन्हें हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है।

लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव संविधान के अनुच्छेद 94(सी) के तहत लाया जाता है, इसे मोशन ऑफ रिमूवल कहा जाता है।इसके तहत लोकसभा के अध्यक्ष को हटाया जा सकता है। वोटिंग में बहुमत मिलने पर अध्यक्ष को हटाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।भारतीय संसद के इतिहास में पहली बार सन1954 में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। लोकसभा के पहले अध्यक्ष मावलंकर के खिलाफ ये प्रस्ताव लाया गया था। सोशलिस्ट पार्टी के नेता विग्नेश्वर मिसिर ये प्रस्ताव लाए थे।इस प्रस्ताव पर करीब दो घंटे तक चर्चा हुई थी, हालांकि बाद में उसे खारिज कर दिया गया। इस प्रस्ताव को जवाहर लाल नेहरू ने सदन की गरिमा का सवाल बताया था। सन1954 के बाद लोकसभाध्यक्ष के खिलाफ दूसरा प्रस्ताव सन 1966 में लाया गया।लोकसभा अध्यक्ष सरदार हुकम सिंह के खिलाफ ये प्रस्ताव था।वहीं तीसरी बार सन1987 में अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, ये प्रस्ताव तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के खिलाफ लाया गया था।पिछले तमाम प्रस्तावों की तरह ये अविश्वास प्रस्ताव भी खारिज हो गया था।अब देखना यह है कि यह अविश्वास प्रस्ताव कितना चल पाता है। इससे लोकसभाध्यक्ष की कुर्सी जाती है या फिर यह प्रस्ताव धड़ाम गिरता है। फिलहाल तो संख्या बल देखते हुए ऐसा नही लगता कि ओम बिरला की कुर्सी जाएगी,बाकी आने वाला वक्त बताएगा।

## आज का राशिफल

**मेष** : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष** : मांगलिक कार्योंक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**मिथुन** : स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। काम में प्रगति बनती रहेगी। काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** : पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** : कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी।

**कन्या** : पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**तुला** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

**धनु** : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**मकर** : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में समन्वय बन जाएगा।

**कुम्भ** : हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग।

**मीन** : व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सेहदा गांव में खुलेआम कोयले का अवैध डंप, दिनदहाड़े चल रही ढुलाई

**बड़कागांव।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत गोंदलपुरा पंचायत के सेहदा गांव में खुलेआम कोयले का अवैध डंप किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के आसपास प्रतिदिन ट्रैक्टरों और भारी वाहनों के जरिए बड़े पैमाने पर कोयले की ढुलाई और भंडारण किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि दिनदहाड़े हो रही इस अवैध गतिविधि की जानकारी होने के बावजूद फॉरेस्ट विभाग, पुलिस विभाग और माइनिंग विभाग पूरी तरह मौन हैं। विभागीय चुप्पी के कारण कोयला माफिया के हौसले बुलंद हैं और अवैध कारोबार लगातार फैलता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि अवैध कोयला डंपिंग से सरकार को भारी राजस्व क्षति हो रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंद बैठे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सूचना देने के बावजूद अब तक न तो किसी प्रकार की जांच हुई और न ही डंप किए गए कोयले को जब्त किया गया। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभागों से अविलंब कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो पूरा इलाका कोयला माफिया के नियंत्रण में चला जाएगा। उन्होंने उच्चस्तरीय जांच कर अवैध कोयला कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

### बड़ा बाजार जैन मंदिर गली में महापौर उम्मीदवार सुदेश कुमार के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**हजारीबाग।** शहर के बड़ा बाजार स्थित जैन मंदिर गली में भाजपा समर्थित महापौर उम्मीदवार सुदेश कुमार के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन समारोहपूर्वक किया गया। उद्घाटन बरही विधायक मनोज यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने कार्यालय के उद्घाटन को नगर निगम चुनाव के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण बताते हुए संगठनात्मक मजबूती और जनसंपर्क को और सशक्त करने की बात कही। इस मौके पर चुनाव संयोजक अशोक यादव, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, सह संयोजक हरीश श्रीवास्तव, दिनेश सिंह राठौड़, आलोक कुमार, सांसद प्रतिनिधि अजय साहू, आनंद देव, अभिमन्यु प्रसाद, विजय वर्मा, अजीत चंद्रवंशी, मनोरमा राणा, राजकरण पांडे, राजेंद्र प्रसाद, सुमन कुमार, महेंद्र ठाकुर, शेफाली गुप्ता, ज्योत्सना देवी, सहित सैकड़ों समर्थक व आम नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में महापौर उम्मीदवार सुदेश कुमार को शुभकामनाएं देते हुए चुनाव में संगठनात्मक सहयोग और जनसमर्थन का आह्वान किया।

### बड़कागांव में इंडियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का उद्घाटन



**बड़कागांव।** हजारीबाग रोड स्थित रिलायंस ट्रेंड्स के समीप इंडियन ओवरसीज बैंक की नई शाखा का उद्घाटन किया गया। इसी अवसर पर बैंक का 90वां स्थापना दिवस भी मनाया गया। स्थापना दिवस पर देशभर में एक साथ 90 नई शाखाओं का शुभारंभ किया गया। वर्तमान में इंडियन ओवरसीज बैंक की देश में 3500 से अधिक शाखाएं संचालित हैं। नई शाखा का उद्घाटन इंडियन ओवरसीज बैंक के रीजनल मैनेजर मनीष कुमार एवं पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने फीता काटकर किया। साथ ही डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं बैंक के संस्थापक एमसीटीएम चिदंबरम चेटियार की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस मौके पर रीजनल मैनेजर मनीष कुमार ने बचत को भविष्य के लिए आवश्यक बताते हुए लोगों से बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। वहीं पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि आज के समय में बैंक जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है और बैंक कर्मियों को जनविश्वास बनाए रखने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम में विधायक रोशन लाल चौधरी, शाखा प्रबंधक विकास कुमार, केनरा बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, बैंक अधिकारी एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### महुगाईकला पंचायत पैक्स अध्यक्ष पद पर योगेंद्र कुमार निर्विरोध निर्वाचित

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत महुगाईकला पंचायत पैक्स चुनाव में अध्यक्ष पद पर योगेंद्र कुमार पुनः निर्विरोध निर्वाचित हुए। अध्यक्ष पद के दूसरे प्रत्याशी ननकू राम द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद चुनाव प्रभारी ने योगेंद्र कुमार को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया। चुनाव प्रक्रिया के दूसरे दिन महुगाईकला पंचायत सचिवालय परिसर में चुनाव पर्यवेक्षक एवं आंगो पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष शिबू कुमार की मौजूदगी में ननकू राम ने नाम वापस लिया। इसके बाद उपस्थित लोगों ने योगेंद्र कुमार को फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। गौरतलब है कि 9 फरवरी को अध्यक्ष पद के लिए योगेंद्र कुमार और ननकू राम ने नामांकन दाखिल किया था। पैक्स में कुल 482 मतदाता हैं, जबकि कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 7 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। 23 फरवरी को मतदान की तिथि निर्धारित थी, लेकिन अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन से चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो गई। मौके पर पूर्व मुखिया बिगल चौधरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अशोक सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष चुरामन गोप सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### बिना तालमेल और योजना के विभागीय खुदाई से हजारीबाग की यातायात व्यवस्था ध्वस्त

# भले लगता रहे जाम, सड़क काटकर महीनों चलता रहेगा काम

प्रदीप पाठक

**हजारीबाग।** शहर में इन दिनों विकास के नाम पर अव्यवस्था का खुला खेल चल रहा है। पिछले पंद्रह दिनों से केबी महिला कॉलेज मार्ग को दोनों ओर से काटकर छोड़ दिया गया, जिससे पूरा यातायात पैगोडा से कचहरी तक जीजीएस मार्ग पर निर्भर हो गया। इसी बीच रविवार को बिना किसी पूर्व सूचना के जेसीबी लगाकर जीजीएस मार्ग को भी गहराई तक काट दिया गया, जिससे वह पूरी तरह बंद हो गया। नतीजा यह कि पिछले 72 घंटों से पूरा शहर भीषण जाम की चपेट में है और लोग घंटों सड़कों पर फंसे रहने को मजबूर हैं। स्थिति और भी गंभीर इसलिए हो



गई है क्योंकि एक ही समय में नगर निगम, पीएचडी और बिजली विभाग अलग-अलग सड़कों पर खुदाई और पोल बदलने जैसे कार्य कर रहे हैं। न आपसी तालमेल है, न यातायात के वैकल्पिक इंतजाम। कोई भी विभाग काम शुरू तो कर देता है, लेकिन उसे समय पर पूरा करने की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं दिखता। काम को जल्द निपटाने की बजाय महीनों तक लटकाया जा रहा है, और उसकी कीमत शहर की जनता रोज चुकाने को मजबूर है। शहरवासियों का कहना है कि प्रशासन का रवैया अब यह हो गया है कि भले जाम लगा रहे, आम लोग परेशान होते रहें, लेकिन सड़कें काटने का सिलसिला रुकेगा नहीं। न कोई विभाग जवाबदेह है और न ही किसी को यह चिंता है कि स्कूली बच्चे, मरीज, कर्मचारी और व्यवसायी किस तरह इस अव्यवस्था से जूझ रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि नगर निगम चुनाव का समय होने के बावजूद किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी को जनता की इन परेशानियों की सुध नहीं है। सभी मतदाताओं को साधने में जुटे हैं, लेकिन सड़कों पर जाम में फंसे वही मतदाता किसी को नजर नहीं आ रहे। न किसी नेता ने सवाल उठाया और न ही किसी ने बिना सोचे-समझे शुरू किए गए इन कार्यों पर आपत्ति जताई। लोगों का सीधा सवाल है कि आखिर बिना पूर्व योजना, ट्रैफिक मैनेजमेंट और विभागीय समन्वय के एक साथ कई प्रमुख सड़कों को कैसे काट दिया जाता है। अगर यही हाल रहा तो आने वाले दिनों में शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाएगी और जिम्मेदारी तय करने वाला कोई नहीं होगा।

### जहां से सपने निकलते हैं, वही रास्ता उपेक्षा का शिकार

## नेशनल पब्लिक स्कूल की 40 साल पुरानी पीड़ा

डॉ. गौतम कुमार गुप्ता

**हजारीबाग।** हर सुबह इसी गली से होकर मासूम कदम किताबें थामे अपने भविष्य की ओर बढ़ते हैं। पिछले चार दशकों से शिक्षा की ज्योति जला रहा नेशनल पब्लिक स्कूल आज भी उस रास्ते की बदहाली का मौन साक्षी है, जो हजारों सपनों की शुरुआत रहा है। शिक्षा के इस केंद्र तक पहुंचने वाली गली आज खुले नाले, टूटी सड़क और गंदगी से घिरी हुई है। बच्चों के लिए यह रास्ता रोजाना खतरे से कम नहीं। कहीं पैर फिसलने का डर, तो कहीं दुर्गंध और मच्छरों का प्रकोप। बरसात के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, जब पानी भरने से रास्ता लगभग दुर्गम हो जाता है। हर सुबह अभिभावकों की आंखों में चिंता साफ झलकती है। मोहल्लेवासी वर्षों से इस समस्या को झेल रहे हैं। कई बार संबंधित कार्यालयों में शिकायतें और आवेदन दिए गए, लेकिन समाधान आज तक कागजों और आश्वासनों से आगे नहीं बढ़ सका। सबसे बड़ा सवाल यही है कि जो संस्था 40 वर्षों से समाज को शिक्षित कर रही है, उसका रास्ता आज भी उपेक्षा का शिकार क्यों है। क्या बच्चों की सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण अब भी प्राथमिकता सूची में शामिल नहीं है? नेशनल पब्लिक स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि गली का शीघ्र पक्कीकरण कराया जाए, नाले की ढकाई हो और स्थायी स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि बच्चों का बचपन डर में नहीं, बल्कि विश्वास और सुरक्षित माहौल में आगे बढ़ सके।

## बड़कागांव में दिनदहाड़े लूट-गोलीबारी की घटना पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने लिया जायजा



झारखंड दर्शन संवाददाता

**बड़कागांव।** 7 फरवरी को बड़कागांव डेली मार्केट के समीप नंदिनी ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हुई लूट और गोलीबारी की घटना की जानकारी लेने पूर्व विधायक अंबा प्रसाद मंगलवार को बड़कागांव पहुंचीं। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ित दुकानदार प्रभु सोनी तथा उनके परिजनों से मुलाकात कर पूरी घटना की जानकारी ली। प्रभु सोनी और उनके परिजनों ने बताया कि बैंक से ऋण लेकर दुकान की पूंजी खड़ी की गई थी, लेकिन इस घटना के बाद परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। उन्होंने अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी और लूटे गए जेवरात की जल्द बरामदगी की मांग की। मौके पर पूर्व विधायक ने हजारीबाग के डीआईजी अंजनी झा और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से दूरभाष पर बातचीत कर घटना पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भीड़-भाड़ वाले इलाके में दिनदहाड़े लूट और गोलीबारी की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और इसका जल्द उद्भेदन जरूरी है। दोनों पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि पुलिस तत्परता के साथ छापेमारी टीम कार्य कर रही है और शीघ्र ही मामले का खुलासा किया जाएगा। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव क्षेत्र में बढ़ते नशे के चलन पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की लत में क्षेत्र के कई युवा अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं, जो समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने भविष्य को संवारने की अपील की।

## उपायुक्त का औचक निरीक्षण, अक्षय पात्रा फाउंडेशन की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश



झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** डेमोटांड स्थित अक्षय पात्रा फाउंडेशन का उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रसोई संचालन, आधारभूत सुविधाओं और संसाधनों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया तथा कई महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बॉयलर इंस्टॉलेशन कार्य शीघ्र पूरा करने, लंबित स्टीम कनेक्शन को अविलंब चालू करने और वेजिटेबल कोल्ड रूम के इंस्टॉलेशन से जुड़े कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भोजन निर्माण और वितरण से जुड़ी किसी भी व्यवस्था में तकनीकी या आधारभूत कमी स्वीकार्य नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्याप्त वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, बोरवेल कनेक्शन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम और सर्फेस वाटर रिचार्ज प्लान को लागू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही तालाब खुदाई से जुड़े कार्यों को भी आगे बढ़ाने को कहा। जल गुणवत्ता की नियमित जांच के लिए वाटर टेस्टिंग किट की व्यवस्था करने पर भी बल दिया गया। मैनपावर की कमी पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यकता अनुसार मानव संसाधन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वेजिटेबल वेस्ट के समुचित निपटान के लिए ठोस वेस्ट मैनेजमेंट प्लान तैयार करने, ड्रेनेज सिस्टम की खामियों को दूर करने और परिसर की स्वच्छता बनाए रखने को भी कहा।

## किसान भवन पर जेएसएलपीएस का कब्जा, कृषि प्रशिक्षण व्यवस्था ठप



झारखंड दर्शन संवाददाता

**कटकमसांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि विभाग के फार्म परिसर में निर्मित किसान भवन वर्षों से अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है। किसानों को प्रशिक्षण देकर खेती के प्रति आत्मनिर्भर बनाने के लिए बनाए गए इस भवन पर वर्तमान में जेएसएलपीएस का कब्जा है, जिससे कृषि विभाग की गतिविधियां गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं। किसान भवन का निर्माण किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, बीज प्रबंधन, उर्वरक उपयोग और आधुनिक कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से कराया गया था। शुरुआती कुछ समय तक यह भवन अपने उद्देश्य के अनुरूप उपयोग में रहा, लेकिन बाद में जेएसएलपीएस ने अनधिकृत रूप से कब्जा कर यहां अपना कार्यालय संचालित करना शुरू कर दिया। नतीजतन किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम, बीज भंडारण, वितरण और योजनाओं की समीक्षा बैठकें नियमित रूप से नहीं हो पा रही हैं। स्थिति यह है कि स्थायी भवन के अभाव में किसानों का प्रशिक्षण कभी खुले में पेड़ के नीचे तो कभी प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित करना पड़ रहा है। वहीं कृषि विभाग के कर्मियों को भी सीमित संसाधनों में काम करना पड़ रहा है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिराम महतो ने बताया कि किसान भवन पर जेएसएलपीएस के कब्जे के कारण विभागीय कार्य बाधित हो रहे हैं। इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी को पत्र लिखकर भवन को पुनः कृषि विभाग को सौंपने का अनुरोध किया गया है, ताकि किसानों के प्रशिक्षण और योजनाओं के संचालन में सुगमता आ सके।

## अखिल भारतीय हड़ताल को वाम दलों का समर्थन, 12 फरवरी को आंदोलन का ऐलान

झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में 12 फरवरी 2026 को आहूत एक दिवसीय अखिल भारतीय हड़ताल को हजारीबाग के वाम दलों ने पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। यह हड़ताल देश के मान्यता प्राप्त दस श्रमिक संगठनों और स्वतंत्र फेडरेशनों द्वारा बुलाई गई है। हड़ताल के समर्थन को लेकर सीपीआई कार्यालय में वाम दलों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता सीटू से जुड़े सीपीएम जिला सचिव गणेश कुमार ने की। बैठक में कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा को कमजोर कर जनविरोधी बीबीजी रामजी योजना लागू करने और मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को देश में थोपने का प्रयास किया जा रहा है। वक्ताओं ने बताया कि वर्तमान बजट में बीबीजी रामजी योजना के लिए एक रुपये का भी प्रावधान नहीं किया गया है,





जिससे यह योजना शुरू होने से पहले ही समाप्त होने की कगार पर है। वाम नेताओं ने आरोप लगाया कि चार श्रम संहिताओं के लागू होने से देश में स्थायी नौकरियों की व्यवस्था समाप्त कर ठेकेदारी प्रथा को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत मजदूरों को एक या दो वर्ष के लिए फिक्स टर्म पर रखा जाएगा, जिससे रोजगार की सुरक्षा खत्म हो जाएगी। यह संहिता 18 हजार रुपये से अधिक वेतन पाने वालों पर लागू नहीं होगी। बैठक में यह भी कहा गया कि इन संहिताओं को लाने से पहले केंद्र सरकार ने देश के 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर दिया, जिससे सरकारी और स्थायी नौकरी करने वाले मजदूरों, कर्मचारियों और अधिकारियों की समस्याएं और बढ़ गई हैं। बैठक में वाम दलों ने केंद्र सरकार से मांग की कि बीबीजी रामजी योजना और चारों श्रम संहिताओं को अविलंब वापस लिया जाए। बैठक में सीपीआई जिला सचिव अनिरुद्ध प्रसाद, महेंद्र राम, स्वदेशी पासवान, मजीद अंसारी, अनवर हुसैन, भाकपा-माले के रोहित मेहता, मदन सिंह, सुधीर यादव, सीपीएम के तापेश्वर राम, ईश्वर महतो, सुरेश कुमार दास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर प्रशासन की पहल, साइबर खतरों से सतर्क रहने का संदेश

झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर समाहरणालय सभाकक्ष में जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य शासकीय पदाधिकारियों और कर्मियों को इंटरनेट के सुरक्षित, सतर्क और जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला में इंटरनेट फ्रॉड, साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल और लिंक के माध्यम से होने वाली ठगी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सही उपयोग तथा डीपफेक तकनीक के बढ़ते दुरुपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि डिजिटल तकनीक ने प्रशासनिक कार्यों को आसान और प्रभावी बनाया है, लेकिन इसके सुरक्षित उपयोग के लिए जागरूक रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि शासकीय कर्मियों की





सतर्कता से न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि पूरी प्रशासनिक व्यवस्था, कार्यालयों और आम जनता को भी साइबर खतरों से सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने सभी से संदिग्ध कॉल, संदेश और डिजिटल सामग्री से सावधान रहने की अपील की। कार्यशाला में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिजिटल अरेस्ट के नाम पर आने वाले कॉल पूरी तरह फर्जी होते हैं। साइबर अपराधी खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं और डीपफेक जैसी आधुनिक तकनीकों का दुरुपयोग करते हैं। कार्यशाला के दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन जिला सूचना पदाधिकारी ने किया। कार्यशाला में प्रशिक्षु आईएएस सहित जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम

### फाहिमा एकेडमी में विज्ञान, कला और नवाचार का भव्य मंच, छात्रों की प्रतिभा ने बटोरा ध्यान

# नो फायर कुकिंग व आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी ने दिखाई रचनात्मक उड़ान

झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** फाहिमा एकेडमी स्कूल परिसर में आयोजित साइंस एग्जीबिशन, नो फायर कुकिंग एवं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी शिक्षा, नवाचार और रचनात्मकता का जीवंत उदाहरण बनकर उभरी। कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, कलात्मक दृष्टि और व्यावहारिक ज्ञान का ऐसा प्रभावशाली प्रदर्शन किया कि उपस्थित अतिथि और अभिभावक प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। कार्यक्रम में आईसेक्ट यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ. प्रमोद कुमार नायक मुख्य अतिथि के



रूप में मौजूद रहे। उनके साथ एनसीसी कमांडर कैप्टन शत्रुघ्न पांडेय, पुलिस उप महानिरीक्षक प्रशांत कुमार, हॉली क्रॉस स्कूल वोकेशनल की प्राचार्या सिस्टर स्टेला और यूथ राइटर विपिन कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या फरहा फातमी ने की, जबकि विद्यालय सचिव अहमद अली ने अतिथियों का स्वागत करते हुए फाहिमा एकेडमी की शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। साइंस एग्जीबिशन में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा, तकनीकी नवाचार और दैनिक जीवन से जुड़े वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के प्रयोग और प्रस्तुति ने यह स्पष्ट कर दिया कि स्कूल में पढ़ाई केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है। सीनियर वर्ग में कक्षा आठ और नौ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। नो फायर कुकिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बिना आग के पौष्टिक और आकर्षक व्यंजन तैयार कर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। वहीं आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में छात्रों की कल्पनाशीलता, रंग संयोजन और हस्तकला कौशल ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस आयोजन की सफलता में विद्यालय के शिक्षकों की अहम भूमिका रही। हसरत अली, बेलाल अहमद, राहुल कुमार, कुणाल कुमार, सोमनाथ कुमार, राजन कुमार, सिकंदर कुमार, मनोज प्रसाद, श्रवण कुमार, माजदा खातून, पल्लवी राणा और नाजिया परवीन के प्रयासों की अतिथियों ने खुले मंच से सराहना की। अतिथियों ने छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए आत्मविश्वास से तैयार करते हैं। कार्यक्रम का समापन उत्साह, प्रेरणा और तालियों की गूंज के बीच हुआ, जो लंबे समय तक यादगार रहेगा।

## इंडिया ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग कप में अन्नदा कॉलेज के मोहित कुमार को ब्रॉन्ज

झारखंड दर्शन संवाददाता

**हजारीबाग।** दिल्ली में आयोजित 5वें इंडिया ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग कप 2026 में अन्नदा महाविद्यालय, हजारीबाग के छात्र मोहित कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए ब्रॉन्ज मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। मोहित कुमार महाविद्यालय के पूर्व एनसीसी कैडेट रहे हैं, जिससे उनके अनुशासन, समर्पण और खेल कौशल की झलक मिलती है। कठिन मुकाबलों के बीच उन्होंने दमदार खेल दिखाते हुए यह उपलब्धि हासिल की। मोहित कुमार की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीलमणि मुखर्जी ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों



के उज्ज्वल भविष्य और खेलों के प्रति बढ़ते रुझान को दर्शाती है। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ बरनाली बनर्जी ने इसे गुणवत्ता आधारित शिक्षा और सह-शैक्षणिक गतिविधियों का सकारात्मक परिणाम बताया। वहीं प्रो इंचार्ज डॉ अजीत श्रीवास्तव, एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ पंकज और एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कृष्णा यादव ने मोहित कुमार की इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया।


## संक्षिप्त खबरें

### डढ़वा नदी से व्यक्ति का शव बरामद, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के सिंघवा स्थित देवघर-दुमका रेलवे ओवरब्रिज के नीचे डढ़वा नदी से सोमवार को एक व्यक्ति का शव बरामद होने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और नगर थाना पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से शव को नदी से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान सिंघवा मोहल्ला निवासी भारत पुजहर उम्र लगभग 40 वर्ष के रूप में की गई है। बताया गया कि भारत पुजहर पिछले लगभग 20 वर्षों से अपने ससुराल में रहकर मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। परिजनों के अनुसार, भारत पुजहर रविवार को घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा उसकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सोमवार को ग्रामीणों ने रेलवे ओवरब्रिज के नीचे डढ़वा नदी में शव को तैरते हुए देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देवघर सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं मृतक के परिजनों ने मामले में हत्या की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

### मेयर प्रत्याशी नागेंद्र नाथ बलियासे का देवघर में व्यापक जनसंपर्क अभियान, जनता से मिला समर्थन



**देवघर।** नगर निकाय चुनाव को लेकर देवघर में चुनावी सरगर्मी लगातार तेज होती जा रही है। इसी क्रम में मेयर प्रत्याशी एवं समाजसेवी नागेंद्र नाथ बलियासे उर्फ बाबा बलियासे ने नगर निगम क्षेत्र में व्यापक एवं सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। जनसंपर्क अभियान के तहत उन्होंने मीना बाजार, सम्मेलन बाजार, पेड़ा गली, रंग मोड़, बीएन झा पथ सहित कई इलाकों में घर-घर जाकर नागरिकों से सीधा संवाद किया और उनसे आशीर्वाद एवं समर्थन की अपील की। रंग मोड़ स्थित वीर शिरोमणि बिजली पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्होंने सामाजिक समरसता, समानता एवं भाईचारे का संदेश दिया। अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों ने सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, यातायात व्यवस्था एवं रोजगार से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से रखा। बाबा बलियासे ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि देवघर को केवल धार्मिक नगरी ही नहीं, बल्कि स्वच्छ, सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं आधुनिक शहर बनाना उनका लक्ष्य है। चुनाव में जीत के बाद पारदर्शी प्रशासन, जनभागीदारी एवं समावेशी विकास को प्राथमिकता दी जाएगी। जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय नागरिकों ने उनके सरल स्वभाव, समाजसेवी छवि एवं विकासोन्मुख सोच की सराहना की। कई स्थानों पर कार्यकताओं एवं समर्थकों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। अभियान में युवाओं एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से पूरे क्षेत्र में उत्साहपूर्ण चुनावी माहौल देखने को मिला।

### साइबर अपराध से बचाव को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित



**पाकुड़।** सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर समाहरणालय स्थित सभागार में एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध से बचाव के उपाय, कानूनी प्रक्रियाएँ तथा नवीन साइबर खतरों पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन गया है। उन्होंने सभी कार्यालयों में एंटीवायरस सहित आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने तथा केवल अधिकृत एवं मूल सॉफ्टवेयर के उपयोग पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं युवाओं को इंटरनेट के सुरक्षित, सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग के प्रति जागरूक करना आज की आवश्यकता है। उपायुक्त ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान का भी उल्लेख करते हुए कहा कि अभियान के तहत दी जा रही दवा पूरी तरह सुरक्षित है और सभी को इसका सेवन करना चाहिए। अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने साइबर ठगी के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शॉर्टकट से पैसे कमाने के लालच में लोग साइबर अपराधियों के जाल में फंस जाते हैं। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट, फर्जी निवेश योजनाओं, ऑनलाइन गेमिंग एवं अन्य माध्यमों से होने वाली ठगी से सतर्क रहने की अपील की। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी रवि प्रकाश ने अनजान लिंक, फर्जी वेबसाइटों एवं एसएमएस लिंक से होने वाले साइबर फ्रॉड के बारे में जानकारी दी। वहीं डीएसपी अजय आर्यन ने कहा कि साइबर अपराधी डर या लालच का सहारा लेकर लोगों को ठगते हैं, इसलिए किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से पहले उसकी सत्यता की जांच आवश्यक है।

### नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 को लेकर बीएलओ एवं वॉलंटियरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# निर्वाचन प्रक्रिया से अवगत हुए बीएलओ-वॉलंटियर

झारखंड दर्शन संवाददाता

**गोड्डा।** नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी आयोजन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उपायुक्त के निदेर्शानुसार मंगलवार को प्रखंड कार्यालय, गोड्डा के सभागार में बूथ लेवल ऑफिसर एवं वॉलंटियरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोड्डा दयानंद जयसवाल ने की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने उपस्थित बीएलओ एवं वॉलंटियरों को निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी भूमिका, दायित्व एवं जिम्मेदारियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता, अद्यतन एवं त्रुटिरहित तैयारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है, जिसमें बीएलओ एवं वॉलंटियरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।



इस अवसर पर नगरपालिका आम निर्वाचन 2026 के अंतर्गत गोड्डा नगर परिषद वर्ग (ख) के वार्ड संख्या 01 से 21 तक स्थित कुल 37 मतदान केंद्रों से संबंधित मतदाताओं को समय पर मतदाता पर्ची उपलब्ध कराने को लेकर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। सभी बीएलओ को सख्त निर्देश दिया गया कि वे स्वयं अपने-अपने वार्ड क्षेत्रों में घर-घर भ्रमण कर संबंधित मतदाताओं को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे, ताकि मतदान तिथि 23 फरवरी 2026 को मतदाताओं को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। बैठक के दौरान सभी संबंधित बीएलओ को मतदाता पर्ची के साथ मतदाता पर्ची प्राप्ति पंजी भी उपलब्ध कराई गई। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि निर्वाचन से संबंधित सभी कार्य निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ संपादित किए जाएं।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बीएलओ एवं वॉलंटियरों से अपील की कि वे निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का पूर्ण अनुपालन करते हुए आम नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएं, ताकि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया तथा नगरपालिका आम निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने हेतु सभी से सहयोग की अपील की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, संबंधित कर्मी, बीएलओ, वॉलंटियर तथा शहरी क्षेत्रों की सहिया उपस्थित थीं।

# चितरा में डीएवी स्कूल बसों को लेकर विधायक का सख्त रुख, एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

झारखंड दर्शन संवाददाता

**देवघर।** जिले के चितरा क्षेत्र से एक अहम मामला सामने आया है। चितरा माइंस स्थित डीएवी स्कूल की बस सेवा लंबे समय से बंद रहने को लेकर स्थानीय विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह ने कड़ा रुख अपनाया है।



मंगलवार को चितरा में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में विधायक ने जीएम ए.के. आनंद एवं एजेंट उमा प्रसाद चौधरी के साथ स्कूल बसों के संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान विधायक ने कोलियरी प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि हर हाल में एक सप्ताह के भीतर डीएवी स्कूल की बस सेवा बहाल की जाए।

विधायक ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर बस परिचालन शुरू नहीं किया गया, तो चितरा कोलियरी प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा और चक्का जाम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित थे, जिन्होंने बस सेवा बंद रहने के कारण बच्चों को हो रही परेशानियों और पढ़ाई पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव की जानकारी विधायक के समक्ष रखी। अभिभावकों ने जल्द से जल्द बस सेवा शुरू कराने की मांग की।

विधायक ने भरोसा दिलाया कि बच्चों की शिक्षा से जुड़ा यह मामला अत्यंत गंभीर है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब सभी की निगाहें चितरा कोलियरी प्रबंधन पर टिकी हैं कि विधायक के अल्टीमेटम के बाद बस परिचालन को लेकर कितनी शीघ्र कार्रवाई की जाती है।

## एसपी ने महागामा पुलिस निरीक्षक कार्यालय का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता

**महागामा।** पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने मंगलवार को पुलिस निरीक्षक, महागामा प्रभाग कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण एवं पुलिस व्यवस्था की समीक्षा की। एसपी ने थाना परिसर एवं कार्यालय की साफ-सफाई का जायजा लिया तथा लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने अनुसंधान कार्यों में तेजी लाने, विधि-व्यवस्था सुदृढ़ रखने एवं आम जनता के साथ संवेदनशील व्यवहार करने पर बल दिया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि वे अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।



फोटो हअ0019

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं

# संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश

झारखंड दर्शन संवाददाता

**साहिबगंज।** जिला प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को उपायुक्त हेमंत सती ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनीं और आश्वासन दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों की विधिवत जाँच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जनता दरबार के दौरान भूमि, आवास, पेंशन, राशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आपूर्ति, राजस्व सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदन एवं शिकायतें प्राप्त हुईं।



उपायुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आवेदनों की भौतिक जाँच कर समयबद्ध तरीके से समस्याओं का निष्पादन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि की गई कार्रवाई की प्रतिपुष्टि अनिवार्य रूप से उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें, ताकि शिकायत निवारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रभावशीलता बनी रहे। गौरतलब है कि आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उपायुक्त कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह मंगलवार एवं शुक्रवार को नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

### सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# नगरपालिका आम चुनाव को लेकर प्रशासन सतर्क

झारखंड दर्शन संवाददाता

**पाकुड़।** नगरपालिका आम चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक स्तर पर तैयारियाँ तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों पर प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के साथ अनुमंडल कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी ने की। बैठक को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में स्थित मतदान केंद्रों तक जाने वाले मार्गों की स्थिति का भौतिक सत्यापन करें तथा नक्शे में दर्शाए गए रूट चार्ट से उसका मिलान सुनिश्चित करें। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, भोजन व्यवस्था, शेड, रैंप, शौचालय, दूरभाष एवं विद्युत व्यवस्था की समुचित जाँच करने का निर्देश दिया।



उन्होंने नव स्थापित मतदान केंद्रों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, ताकि मतदाताओं को मतदान के दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा अनधिकृत प्रचार वाहनों के उपयोग, संपत्ति विरूपण तथा सरकारी संसाधनों के दुरुपयोग पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर मतदाताओं के बीच विश्वास का माहौल बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डीएन आजाद, नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता सहित सभी सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ

झारखंड दर्शन संवाददाता

**पाकुड़।** जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 से 25 फरवरी तक संचालित किए जाने वाले फाइलेरिया मुक्ति अभियान का शुभारंभ मंगलवार को शहर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ० सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, जिला वीबीडी पदाधिकारी डॉ० अमित कुमार एवं जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ० के.के. सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन ने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर आमजनों को अभियान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ० मिश्रा ने कहा कि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने में यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे निर्धारित तिथि पर दवा का सेवन करें तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए जागरूक करें।

उन्होंने जानकारी दी कि जिले के 1134 गांवों एवं शहरी क्षेत्र के 21 वार्डों के कुल 2,30,229 घरों को इस अभियान के अंतर्गत आच्छादित किया जाएगा। फाइलेरिया संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है और समय पर उपचार नहीं होने पर यह रोग व्यक्ति को स्थायी विकलांगता की ओर ले जा सकता है।

कार्यक्रम के दौरान एक फाइलेरिया मरीज को एमएमडीपी किट भी प्रदान की गई। साथ ही यह भी बताया गया कि फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन खाली पेट नहीं करना चाहिए। एक वर्ष से कम आयु के बच्चे, गर्भवती महिलाएं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को दवा का सेवन नहीं कराना है। दवा सेवन के बाद हल्का बुखार, सिरदर्द या बदन दर्द होना सामान्य प्रतिक्रिया हो सकती है।

### एसडीओ ने पोड़ैयाहाट प्रखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

# कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के दिए निर्देश



झारखंड दर्शन संवाददाता

**गोड्डा।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2026 के सुचारु, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी, गोड्डा वैद्यनाथ उरांव ने मंगलवार को गोड्डा जिला अंतर्गत पोड़ैयाहाट प्रखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सूरज मंडल इंटर कॉलेज पोड़ैयाहाट, एम.एस. पोड़ैयाहाट (बॉयज), (+2) हाई स्कूल पोड़ैयाहाट, होली फैमिली गर्ल्स हाई स्कूल पोड़ैयाहाट एवं सेंट फ्रांसिस हाई स्कूल पोड़ैयाहाट का भ्रमण किया। इस क्रम में परीक्षा कक्षों की व्यवस्था, केंद्राधीक्षक एवं वीक्षकों की उपस्थिति, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी व्यवस्था, प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षित रख-रखाव, परीक्षार्थियों की पहचान प्रक्रिया सहित अन्य व्यवस्थाओं की गहन जांच की गई।।अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित केंद्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों एवं परीक्षा से जुड़े कर्मियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कदाचारमुक्त एवं निष्पक्ष परीक्षा कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनुशासनहीनता या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षार्थियों से भी संवाद किया और उनसे किसी प्रकार की असुविधा के संबंध में जानकारी ली। साथ ही पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था एवं शांत वातावरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र परिसर में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध, ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण तथा परीक्षा से संबंधित सभी दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पोड़ैयाहाट, अंचलाधिकारी पोड़ैयाहाट सहित संबंधित परीक्षा केंद्रों के अधीक्षक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में बड़ा कदम

# एमडीए कार्यक्रम का जिला स्तरीय उद्घाटन, जनभागीदारी पर दिया जोर

झारखंड दर्शन संवाददाता

साहिबगंज। जिले को फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से पूर्णतः मुक्त करने के उद्देश्य से मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का जिला स्तरीय उद्घाटन मंगलवार को हाई स्कूल नगरपालिका कन्या विद्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती एवं सिविल सर्जन डॉ० रामदेव पासवान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथियों का पारंपरिक तरीके से बुके भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है, लेकिन यह पूरी तरह से रोका और समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यदि सभी नागरिक स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही दवाओं का नियमित और सही तरीके से सेवन करें, तो जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाना संभव है। उपायुक्त ने एमडीए कार्यक्रम की सफलता के लिए जनभागीदारी, सामूहिक



जागरूकता तथा स्वास्थ्य कर्मियों और आम जनता के बीच बेहतर समन्वय को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनआंदोलन बनना चाहिए, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है। उपायुक्त ने स्वास्थ्यकर्मियों से भी अपील की कि वे घर-घर जाकर दवा वितरण के दौरान लोगों को इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दें।

एमडीए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य फाइलेरिया उन्मूलन के तहत सामुदायिक स्तर पर डायइथाइलकाबार्माजीन एवं एल्बेंडाजोल दवाओं का शत-प्रतिशत वितरण और सेवन सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर दवाओं का वितरण करेंगे, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा सेवन से वंचित न रह जाय। कार्यक्रम के अंतर्गत दो वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के लिए दवा सेवन अनिवार्य किया गया है। हालांकि गर्भवती महिलाएं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति तथा दो वर्ष से कम आयु के बच्चों को डीईसी दवा नहीं दी जाएगी। वहीं एक से दो वर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली देने का प्रावधान है। कार्यक्रम के समापन पर जिला प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे स्वयं दवा का सेवन करें और अपने परिवार एवं पड़ोस के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि साहिबगंज जिला शीघ्र ही फाइलेरिया मुक्त घोषित किया जा सके।

# संक्षिप्त खबरें

## वार्ड 13 में चंदन प्रजापति के समर्थन में जनसंपर्क अभियान तेज, मतदाताओं में दिखा उत्साह



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत चुनाव को लेकर वार्ड संख्या 13 में वार्ड पार्षद प्रत्याशी चंदन प्रजापति के समर्थन में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। मंगलवार को समर्थकों ने घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया और वार्ड के समग्र विकास के लिए समर्थन की अपील की। जनसंपर्क अभियान में कामोदा कुंवर, मानती देवी, लीलावती देवी, प्रतिमा देवी, सुषमा प्रजापति, सूचित प्रजापति, अनीता देवी, सौरभ पाठक एवं अंशु कुमार सक्रिय रूप से शामिल रहे। समर्थकों ने मतदाताओं से वार्ड में सड़क, नाली, स्वच्छता, पेयजल, स्ट्रीट लाइट तथा अन्य बुनियादी समस्याओं के समाधान के लिए चंदन प्रजापति को विजयी बनाने की अपील की। समर्थकों ने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे मतदान के दिन क्रमांक संख्या 2 पर बेबी वाकर चुनाव चिन्ह के सामने बटन दबाकर चंदन प्रजापति को भारी मतों से विजयी बनाएं। समर्थकों का कहना है कि चंदन प्रजापति की जीत से वार्ड 13 में विकास कार्यों को नई दिशा और गति मिलेगी तथा जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

## भाजपा नेताओं ने नवमनोनीत सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन का किया भव्य स्वागत



**हरिहरगंज। हरिहरगंज** में भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को नवमनोनीत सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन का फूलमाला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर नेताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके सांसद प्रतिनिधि बनने से क्षेत्र में संगठन और अधिक मजबूत एवं सक्रिय होगा। भाजपा नेताओं ने आशा व्यक्त की कि राजीव रंजन जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्राथमिकता के आधार पर सांसद तक पहुंचाने का कार्य करेंगे, जिससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी और आम जनता को सीधा लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं ने पूर्व प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दिवंगत दिनेश प्रसाद गुप्ता के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, पूर्व जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, रंजीत पासवान, सांसद के सोशल मीडिया प्रभारी उदय विश्वकर्मा, युवा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य अनुज कुमार सिंह, अखिलेश कुमार मेहता, संजय जायसवाल, मृत्युंजय कुमार सिंह, विजय प्रजापति, बलदेव भुइयां सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई, अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त कर 425 लीटर जावा महुआ नष्ट किया



**पीपरा।** पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण एवं मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को पीपरा थाना क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पीपरा थाना अंतर्गत ग्राम गजना एवं मुरलीपुर में छापेमारी कर पुलिस ने अवैध देशी महुआ शराब निर्माण के लिए संग्रहित करीब 425 लीटर जावा महुआ बरामद किया। साथ ही शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण भी जब्त किए गए। पुलिस ने मौके पर ही जावा महुआ एवं उपकरणों को नष्ट कर दिया। छापेमारी अभियान में एएसआई कुमार नीरज, तसदुक अंसारी, ललन दास सहित कई पुलिस जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार से सामाजिक अपराध बढ़ते हैं, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तत्वों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## विद्यालय में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर, विद्यार्थियों को मिली आवश्यक चिकित्सा सुविधा



**पीपरा।** पीपरा प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय विश्रामपुर पिठौरा में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों की आंख, नाक, कान, दांत, हृदय, त्वचा रोग, कुपोषण, कम वजन, एनीमिया, टीबी एवं कुष्ठ रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच की गई। स्वास्थ्य जांच के उपरांत चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों को आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा स्वस्थ रहने के लिए जरूरी परामर्श भी दिया गया। शिविर में डॉ० एम.डी. साजिद, डॉ० तौहीद अहमद, एनएम संगीता कुमारी एवं धर्मेंद्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विद्यालय की ओर से शिक्षक रामाकांत यादव, जहीरुद्दीन मोहम्मद बाबर एवं मनोज जायसवाल ने शिविर के संचालन में सक्रिय सहयोग किया। शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य में सुधार होता है।

### बरवाडीह में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का एकदिवसीय धरना

# मुख्यमंत्री के नाम सौंपा गया मांग-पत्र



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**बरवाडीह।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, लातेहार जिला के तत्वावधान में मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना में बड़ी संख्या में झारखंड आंदोलनकारी शामिल हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी वर्षों पुरानी मांगों को मुखरता से उठाया। धरना-प्रदर्शन के पश्चात आंदोलनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एक मांग-पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी रेश्मा रेखा मिंज को सौंपा। आंदोलनकारियों का कहना था कि झारखंड राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारियों को आज भी न्याय, सम्मान और अधिकारों से वंचित रखा गया है। मांग-पत्र में झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय मान-सम्मान, अलग पहचान, उनके बच्चों के लिए रोजगार एवं नियोजन की शत-प्रतिशत गारंटी, जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए सम्मान पेंशन के रूप में 50-50 हजार रुपये देने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। साथ ही 3 जनवरी को झारखंड आंदोलनकारी दिवस घोषित करने तथा उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ की तर्ज पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई है।

इसके अतिरिक्त निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, केजी से पीजी तक शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा की समुचित व्यवस्था, बरवाडीह प्रखंड को अनुमंडल का दर्जा देने, जल-जंगल-जमीन के अंधाधुंध दोहन पर रोक, ऑनलाइन जमीन रसीद में हो रही गड़बड़ियों को दूर करने, मंडल डैम के गेट निर्माण, नेतरहाट आवासीय विद्यालय में आंदोलनकारियों के पुत्र-पुत्रियों के लिए 25 प्रतिशत आरक्षण, बालू घाट का सीधा आवंटन, भूमि बैंक को रद्द करने तथा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को लागू करने जैसी मांगें भी शामिल हैं।।धरना को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि शहीद नीलांबर-पीतांबर की धरती पर भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार और प्रशासन ने आंदोलनकारियों की मांगों की अनदेखी की, तो आंदोलनकारी सड़क पर उतरकर निर्णायक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीनानाथ राम ने की। संचालन वीरेंद्र ठाकुर ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन विश्वनाथ गुप्ता ने किया।

## सलैया में अवैध रूप से लगी लगभग दो एकड़ अफीम की खेती नष्ट

**पलामू।** पलामू पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की अवैध खेती एवं तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार 10 फरवरी को छतरपुर थाना पुलिस ने छतरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलैया में अवैध रूप से की जा रही अफीम (पोस्ता) की खेती के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने वन एवं खेत क्षेत्र में फैली लगभग 02 एकड़ अवैध अफीम की खेती को चिन्हित किया। विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरी फसल को नष्ट कर दिया गया। पुलिस द्वारा इस मामले में अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है। संबंधित लोगों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है। मादक पदार्थों की अवैध खेती, तस्करी अथवा भंडारण से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना पुलिस को तत्काल दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## वन राखी मूवमेंट की स्वर्ण जयंती , 50 वर्ष पूरे होने पर 12 फरवरी को कौशल नगर डाली में भव्य आयोजन



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**छतरपुर।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में देश-विदेश में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके वन राखी मूवमेंट के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य स्वर्ण जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 12 फरवरी को प्रातः 11:00 बजे से ग्राम पंचायत डाली बाजार, कौशल नगर, छतरपुर, पलामू में संपन्न होगा।

इस आंदोलन के प्रणेता, विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ट्री मैन ऑफ इंडिया, पर्यावरण धर्म गुरु डॉ. कौशल किशोर जायसवाल ने वर्ष 1967 में ग्राम डाली सेजंगल लगाओ, जंगल बचाओ अभियान की शुरूआत की थी। उन्होंने अपनी निजी 7.72 एकड़ भूमि पर वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की मजबूत नींव रखी। इसके बाद वर्ष 1977 में इसी ग्राम से वन राखी मूवमेंट का शुभारंभ हुआ, जिसने देश-विदेश में जनआंदोलन का रूप ले लिया। स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर मोहनलाल खुर्जा पार्वती देवी पार्क में विश्व के 22 देशों से लाए गए लगभग 200 प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं, जिनमें कई दुर्लभ एवं विलुप्तप्राय प्रजातियां भी शामिल हैं। साथ ही कौशल नगर परिसर में स्थापित पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास से जुड़े अंतरराष्ट्रीय विषयों पर परिचर्चा भी आयोजित की जाएगी। इसी दिन पद्म विभूषण स्व० सुंदरलाल बहुगुणा की जीवनी पर आधारित पुस्तक का विमोचन अपराह्न 3:00 बजे डाल्टनगंज बाईपास रोड स्थित पर्यावरण भवन, आकाश बाग में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेपाल सरकार के सलाहकार एवं प्रख्यात पर्यावरणविद सरोज कुमार शर्मा उपस्थित रहेंगे। पर्यावरण धर्म ज्ञान मंदिर का उद्घाटन अमेरिकी लेखक, शोधकर्ता एवं पर्यावरणविद जॉर्ज जेम्स करेंगे। कार्यक्रम में कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले से एपिको आंदोलन के प्रणेता पांडुरंग हेगड़े विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की जानकारी डॉ० कौशल किशोर जायसवाल, ग्राम डाली की मुखिया पूनम जायसवाल, छतरपुर पूर्वी जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, पार्क अध्यक्ष अरुण कुमार जायसवाल एवं आकाशवाणी कलाकार सी.सी. शुक्ला मिट्ठू सिंह द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी गई है।

## बैरिया क्षेत्र में अरुणा शंकर का सघन जनसंपर्क, जनता का मिला अपार समर्थन



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा समर्थित महापौर प्रत्याशी अरुणा शंकर ने मंगलवार को बैरिया क्षेत्र के वार्ड संख्या 03, 07 एवं 09 में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने बैरिया चौक, टीवी टॉवर रोड, बाजार समिति के सामने, सत्संग मंदिर सहित आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण कर घर-घर जाकर मतदाताओं से सीधा संवाद किया। जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी से श्रीमती शंकर का स्वागत किया और उन्हें भरपूर समर्थन एवं आशीर्वाद दिया। जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। मतदाताओं में प्रत्याशी को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। जनता को संबोधित करते हुए अरुणा शंकर ने कहा कि बैरिया क्षेत्र की सम्मानित जनता के बीच पहुंचकर उन्हें अत्यंत आत्मीयता और अपनापन महसूस हुआ है। उन्होंने कहा कि जनता से मिले स्नेह और विश्वास ने उनके संकल्प को और अधिक मजबूत कर दिया है। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में जनसहयोग से विकास की जो नींव रखी गई है, अब उसे और ऊंचाई तक ले जाना समय की मांग है।

उन्होंने कहा कि मेदिनीनगर का सर्वांगीण विकास और शहर में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है। एक आदर्श नगर निगम के निर्माण के लिए निरंतरता, पारदर्शिता और स्पष्ट विजन की आवश्यकता है। मैं आप सभी से आशीर्वाद मांगने आई हूं ताकि विकास की गति को निर्बाध रूप से आगे बढ़ाया जा सके। जनसंपर्क के दौरान श्रीमती शंकर ने बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया तथा युवाओं से नगर के भविष्य को संवारने के लिए मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे आगामी मतदान में चुनाव चिन्ह ह्यएयर कंडीशनर छाप पर बटन दबाकर उन्हें भारी मतों से विजयी बनाएं। इस अवसर पर वार्ड संख्या 03 के वार्ड प्रत्याशी विष्णु उरांव ने पुष्पमाल्यार्पण कर महापौर प्रत्याशी का स्वागत किया। वहीं वार्ड संख्या 30 के प्रत्याशी मोनू कुमार भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। जनसंपर्क अभियान के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय समर्थक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान स्थानीय समस्याओं और भविष्य की योजनाओं को लेकर भी चर्चा की गई।

## आदिवासी विकास कुंभ मेला में शामिल होने के लिए उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक व एसडीएम को दिया गया आमंत्रण



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी 11 फरवरी को दुबियाखाड़ में आयोजित होने वाले आदिवासी विकास कुंभ मेला को लेकर मेला समिति की ओर से तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में मेला समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पलामू जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें मेले में सम्मिलित होने हेतु आमंत्रित किया। मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में भरदुल कुमार सिंह, ठाकुराई सिंह एवं उमेश सिंह ने पलामू की उपायुक्त समीरा एस., पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन तथा सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा से मुलाकात कर उन्हें 11 फरवरी को आयोजित आदिवासी विकास कुंभ मेला में बतौर अतिथि उपस्थित रहने का आग्रह किया। समिति सदस्यों ने अधिकारियों को बताया कि प्रत्येक वर्ष 11 एवं 12 फरवरी को दुबियाखाड़ में आदिवासी राजा मेदनी राय की स्मृति में इस ऐतिहासिक मेले का आयोजन किया जाता है। यह मेला न केवल आदिवासी संस्कृति, परंपरा और विरासत का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक समरसता और विकास का भी मंच है। मेले में झारखंड सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। मेले के दौरान राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत परिसंपत्तियों का वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पारंपरिक नृत्य-गीत, हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं जनोपयोगी स्टॉल भी लगाए जाते हैं। समिति ने अधिकारियों से मेले को सफल बनाने में प्रशासनिक सहयोग की भी अपेक्षा जताई।

## शिव सार्वभौमिक शक्ति के संचालक हैं, शिवचर्चा में शिव तत्व पर हुआ गहन विचार-मंथन



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पाटन प्रखंड के किशुनपुर इमली गांव में आयोजित शिवचर्चा कार्यक्रम में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। यह शिवचर्चा राधेश्याम सोनी द्वारा अपनी पुत्री के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों गुरु-भाई एवं बहनों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वक्ताओं ने भगवान शिव के जीवन दर्शन, सरल स्वभाव, करुणा और सृजन-संहार के संतुलनकारी स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि शिव केवल देवता नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाले गुरु हैं। शिव का दरबार समरसता का प्रतीक है, जहां बाघ और बैल, सर्प और मोर, देव और दानव सभी समान भाव से रहते हैं। चर्चा के दौरान कहा गया कि यदि मनुष्य शिव के बताए मार्ग पर चले तो समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना स्वतः विकसित होती है। तीन सूत्र चर्चा, नामस्मरण और सेवा को जीवन में उतारने से मन का मैल दूर होता है और आपसी मेल-मिलाप बढ़ता है। कार्यक्रम की शुरूआत शिवगुरु के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। आयोजक राधेश्याम सोनी ने अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्पमाला से स्वागत किया। इस अवसर पर किशुनपुर थाना प्रभारी की उपस्थिति कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाने वाली रही। वरिष्ठ गुरु-भाई गोकुलानंद तिवारी एवं ओंकार तिवारी ने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करते हुए श्रद्धालुओं को अंत तक जोड़े रखा।

## बरवाडीह में एनीमिया की सरकारी दवा का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग, जांच ठंडे बस्ते में

**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिक्षा विभाग को आपूर्ति की जाने वाली एनीमिया की सरकारी दवाओं के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है। प्रखंड मुख्यालय से मात्र 500 मीटर की दूरी पर झाड़ियों में फेरस सल्फेट एवं फोलिक एसिड बैच नंबर इ-23/1532 की लगभग 50 हजार एक्सपायरी टैबलेट खुले में फेंकी हुई पाई गईं। हैरानी की बात यह है कि उक्त दवाएं कहां से लाई गईं और किसके आदेश पर फेंकी गईं, इसकी जानकारी बरवाडीह स्वास्थ्य विभाग के पास भी नहीं है। मामले के उजागर होने के बाद भी अब तक न तो किसी जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई हुई है और न ही ठोस जांच शुरू की गई है, जिससे पूरे प्रकरण पर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग प्रत्येक छह माह में नामांकित विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर शिक्षा विभाग को एनीमिया की दवाओं की आपूर्ति करता है, जबकि वास्तविक स्थिति यह है कि नामांकन के अनुरूप विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति नहीं रहती। इसी कारण बड़ी मात्रा में दवाएं उपयोग में आए बिना ही एक्सपायर हो जाती हैं। बरवाडीह बीआरसी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवंबर 2025 तक लगभग 6 लाख 73 हजार टैबलेट का स्टॉक पहले से उपलब्ध था। इसके बावजूद दिसंबर 2025 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 2 लाख 73 हजार टैबलेट अतिरिक्त आपूर्ति कर दी गई। बीआरसी कर्मियों ने बताया कि एक्सपायरी दवाएं वापस नहीं ली जाती हैं और वर्तमान में लगभग 14 कार्टून दवाएं एक्सपायर होकर गोदाम में पड़ी हुई हैं।।स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के बीच दवा आपूर्ति प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

# हरिहरगंज नगर पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की रणनीतिक बैठक, जीत सुनिश्चित करने पर हुआ मंथन



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हरिहरगंज।** आगामी हरिहरगंज नगर पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को आरबी पैलेस में भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत चुनाव को लेकर संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क अभियान और बूथ स्तर की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कामेश्वर कुशवाहा उपस्थित थे। उन्होंने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत चुनाव में भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद की उम्मीदवार रिणु देवी की जीत के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें। उन्होंने घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करने, सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने रखने और भाजपा की उपलब्धियों को प्रचारित करने पर जोर दिया। कामेश्वर कुशवाहा ने राज्य की हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झारखंड सरकार नगर निकाय चुनाव कराना ही नहीं चाहती थी, लेकिन न्यायालय के आदेश के बाद मजबूरन चुनाव कराना पड़ा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीतियों से आम जनता त्रस्त है और इसका जवाब जनता इस चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी को विजयी बनाकर देगी। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने कहा कि हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में भाजपा की पकड़ मजबूत है और कार्यकर्ता पूरी ताकत से चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। अध्यक्ष पद की समर्थित प्रत्याशी रेणु देवी ने भी कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरने के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगी। बैठक में प्रदेश किसान मोर्चा कार्ड समिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, अरुण मिश्रा, अशोक सिंह, रामू यादव, गया ठठेरा, सुनील गुप्ता, संतोष शौंडीक, महेंद्र सिंह, लखन सिंह, अजय सिंह, अनुपमा देवी, जसवंत सिंह, संदीप सिंह, राजू गुप्ता, विनोद पासवान, संजय सिंह, सनोज साव, राहुल साव, पवन गुप्ता, भीमसेन शर्मा, जितेंद्र पासवान, ओम सिंह, गुप्ता साव, धर्मेंद्र कुमार, अर्जुन गुप्ता, सोनू पासवान, अरुण पासवान, जितेंद्र यादव, सिकंदर पासवान, कन्हैया विश्वकर्मा, मनोज सोनी, निरंजन गुप्ता, राजेश दास, अमित कुमार, सनी गुप्ता, रविंद्र पासवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हरिहरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी शीला चौधरी के पक्ष में चला व्यापक जनसंपर्क अभियान



**झारखंड दर्शन संवाददाता**

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज नगर पंचायत अध्यक्ष पद की लोकप्रिय प्रत्याशी कुमारी शीला चौधरी के पक्ष में मंगलवार की शाम व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। समाजसेवी जानू चौधरी के नेतृत्व में प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ शाम करीब 5 बजे हरिहरगंज, पीपरघाट, डेमा, पूणाडीह, सियारभुका सहित आसपास के कई गांवों में पहुंचीं और मतदाताओं से सीधा संवाद किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान कुमारी शीला चौधरी ने घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और समाधान का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि यदि जनता का आशीर्वाद उन्हें मिला तो वे नगर पंचायत को भ्रष्टाचार-मुक्त, स्वच्छ और विकासशील बनाने के लिए पूरी ईमानदारी से काम करेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल और बुनियादी सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर समाजसेवी जानू चौधरी ने कहा कि हरिहरगंज नगर पंचायत की जनता इस बार विकास को लेकर पूरी तरह जागरूक है और सही, ईमानदार तथा कर्मठ नेतृत्व को चुनने का मन बना चुकी है। उन्होंने दावा किया कि कुमारी शीला चौधरी को क्षेत्र की जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। जनसंपर्क अभियान में पप्पू चौधरी, पिंटू चौधरी, धर्मवीर, भोला गुप्ता, अमित कुमार, बंटी, विनोद पासवान, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय लोग शामिल रहे। अभियान के दौरान जगह-जगह प्रत्याशी का लोगों ने स्वागत भी किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सेरेना विलियम्स 22 फरवरी से टेनिस में वापसी के लिए पात्र, कमबैक पर सस्पेंस बरकरार



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की दिग्गज महिला टेनिस खिलाड़ी सेरेना विलियम्स को खेल की ड्रग-टेस्टिंग संस्था इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने 22 फरवरी से दोबारा टेनिस खेलने के लिए पात्र सूचीबद्ध किया है। हालांकि, 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन महिला टूर में वापसी करेंगी या नहीं, इस पर अभी स्थिति स्पष्ट नहीं है। 44 वर्षीय सेरेना ने पिछले साल के अंत में टेनिस एंटी-डोपिंग टेस्टिंग पूल में दोबारा शामिल होकर अटकलों को हवा दी थी। हालांकि, उस समय उन्होंने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा था कि इसका मतलब खेल में वापसी की तैयारी नहीं है। सेरेना ने करीब दो दशकों तक महिला टेनिस पर अपना दबदबा कायम रखा। पिछले महीने एनबीसी के लोकप्रिय शो 'टुडे' में उपस्थिति के दौरान जब उनसे संभावित वापसी को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने सीधे जवाब देने से परहेज किया, जिससे चर्चाएं एक बार फिर तेज हो गईं। महिला टेनिस संघ (डब्ल्यूटीए) ने इस मुद्दे पर सामान्य कार्य समय के बाहर पूछे गए सवालों पर फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### झेंग की दमदार वापसी, एंड्रीएवा अंतिम-16 में



**दोहा।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने चोट से वापसी करते हुए कतर ओपन टेनिस टूनार्मेंट में शानदार जीत दर्ज की। झेंग ने सोमवार को खेले गए मुकाबले में 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता सोफिया केनिन को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मैच में 4-6, 6-1, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका सामना एलिसिया पार्क्स से होगा। सितंबर पिछले साल के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी टेनिस में उतरीं झेंग इस समय विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर हैं। सीजन के अपने पहले ही मैच में उन्होंने 20 ऐस जमाकर जोरदार संदेश दिया। मैच के बाद झेंग ने कहा चोट के बाद वापसी कभी पूरी तरह दर्द-मुक्त नहीं होती। लेकिन मुझे लगता है कि मेरी कोहनी सही दिशा में ठीक हो रही है। मैं अच्छी स्थिति में हूं और दो घंटे तक सर्व करते हुए खेल जारी रख सकती हूं। उधर, पांचवीं वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीएवा ने राउंड ऑफ 64 में बाई मिलने के बाद अपने अभियान की शुरूआत जीत के साथ की। उन्होंने मग्दा लिनेट को 7-6 (7/0), 6-1 से हराकर अंतिम-16 में जगह बनाई। दिन के मुकाबलों में कुछ बड़े उलटफेर भी देखने को मिले। तीसरी वरीयता प्राप्त अमांडा एनिसिमोवा करोलिना प्लिस्कोवा के खिलाफ तीसरे सेट में पिछड़ते हुए मुकाबले से हट गईं। वहीं, पूर्व यूएस ओपन चैंपियन एमा राडुकानू को भी कैमिला ओसोरियो के खिलाफ निर्णायक सेट में रिटायर होना पड़ा।

### फुट सर्जरी के बाद जैक ग्रीलिश का सीजन समाप्त, वर्ल्ड कप खेलने की उम्मीदों को झटका



**लिवरपूल।** एवर्टन के मिडफील्डर जैक ग्रीलिश ने पुष्टि की है कि फुट में स्ट्रेस फ्रैक्चर की सर्जरी के बाद उनका मौजूदा सीजन समाप्त हो गया है। यह चोट उनके लिए बड़ा झटका मानी जा रही है, क्योंकि इससे इंग्लैंड की वर्ल्ड कप टीम में जगह बनाने की उनकी उम्मीदों को भी नुकसान पहुंचा है। 30 वर्षीय ग्रीलिश, जो मैनचेस्टर सिटी से लोन पर एवर्टन के लिए खेल रहे थे, को यह चोट पिछले महीने एस्टन विला के खिलाफ प्रीमियर लीग मुकाबले के दौरान लगी थी। उस मैच में एवर्टन ने 1-0 से जीत दर्ज की थी। इस सीजन ग्रीलिश ने एवर्टन के लिए सभी प्रतियोगिताओं में कुल 22 मुकाबले खेले, जिनमें उन्होंने दो गोल किए और छह असिस्ट दिए। उनके प्रदर्शन को देखते हुए यह कयास लगाए जा रहे थे कि उन्हें इंग्लैंड की राष्ट्रीय टीम में दोबारा बुलाया जा सकता है। सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ग्रीलिश ने लिखा मैं नहीं चाहता था कि मेरा सीजन इस तरह खत्म हो, लेकिन यही फुटबॉल है।

# हाई-ऑक्टेन फॉर्मूला स्ट्रीट रेस वीकेंड की 15 फरवरी को मेजबानी करेगा गोवा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

इंडियन रेसिंग फेस्टिवल इस फरवरी अपने पहले गोवा संस्करण के साथ एक नया अध्याय लिखने जा रहा है। 14 और 15 फरवरी को गोवा एक हाई-ऑक्टेन फॉमूर्ला स्ट्रीट रेस वीकेंड की मेजबानी करेगा, जहां मनोहर इंटरनेशनल एयरपोर्ट एक अस्थायी मोटरस्पोर्ट हब में तब्दील हो जाएगा।

यह आयोजन चैंपियनशिप के चौथे राउंड के रूप में आयोजित किया जाएगा और इसकी गिनती फेस्टिवल की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी पहलों में होगी।



इंडियन रेसिंग लीग की एक विशिष्ट पहचान इसकी समावेशी टीम संरचना है। प्रत्येक टीम में चार ड्राइवर होते हैं–एक अनुभवी अंतरराष्ट्रीय रेसर, एक उभरती हुई वैश्विक प्रतिभा, एक भारतीय ड्राइवर और एक महिला रेसर। यह प्रारूप न केवल प्रतिस्पर्धात्मक स्तर को ऊंचा उठाता है, बल्कि भारतीय प्रतिभाओं के विकास और शीर्ष स्तर पर लैंगिक प्रतिनिधित्व को भी बढ़ावा देता है।

**प्रमुख ड्राइवरों पर रहेगी नजर**

हैदराबाद ब्लैक बर्ड्स की ओर से दिव्य नंदन पर विशेष निगाहें होंगी। 2024 F4 इंडिया चैंपियनशिप में चेन्नई स्ट्रीट रेस में पोल पोजीशन हासिल करने और GB3 व ब्रिटिश F4 में भाग लेने के अनुभव के साथ, नंदन चुनौतीपूर्ण सर्किटों पर तेजी से ढलने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते हैं। चेन्नई टर्बो राइडर्स को मौजूदा फॉमूर्ला 4 इंडिया चैंपियन अकील अलीभाई से बड़ी उम्मीदें होंगी। किच्चा किंग्स बेंगलुरु के लिए इंडियन रेसिंग लीग इतिहास के सबसे कम उम्र के रेस विजेता रूहान अल्वा पर ध्यान केंद्रित रहेगा। 2024 ऋ4 इंडिया के उप-विजेता और ब्रिटेन में पोडियम फिनिश के साथ, अल्वा को भारत के सबसे होनहार अंतरराष्ट्रीय नियार्तों में गिना जाता है।

**विशेष रूप से तैयार एफआईए-ग्रेड स्ट्रीट सर्किट**

इस ऐतिहासिक आयोजन का केंद्र 2.064 किलोमीटर लंबा, विशेष रूप से तैयार किया गया एफआईए-ग्रेड स्ट्रीट सर्किट है। हवाई अड्डे के विशाल परिसर में निर्मित इस ट्रैक में 12 मोड़ शामिल हैं, जिन्हें करीबी रेसिंग, लेट ब्रेकिंग और पोजीशन के लिए निरंतर संघर्ष को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। यह लेआउट एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और रोमांचक वीकेंड का मंच तैयार करता है।

**इंडियन रेसिंग लीग का चौथा राउंड**

गोवा स्ट्रीट रेस इंडियन रेसिंग लीग (आईआ एल) का चौथा राउंड है। शीर्ष टीमों के बीच अंकों का अंतर बेहद कम होने के कारण, गोवा सर्किट का हर लैप खिताब की दिशा तय करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सभी टीमें एक-समान Ligier JS F422 कारों में प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें 1.3-लीटर टबोर्चार्ज्ड अल्पाइन इंजन लगा है। समान तकनीकी प्लेटफॉर्म और तंग स्ट्रीट सर्किट का यह संयोजन व्हील-टू-व्हील रेसिंग सुनिश्चित करता है, जहां ड्राइवर की क्षमता और टीम रणनीति रफ्तार से भी अधिक अहम होगी।

# एशियन चैंपियनशिप: सोफिया शुल्झेंको का वर्ल्ड रिकॉर्ड, भारत के खाते में दो और स्वर्ण

**चार विश्व रिकॉर्ड, विश्व जूनियर रिकॉर्ड, एशियन रिकॉर्ड और एशियन जूनियर रिकॉर्ड दिलाए**

**नई दिल्ली। एजेंसी**

कजाखस्तान की निशानेबाज सोफिया शुल्झेंको ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी) महिला वर्ग में नया विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए मंगलवार को एशियन राइफल-पिस्टल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के सातवें दिन भारत ने डॉ. नई दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में दो और स्वर्ण पदक जीतकर अपनी बढ़त को और मजबूत किया। सोफिया ने 35 शॉट के फाइनल में 358.2 का स्कोर करते हुए स्वर्ण पदक जीता और भारत की आकृति दहिया से चार अंकों की बढ़त बनाई, जिन्हें रजत पदक मिला। आकृति की सीनियर साथी और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंजुम



मौदगिल ने 340.4 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। सोफिया के इस शानदार प्रदर्शन ने उन्हें एक साथ चार विश्व रिकॉर्ड, विश्व जूनियर रिकॉर्ड, एशियन रिकॉर्ड और एशियन जूनियर रिकॉर्ड दिलाए।

पेरिस ओलंपियन और पिछले वर्ष ब्यूनस आयर्स वर्ल्ड कप की कांस्य पदक विजेता एरिना मालिनोव्स्काया ने महिला 3पी क्वालिफिकेशन में 588 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। अंजुम मौदगिल ने 587 के साथ दूसरा स्थान पाया, जबकि आशी चौकसे 586 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

आकृति दहिया ने 583 के साथ छठा स्थान हासिल किया, जबकि विजेता सोफिया शुल्झेंको ने 587 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान पाया। फाइनल में पहले नी-लिंग राउंड के बाद तीनों भारतीय निशानेबाज शीर्ष पर थीं और आकृति दहिया बढ़त में थीं। हालांकि, प्रोन पोज़िशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए सोफिया दूसरे स्थान पर पहुंचीं। इसके बाद स्टैंडिंग पोज़िशन की दोनों पांच-शॉट सीरीज में 50 से अधिक अंक हासिल करने वाली वह एकमात्र शूटर रहीं और निर्णायक बढ़त बनाते हुए स्वर्ण पदक सुनिश्चित किया। दिन के अन्य मुकाबलों में भारत के आदर्श सिंह ने पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के पहले प्रिसिजन राउंड के बाद 291/300 के स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। पसंदीदा निशानेबाज अनीश भानवाला ने 287 का स्कोर किया और फाइनल की दौड़ में बने हुए हैं, जबकि नीरज कुमार ने 277 का स्कोर किया और उन्हें बुधवार (11 फरवरी) को होने वाले दूसरे रैपिड फायर राउंड में बेहतर प्रदर्शन की जरूरत होगी।

भारत की पदक तालिका में अब 39 स्वर्ण, 15 रजत और 12 कांस्य पदक हो चुके हैं और टीम इंडिया मजबूती से शीर्ष स्थान पर बनी हुई है।

**भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता**

जूनियर महिला 3पी फाइनल में भारत की प्राची गायकवाड़ ने 353.3 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। कजाखस्तान की 14 वर्षीय टॉमिरिस अमानोवा ने 351.4 के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की अनुष्का ठाकुर ने 341.1 के स्कोर के साथ (34वें शॉट के बाद) कांस्य पदक अपने नाम किया। प्राची, अनुष्का और हेजल की तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 1748 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो टीम कजाखस्तान से सात अंक अधिक था। सीनियर महिला 3ढ टीम स्पर्धा में कजाखस्तान ने 1760 के संयुक्त स्कोर के साथ भारत को चार अंकों से पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता।

### बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर की विजेता की घोषणा 16 को

नई दिल्ली। रास्ते अलग-अलग रहे हैं, लेकिन भारतीय खेलों पर इनका प्रभाव समान रूप से गहरा और निर्णायक है। अंजू बॉबी जॉर्ज और दीपा मलिक आज भारतीय महिला खेल की उस सोच को आकार दे रही हैं, जो पहुंच, विश्वास और समावेशन पर आधारित है। बीबीसी इंडियन स्पोर्ट्सवुमन ऑफ द ईयर की विजेता की घोषणा 16 फरवरी को की जाएगी। ग्रैंड जूरी सदस्य के रूप में अंजू बॉबी जॉर्ज और दीपा मलिक इसी दृष्टिकोण को पुरस्कार प्रक्रिया में लेकर आती हैं। अंजू बॉबी जॉर्ज के लिए यह सफर केरल के एक छोटे से कस्बे से शुरू हुआ, जब उस दौर में जब लड़कियों के लिए खेल को प्रोत्साहन मिलना दुर्लभ था। तमाम विरोध और चोटों से जूझते हुए उन्होंने इतिहास रचते हुए विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला पदक जीता। आज वह युवा खिलाड़ियों के साथ काम कर रही हैं और खेल में दृश्यता व पहचान के महत्व पर लगातार जोर देती हैं। अंजू बॉबी जॉर्ज ने कहा कि जब महिलाओं की यात्राओं को पहचान मिलती है, तो उनके प्रयास और महत्वाकांक्षा को मान्यता मिलती है। इससे उन्हें यह एहसास होता है कि उनकी कहानियां मायने रखती हैं।

## टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया पर जीत से नीदरलैंड्स की सुपर-8 उम्मीदें बरकरार

**नई दिल्ली। एजेंसी**

बास डी लीडे की नाबाद 72 रनों की संयमित पारी की बदौलत नीदरलैंड्स ने टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप-ए मुकाबले में नामीबिया को सात विकेट से हराकर सुपर-8 में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा। पहले गेंदबाजी करते हुए नीदरलैंड्स ने सधी हुई और अनुशासित प्रदर्शन के दम पर नामीबिया को 20 ओवर में 8 विकेट पर 156 रन पर रोक दिया। पिच गेंदबाजों के लिए मददगार थी, लेकिन बहुत मुश्किल नहीं थी। नई गेंद से लोगन वान बीक ने शानदार शुरूआत दिलाई और 2/13 के किफायती आंकड़े दर्ज किए। ऑफ-स्पिनर आर्यन डट (1/13) ने चार ओवर के कसे हुए स्पेल में रन गति पर लगाम लगाए रखी। डट ने पारी की शुरुआत में ही निकोलास डेविन स्टीनकैंप को आगे बढ़ने के लिए उकसाया और विकेटकीपर स्कॉट एडवर्ड्स ने फुर्ती से स्टंपिंग पूरी की। नामीबिया की शुरुआत बेहद धीमी रही और पावरप्ले के पहले पांच ओवरों में टीम सिर्फ 29 रन ही बना सकी। इसके बाद जान फ्रायलिंक (30) और जान निकोल लॉफ्टी-ईटन (42) ने 50 रनों की साझेदारी कर पारी को संभालने की कोशिश की।




लॉफ्टी-ईटन और फ्रायलिंक ने कॉलिन एकरमैन की ऑफ-स्पिन पर कुछ आक्रामक शॉट लगाए, लेकिन वान बीक ने वापसी करते हुए फ्रायलिंक को आउट कर साझेदारी तोड़ दी। कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने टिम वान डर गुग्टेन के एक ओवर में तेज रन बनाकर नामीबिया को 100 के पार पहुंचाया, लेकिन नीदरलैंड्स ने दबाव लगातार बनाए रखा। स्कॉट एडवर्ड्स ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल कर रन गति पर नियंत्रण बनाए रखा। वान बीक ने सेट बल्लेबाज लॉफ्टी-ईटन को भी पवेलियन भेजा। जे.जे. स्मिथ ने अंत में कुछ आकर्षक शॉट लगाए, लेकिन डी लीडे ने उनकी पारी पर विराम लगा दिया।

## आरपीसी मीडिया कप 2026: अमानत दमदार जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में

● कारो जीत के बावजूद नेट रन रेट के कारण बाहर

**संवाददाता**

**रांची।** रांची स्थित जेके क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड में खेले जा रहे आरपीसी मीडिया कप 2026 के लीग मुकाबले मंगलवार को रोमांचक क्रिकेट और बड़े प्रदर्शन के गवाह बने। टूर्नामेंट के तहत खेले गए दो मुकाबलों में जहां अमानत की टीम ने शानदार जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, वहीं कारो की टीम जीत के बावजूद खराब नेट रन रेट के कारण अंतिम आठ में पहुंचने से चूक गई। दिन का पहला मुकाबला दामोदर बनाम अमानत के बीच खेला गया। टॉस के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए दामोदर की टीम निर्धारित 16



ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 113 रन ही बना सकी। टीम की ओर से असगर खान ने संघर्षपूर्ण अर्धशतक लगाते हुए 52 रनों की पारी खेली, लेकिन अन्य बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। अमानत की ओर से गेंदबाजी में बृजेश सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट 18 रन देकर झटके, जबकि शमीम राजा को 2 विकेट मिले। 114 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अमानत की टीम ने बेहद आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। ओपनर शमीम राजा ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 86 रन बनाए, जबकि वेद प्रकाश 14 रन बनाकर अंत तक उनके साथ टिके रहे। अमानत ने महज 8 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया और मुकाबला 10 विकेट से अपने नाम किया।

इस शानदार प्रदर्शन के लिए शमीम राजा को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। दिन का दूसरा मुकाबला कारो और कनहर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कनहर की टीम ने 16 ओवर में 5 विकेट खोकर 149 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। बासुदेव मिश्रा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 80 रन बनाए, वहीं विकास कुमार ने 21 रन का योगदान दिया।

## व्यापार

## घरेलू शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों की वापसी, फरवरी में 2 अरब डॉलर की खरीदारी

**नई दिल्ली। एजेंसी**

साल 2025 के दौरान लगातार बिकवाल (सेलर) की भूमिका में बने रहे विदेशी निवेशकों की भारतीय शेयर बाजार में एक बार फिर दिलचस्पी बढ़ती हुई नजर आने लगी है। फरवरी के महीने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अभी तक दो अरब डॉलर से अधिक की खरीदारी की है। शेयर बाजार की चाल में आई तेजी की एक बड़ी वजह विदेशी निवेशकों की वापसी को भी माना जा रहा है। 1 फरवरी 2026 से लेकर आज तक के कुल आठ कारोबारी दिनों में सिर्फ दो दिन ऐसे रहे हैं, जब विदेशी संस्थागत निवेशकों ने घरेलू शेयर बाजार में बिकवाली की है। दूसरी ओर, शेष छह दिन विदेशी निवेशकों ने जम कर खरीदारी की। विदेशी निवेशकों की ये



खरीदारी ऐसे समय पर हो रही है, जब भारतीय बाजार बिकवाली के भारी दबाव से गुजर चुके हैं। पिछले दिनों हुई जोरदार बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार का वैल्यूएशन दूसरे एशियाई बाजार की तुलना में अधिक आकर्षक हो गया है।

मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि सेंसेक्स अपने एक साल फॉरवर्ड के प्राइस-टू-अर्निंग (पीई) मल्टीपल के 20.50 गुना के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निफ्टी 20.10 गुना के स्तर पर बना हुआ है। ये स्तर सेंसेक्स और निफ्टी दोनों के 10 साल के औसत के बराबर है। वहीं ब्रॉडर मार्केट में बीएसई का मिडकैप इंडेक्स अपने एक साल के फॉरवर्ड प्राइस-टू-अर्निंग के करीब 28 गुना के स्तर पर है।

हालांकि इसका लॉन्ग टर्म एवरेज 27.3 गुना के आसपास माना जाता है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी के अनुसार जापान को छोड़ कर एशिया के दूसरे बाजार की तुलना में भारत का फॉरवर्ड पीई प्रीमियम अपने लॉन्ग टर्म एवरेज पर लौट आया है।

## सर्राफा बाजार में चमकी चांदी, सोने के भाव में गिरावट का रुख

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना 840 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 920 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। दूसरी ओर, चांदी ने 16,200 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,57,920 रुपये से लेकर 1,58,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,44,760 रुपये से लेकर 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। जबकि चांदी की कीमत में उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सरार्फा बाजार में 3,01,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,58,070 प्रति 10 ग्राम के स्तर



पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,910 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,57,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,57,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,44,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

### लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## निवेशकों ने कमाये 81 हजार करोड़ रुपये

**नई दिल्ली। एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट आ गई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना कर बाजार को संभाल लिया। दिन के पहले सत्र के कारोबार में ज्यादातर समय खरीदारी का जोर बना रहा, लेकिन दूसरे सत्र में दोपहर एक बजे के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो गई। इस मुनाफा वसूली की वजह से बाजार की बढ़त में कमी आ गई। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। कारोबार के



दौरान मीडिया और ऑटोमोबाइल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। निफ्टी का मीडिया इंडेक्स दो प्रतिशत की तेजी हासिल करने में सफल रहा। इसी तरह आईटी, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, मेटल, ऑयल एंड गैस और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स और टेक इंडेक्स गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.50 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 80 हजार करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन कारोबार के बाद बढ़ कर 474.15 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री कार्की ने नेपाली सेना को निर्वाचन सुरक्षा के प्रति सचेत कराया

**काठमांडू।** अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने नेपाली सेना को चुनावी सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कमी न रहने देने का निर्देश दिया है। प्रधानमंत्री कार्की ने राजनीतिक गतिविधियों को बिना किसी बाधा के संचालित करने का वातावरण तैयार करने के लिए अन्य संबंधित निकायों के साथ सहयोग करने का भी निर्देश दिया। सैन्य मुख्यालय में मंगलवार को कमांड समन्वयात्मक बैठक के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने अतीत की तरह सुरक्षा तंत्रों के बीच हुई त्रुटियों को दोहराने से बचने की चेतावनी दी। सेना को निर्देश देते हुए प्रधानमंत्री कार्की ने कहा कि यदि पूर्व में सुरक्षा तंत्रों के बीच समन्वय में कहीं त्रुटियां और रिक्तताएं रही हों, तो अब ऐसी स्थिति दोबारा न हो।

### मुठभेड़ में अंतर जनपदीय गो तस्कर गिरफ्तार

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर के सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में मंगलवार को मुठभेड़ में अंतर जनपदीय गो तस्कर को गिरफ्तार किया गया। पैर में गोली लगने से अभियुक्त घायल हुआ, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। क्षेत्राधिकारी सदर देवेश कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि सरायख्वाजा पुलिस टीम पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पास संदिग्ध वाहन और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक सफेद पिकअप पर सवार दो संदिग्ध पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस के पीछा किए जाने पर बदमाशों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी।

### इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता में आठ बाल वैज्ञानिकों का चयन



**उत्तरकाशी।** अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, उत्तरकाशी में इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत आयोजित दो दिवसीय जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में 78 छात्रों ने अपने नवाचार आधारित मॉडल प्रदर्शित किए। मूल्यांकन के बाद राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए जनपद के 8 बाल वैज्ञानिकों का चयन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौहान ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर छात्रों की रचनात्मकता और नवाचार की सराहना की। मुख्य शिक्षा अधिकारी अमित कोटियाल ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। जिला सह समन्वयक डॉ. संजीव डोभाल ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों से वैज्ञानिक और नवोन्मेषी विचार आमंत्रित किए जाते हैं। चयनित छात्रों को मॉडल बनाने के लिए 10,000 की प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है।

### कलश यात्रा में भगदड़, एक महिला की मौत

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले के डबरा नगर में मंगलवार को नवग्रह शक्तिपीठ की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले निकाली जा रही कलश यात्रा के दौरान स्टेडियम ग्राउंड में अचानक भगदड़ मच गई। इस हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची समेत 9 लोग घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, ग्वालियर के डबरा नगर में 12 एकड़ क्षेत्र में बनाए गए नवग्रह शक्तिपीठ की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मंगलवार से शुरू हुआ, जो 20 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य यजमान वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा हैं।

### कार की टक्कर से टोल कर्मचारी की मौत

**झुंझुनू।** झुंझुनू जिले के सूरजगढ़-चिड़ावा मार्ग पर स्थित रघुनाथपुरा टोल प्लाजा पर सोमवार देर रात करीब एक बजे तेज रफ्तार कार बंद पड़ी टोल लाइन में घुस गई। कार की चपेट में आने से एक टोल कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूरजगढ़ थाना प्रभारी दौलतराम ने बताया कि सूरजगढ़ की ओर से आ रही एक कार तेज स्पीड में थी। टोल प्लाजा के पास पहुंचते ही ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया।

### जयपुर पुलिस कचरस, स्मैक और एमडी के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शहर के तीन अलग-अलग थाना इलाकों में दबिश दी है। पुलिस ने कुल 1 किलो 344 ग्राम चरस, 10.20 ग्राम स्मैक और 4.84 ग्राम एमडी बरामद कर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए नशे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12.50 लाख रुपये बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि जयपुर शहर में चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत सीएसटी ने आमेर, सांगानेर सदर और बगरू पुलिस के साथ मिलकर 1 किलो 344 ग्राम चरस, 10.20 ग्राम स्मैक और 4.84 ग्राम एमडी बरामद कर पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

### बर्फबारी होने से पर्यटकों में उत्साह देखने को मिला

**पूंछ।** इस बार हुई भारी बर्फबारी के बाद जिले के पर्यटन स्थल एक बार फिर गुलजार होने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों की तुलना में इस बार अधिक बर्फबारी होने से पर्यटकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक बर्फ से ढके मैदानों, पहाड़ों और जंगलों में मस्ती करते हुए बर्फ का आनंद उठा रहे हैं। जिले के लोरन ब्लॉक स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सुल्तान पत्थरी में आज पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

मुख्यमंत्री धामी ने एकल महिला स्वरोजगार योजना का किया शुभारंभ

# 484 लाभार्थियों को 3 करोड़ 45 लाख 34 हजार 500 रुपये की धनराशि हस्तांतरित की

● महिला सशक्तिकरण से ही समाज और राष्ट्र सशक्त होता है




**देहरादून। एजेंसी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से प्रथम चरण में छह जनपदों की 484 एकल महिलाओं के खातों में 3 करोड़ 45 लाख 34 हजार 500 रुपये की धनराशि हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि योजना के तहत बागेश्वर, देहरादून, नैनीताल, पौड़ी, टिहरी और ऊधमसिंहनगर जनपदों की महिलाओं को लाभान्वित किया गया है, जबकि शेष सात जनपदों की 540 महिलाओं को लगभग चार करोड़ रुपये की सहायता माह के अंत तक प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह योजना विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा, एसिड अटैक पीड़ित, आपराधिक घटनाओं की पीड़िता और ट्रांसजेंडर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से ही समाज और राष्ट्र सशक्त होता है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में पांच लाख से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आजीविका अर्जित कर रही हैं। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि यह योजना एकल महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। सचिव चंद्रेश यादव ने बताया कि योजना के तहत अधिकतम दो लाख रुपये तक की परियोजनाओं पर 75 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

## वैष्णो देवी रोपवे परियोजना में मंत्रिमंडल की कोई भूमिका नहीं: उमर



**जम्मू। एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए रोपवे परियोजना को मंजूरी देने में मंत्रिपरिषद की कोई भूमिका नहीं थी। विधानसभा में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड की जांच करने पर उन्हें पता चला कि परियोजना को मंजूरी देने में उनके मंत्रिमंडल की कोई भूमिका नहीं थी। एक सदस्य ने कहा था कि मंत्रिमंडल ने रोपवे परियोजना को मंजूरी दे दी है। रिकॉर्ड की जांच की और पाया कि मंत्रिमंडल ने इसे मंजूरी नहीं दी थी। उन्होंने कहा यह प्रशासनिक परिषद का निर्णय भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्वाचित सरकार के गठन से पहले सितंबर 2024 में उपराज्यपाल द्वारा परियोजना को मंजूरी दी गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन और जनता दोनों को गुमराह किया जा रहा है। उमर ने कहा भावुक क्षण में सदस्य ने कल इस्तीफा देने की धमकी दी थी। माता वैष्णो देवी क्षेत्र के विधायक बलदेव राज शर्मा ने सोमवार को सदन में दावा किया था कि मंत्रिमंडल ने परियोजना को मंजूरी दे दी है और यदि उनका दावा गलत साबित हुआ तो वे इस्तीफा दे देंगे

## मलाला यूसुफजई ने मुस्लिम देशों से तालिबान से रिश्ते खत्म करने की अपील की

● तालिबान की पाबंदियों की वजह से औरतें घर से बाहर नहीं निकल पातीं या काम नहीं कर पातीं



**लंदन। एजेंसी**


नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने दुनिया भर के देशों खासतौर पर मुस्लिम मुल्कों से तालिबान पर दबाव बनाने और उनके साथ सामान्य कूटनीतिक रिश्ते बनाए रखने से बचने की अपील की है। मलाला ने लड़कियों की शिक्षा को लेकर अफगानिस्तान के मौजूदा हालात को बहुत खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि तालिबान सुनियोजित तरीके से लड़कियों और महिलाओं को उनके मौलिक अधिकारों से दूर रख रहा है। पाकिस्तान के दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार मलाला ने दुनियाभर के देशों से यह आग्रह एक प्राइवेट टीवी चैनल के साथ एक खास साक्षात्कार में किया। मलाला ने कहा, "तालिबान लड़कियों को पढ़ाई के उनके बुनियादी अधिकार से दूर कर रहा है। लड़कियों के लिए स्कूल बंद हैं, लेकिन अफगान लड़कियों ने हार नहीं मानी है। वे लुके-छुपे चल रहे स्कूलों और ऑनलाइन लर्निंग के जरिए पढ़ाई जारी रखे हुए हैं।"

उन्होंने कहा कि तालिबान की पाबंदियों की वजह से औरतें घर से बाहर नहीं निकल पातीं या काम नहीं कर पातीं। इसका अफगान बच्चों के भविष्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

मलाला ने लड़कियों की पढ़ाई पर तालिबान के प्रतिबंध की बुराई करते हुए इसे इस्लाम की शिक्षा के खिलाफ बताया। उन्होंने कहा, "किसी भी लड़की को धर्म के नाम पर पढ़ाई से दूर नहीं किया जाना चाहिए। सीखना धर्म का हिस्सा है और तालिबान को अपने धर्म को सही ढंग से समझने की जरूरत है।"

उन्होंने पाकिस्तान और दूसरे मुस्लिम देशों समेत सभी देशों से मानवाधिकारों के आधार पर काम करने और तालिबान के गैर-इस्लामिक कामों की सबके सामने बुराई करने की अपील की। मलाला ने अफगान लड़कियों के लिए अपना समर्थन भी दोहराया और कहा कि वह उनके साथ खड़ी हैं और उनके फायदे के लिए शैक्षणिक परियोजनों का समर्थन करती रहेंगी।

## डिजिटल तकनीक में साइबर सुरक्षा बड़ी चुनौती: प्रो. विक्रम



**सिरसा। एजेंसी**

चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा (सीडीएलयू) के प्रो. विक्रम सिंह ने कहा कि डिजिटल तकनीक के तेजी से बढ़ते उपयोग के साथ साइबर सुरक्षा सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जहां जीवन को आसान बना रहा है, वहीं इंटरनेट के दुरुपयोग से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए जागरूकता, सतर्कता और सही डिजिटल आदतें अपनाना अत्यंत आवश्यक है। प्रो. विक्रम मंगलवार को सुरक्षित इंटरनेट दिवस पर सीडीएलयू में जागरूकता कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

प्रो. विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों से सोशल मीडिया पर सोच-समझकर जानकारी साझा करने, मजबूत पासवर्ड अपनाने और ओटीपी व बैंक संबंधी विवरण किसी के साथ साझा न करने का आह्वान किया। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी रमेश शर्मा ने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए प्रत्येक नागरिक को डिजिटल स्वच्छता के नियमों का पालन करना चाहिए।

उन्होंने डीपफेक, फिशिंग, ऑनलाइन ठगी और फर्जी लिंक के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसी भी सूचना या संदेश पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को सरकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग तथा डेटा गोपनीयता के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। इस कार्यशाला में साइबर थाना प्रभारी श्याम सुंदर ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की और एआई कॉन्टेंट के लाभ व नुकसान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### शिमला में बिना दस्तावेजों और परमिट के चल रही बस जब्त

**शिमला।** राजधानी शिमला में यात्री सुरक्षा और परिवहन नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए आरटीओ शिमला ने विशेष अभियान के दौरान एक निजी बस को जब्त किया है। अधिकारियों के अनुसार यह बस बिना वैध दस्तावेजों और एक्सपायर्ड फिटनेस प्रमाणपत्र के सड़कों पर चल रही थी, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को खतरा हो सकता था। जब्त किए गए वाहन को आगे की कार्रवाई तक एचआरटीसी कार्यशाला में खड़ा कर दिया गया है। आरटीओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बस संख्या ल्ढ-51-3201 की जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। वाहन का फिटनेस प्रमाणपत्र समाप्त हो चुका था और बस के पास वैध परमिट भी नहीं था। जांच में यह भी पाया गया कि चालक के पास मौके पर न तो ड्राइविंग लाइसेंस था और न ही वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र उपलब्ध था। इसके अलावा बस पर विशेष सड़क कर भी लंबित था, जो वर्ष 2021 से जमा नहीं कराया गया था। अधिकारियों ने यह भी पाया कि बस अपने निर्धारित परमिट मार्ग से बाहर चल रही थी।

## कलाकारों को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिला रहा सूरजकुंड मेला : डॉ अरविंद

अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में पर्यटन मंत्री ने की शिरकत



**फरीदाबाद। एजेंसी**

हरियाणा के पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा है कि यह मेला केवल कला और संस्कृति का उत्सव नहीं, बल्कि देश के शिल्पकारों, कलाकारों और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अवसर प्रदान करने वाला एक सशक्त मंच है। पर्यटन मंत्री शर्मा सोमवार देर शाम अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले की चौपाल पर उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला वर्ष 1987 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में इस मेले की भव्यता, सुंदरता और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। मंत्री डॉ. शर्मा ने हाल ही में मेले से पूर्व घटित दुर्भाग्यपूर्ण हादसे का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रशासन, पुलिस, पर्यटन प्राधिकरण और जिला प्रशासन की तत्परता से स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पाया गया और किसी भी आम नागरिक को कोई क्षति नहीं हुई। उन्होंने जांबाज इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की वीरता और शहादत को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर कई लोगों की जान बचाई, जिसे प्रदेश सदैव स्मरण रखेगा। पर्यटन मंत्री ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला शिल्पकारों, कलाकारों और हस्तशिल्प से जुड़े लोगों के लिए एक्सपोजर प्लेटफॉर्म है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 44 देशों ने भाग लिया था।

### रामानुजगंज सहकारी बैंक में दोहरी ऋण वसूली का मामला, किसान परेशान

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले के रामानुजगंज स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। बैंक की लापरवाही का एक मामला सामने आया है, जिसमें एक किसान से ऋण की राशि दो बार वसूल ली गई। यह अनियमितता तब उजागर हुई, जब किसान ने स्वयं अपने खाते और रसीदों का मिलान किया। फिलहाल यह एक मामला सामने आया है, लेकिन इससे ग्रामीण क्षेत्र के अन्य किसानों के खातों में भी इसी तरह की गड़बड़ी की आशंका गहराती जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम धनपुरी निवासी किसान रामजन्म महतो ने 28 नवंबर 2025 को अपने खाते में 20,922 रुपये जमा कर ऋण चुका दिया था। इस भुगतान की ट्रांजेक्शन संख्या ळठ733330032622 दर्ज है। इसके बावजूद, 8 जनवरी 2026 को धान खरीदी के एवज में प्राप्त राशि से पुनः 20,922 रुपये काट लिए गए, जिसकी रिसीविंग 13 जनवरी 2026 को जारी की गई। किसान रामजन्म महतो का कहना है कि यदि उन्होंने स्वयं रसीद और खाते का विवरण नहीं मिलाया होता।

## बांग्लादेश में चुनाव सिर पर, बसों का किराया बढ़ा, लोगों ने हाइवे जाम किया



**ढाका (बांग्लादेश)। एजेंसी**

देश में 12 फरवरी को होने वाले संसदीय चुनाव में हिस्सा लेने के लिए कामकाजी लोग अपने-अपने घरों को लौटने लगे हैं। वह बस मालिकों के मनमाना किराया वसूलने से परेशान हैं। यात्रियों के सब्र का बांध मंगलवार सुबह टूट गया। उन्होंने सुबह करीब आठ बजे आशुलिया के बाइपेल इलाके में नबीनगर-चंद्रा हाइवे जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक लोग सड़क से हिले-डुले नहीं। इससे अफरा-तफरी मच गई।

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यात्रियों ने कहा कि चुनाव से पहले सोमवार कई गारमेंट फैक्टरी वर्कर के लिए काम का आखिरी दिन था। इस कारण बड़ी संख्या में वह लोग अपने गांव लौटने के लिए बसों में सवार हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि बस कंडक्टर इसका फायदा उठाकर ज्यादा किराया वसूल रहे हैं। जमालपुर जा रहे मुखलेस ने कहा कि किराया तीन गुना से भी ज्यादा वसूला जा रहा है। उन्होंने कहा, "मैं जमालपुर अपने घर जाना चाहता हूं। पहले किराया 300 टका था। अब वे 1,000 टका मांग रहे हैं।

अधिकारियों को किराया तय कराना चाहिए। राजशाही जा रहे अबुल कलाम सोहाग ने भी यही शिकायत दोहराई। उन्होंने कहा चुनाव के लिए फैक्टरी की छुट्टियों के बाद वर्कर वोट देने के लिए घर लौट रहे हैं।

बस वाले दोगुना किराया मांग रहे हैं। पहले किराया 500 टका था। अब वे 1,000 टका से ज्यादा मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी ही स्थिति रही तो कई लोग वोट डालने के लिए घर नहीं जा पाएंगे। सावर हाइवे थाना प्रभारी शेख शाहजहां ने कहा कि हाइवे पर यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। इस वजह से कई लोग सड़क पर खड़े थे, जिससे जाम लग गया। उल्लेखनीय है कि चुनाव की घोषणा होते ही दिसंबर में पुलिस महानिरीक्षक बहारुल आलम ने चेतावनी दी थी कि छोटी-छोटी बातों पर सड़कों और हाइवे को ब्लॉक करने का बढ़ता चलन तुरंत बंद होना चाहिए। अगर यह परिपाटी जारी रही तो 12 फरवरी को होने वाले राष्ट्रीय चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था में रुकावट आएगी।

कलश यात्रा › मुख्यमंत्री ने गोविंददेव मंदिर से विशाल कलश यात्रा का किया शुभारंभ

## भारतीय संस्कृति 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना पर आधारित है: भजनलाल

● परंपरा का अनुसरण बाबा बस्तीनाथ महाराज द्वारा किया जा रहा है

● मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है



**जयपुर। एजेंसी**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर के आराध्य गोविंददेव मंदिर परिसर स्थित जय निवास उद्यान से विधिवत पूजा-अर्चना कर विशाल कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत-महात्मा राष्ट्र को सही दिशा देकर सनातन संस्कृति को सशक्त बना रहे हैं। उनके विचार मानवता, सेवा और सद्भावना का संदेश देते हैं। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे संतों की शिक्षाओं और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें तथा भारत की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि बाबा बालनाथ ने भारतीय धर्म एवं संस्कृति के संवर्धन में अद्वितीय योगदान दिया और उसी परंपरा का अनुसरण बाबा बस्तीनाथ महाराज द्वारा किया जा रहा है।

शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' की भावना पर आधारित है, जो समस्त मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बाबा बस्तीनाथ महाराज को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उनके आशीर्वचन भी सुने। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने गोविंददेव मंदिर में दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की और प्रदेश की सुख-समृद्धि व कल्याण की कामना की। मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं से उन्होंने आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान भक्तों के जयघोष से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में विधायक देवी सिंह शेखावत सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दंपति सहित चार नशा तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने एक दंपति सहित चार नशा तस्कारों को गिरफ्तार कर हेरोइन व चूरापोस्त बरामद किया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए तस्करों की पहचान सिरसा जिला निवासी कुलवंत सिंह, बिंद्र कौर, जितेंद्र कुमार व सखुबीर सिंह के रूप में हुई। सीआईए सिरसा प्रभारी ने मंगलवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान रोड़ी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान नहर पुल के नजदीक एक मोटरसाइकिल पर एक पुरुष व महिला आती दिखाई दिए, जो कि पुलिस टीम को देखकर वापस मुड़ गए। पुलिस ने शक के आधार पर उनका पीछा कर उन्हें रोका और तलाशी ली तो उसके कब्जे से 11 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान कुलवंत सिंह व उसकी पत्नी बिंद्र कौर के रूप में हुई। इसके अलावा पुलिस ने सिरसा के सी ब्लॉक क्षेत्र से बाइक सवार एक व्यक्ति को साढ़े तीन किलोग्राम चूरापोस्त सहित दबोचा है। पुलिस टीम गश्त पर थी। सी ब्लॉक क्षेत्र में बाइक सवार को पुलिस ने जांच के लिए रोका।

### 1.8 किलो चरस के साथ नेपाली तस्कर गिरफ्तार

**शिमला।** शिमला जिला पुलिस के नशा विरोधी अभियान के तहत चौपाल थाना क्षेत्र में पुलिस ने नेपाली मूल के एक व्यक्ति को बड़ी मात्रा में चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार थाना चौपाल की टीम ने सोमवार की रात नियमित गश्त के दौरान एक व्यक्ति की तलाशी ली और उसके कब्जे से 1.811 किलोग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान 50 वर्षीय चंदन बुधा के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नेपाल का निवासी है और वर्तमान में चौपाल के पुजारली गांव में रह रहा था। चरस बरामदगी के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20 के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। शिमला के एसएसपी गौरव सिंह ने मंगलवार को बताया कि मामले की जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि बरामद चरस कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। उन्होंने कहा कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## जल स्रोत बचाने ग्रामीणों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**धमतरी। एजेंसी**

धमतरी शहर से लगे ग्राम रत्नाबांधा एवं मुजगहन की सीमा पर स्थित प्राचीन विशाल तालाब को स्वच्छ रखने तथा जल स्रोत को संरक्षित करने के उद्देश्य से ग्रामीणों द्वारा व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए यह अभियान विगत तीन दिनों से युद्ध स्तर पर संचालित किया जा रहा है, जिससे आने वाले दिनों में क्षेत्रवासियों को पानी की समस्या का सामना न करना पड़े। इस तालाब का ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व है। रत्नाबांधा और मुजगहन दोनों गांवों के साथ-साथ आसपास के शहर से लगे वार्डों के नागरिक भी वर्षों से इस तालाब का निस्तारी के रूप में उपयोग करते आ रहे हैं। समय के साथ तालाब में जलकुंभी और खरपतवार की अत्यधिक वृद्धि होने लगी थी, जिससे जल स्रोत प्रभावित हो रहा था और तालाब की स्वच्छता पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा था। क्षेत्र के जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने बताया कि ग्रामीणों की लगातार मांग के अनुरूप तालाब की नियमित साफ-सफाई की दिशा में यह अभियान शुरू किया गया है।






# अनोखी है श्रीखंड महादेव यात्रा


आस्था से सराबोर हमारे देश में कई धर्मस्थल है, इनमें से ऐसे कई धर्मस्थल ऐसे भी हैं जहां धार्मिक यात्राएं की जाती हैं। इन्हीं में से एक यात्रा है, श्रीखंड महादेव यात्रा। यह यात्रा हिमाचल प्रदेश में मौजूद श्रीखंड दर्शन के लिए की जाती है। यह यात्रा वर्ष में एक बार जून-जुलाई माह में होती है। तो जानते हैं इस धार्मिक यात्रा से जुड़ी बातें

- श्रीखंड महादेव हिमाचल के ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क के पास है। स्थानीय लोगों की मानें तो, इस चोटी पर भगवान शिव का वास है।
- यहां मौजूद शिवलिंग की ऊंचाई 72 फीट है। यहां तक पहुंचने के लिए सुंदर घाटियों के बीच से एक ट्रेक है।
- श्रीखंड महादेव के दर्शन के लिए 18570 फीट की ऊंचाई पर चढ़ना होता है।
- श्रीखंड यात्रा के लिए 25 किलोमीटर की सीधी चढ़ाई श्रद्धालुओं के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होती है।
- लगभग 18 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित श्रीखंड यात्रा के दौरान सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की भी कमी पडती है।



## धार्मिक यात्रा का पौराणिक महत्व


पौराणिक मत के अनुसार, एक बार एक दैत्य भस्मासुर ने शिव की तप से प्रसन्न कर वरदान मांगा था कि वह जिस पर भी अपना हाथ रखेगा तो वह भस्म होगा। दैत्य स्वभाव होने के कारण उसने



माता पार्वती से शादी करने इच्छा हुई। तब भस्मापुर ने शिव के ऊपर हाथ रखकर उन्हें भस्म करने की योजना बनाई, लेकिन भगवान विष्णु ने मोहिनी रुप रख, उससे नृत्य करने की मंशा जाहिर की और इस तरह नृत्य में ही उसका हाथ उसके सिर पर रखवा दिया। जिससे भस्मासुर जलकर भस्म हो गया। कहते हैं जहां भस्मासुर का अंत हुआ था। श्रीखंड महादेव मंदिर परिसर में वो जगह वर्तमान में भी मौजूद है।

## यात्रा के लिए यहां से करते हैं शुरूआत

जून-जुलाई में शुरू होने वाली यात्रा के लिए भक्त हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर से कुल्लू जिला और फिर यहां से निरमंड से होते हुए बागीपुल पहुंचते हैं। और यहां से शुरू होती है 30 किमी की आस्था से सराबोर यात्रा।



# इस मंत्र का जप करने से नहीं आती अकाल मृत्यु

मौत जिंदगी का अंतिम सत्य है। इस सत्य से आप किनारा नहीं कर सकते हैं। क्योंकि जिस व्यक्ति ने इस पृथ्वी पर जन्म लिया है। उसकी मौत निश्चित है। लेकिन ये मौत अकाल मौत न हो इसके लिए कुछ उपाय करना बेहद जरूरी है। क्योंकि ईश्वर ने आपको एक तय उम्र दी है। जिसमें आप नेक कर्म कर जन्म-जन्मांतर के चक्र से मुक्त होकर मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए अकाल मृत्यु से बचने के लिए आप ये उपाय जरूर आजमाएं...

- शिवपुराण के अनुसार जो महाकाल के भक्त होते हैं उनका काल भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता।
- अकाल मृत्यु से बचने के लिए जल में तिल और शहद मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए। महामृत्युंजय मंत्र और ऊं नमः शिवाय मंत्र का जप करना चाहिए। यह उपाय शनिवार को करने से अकाल मृत्यु का खतरा टल जाता है।
- शनि देव की शनिवार के दिन पूजन से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। इसलिए हर शनिवार के दिन शनिदेव की पूजा करने वाले व्यक्ति से अकाल मौत का खतरा दूर हो जाता है।
- नौ ग्रहों में सबसे क्रूर माने जाने वाले शनिदेव की कृपा पाने के लिए शनिवार को उनके पूजन के अलावा उनसे संबंधित वस्तुओं का दान करना चाहिए। ऐसा करने से शनिदेव की कृपा प्राप्त होती है और अकाल मृत्यु का भय नहीं सताता है।
- भगवान सदैव उन लोगों की रक्षा करते हैं जो उनकी शरण में जाते हैं। इसलिए ईश्वर पर आस्था रखकर इन मृत्यु टालने के उपाय को करने से इसका फायदा ज़रूर मिलता है।

# भोजन में शामिल करें ये चीजें
## ग्रहों के कोप से मिलेगा छुटकारा



नवग्रहों को प्रसन्न करने के लिए उपासना, यज्ञ और रत्न आदि धारण करने का विधान है। हम लोग उड की अपेक्षा सीधे जीव से संबंध स्थापित रखें तो ग्रह अतिशीघ्र प्रसन्न हो सकते हैं। ज्योतिष ग्रंथ जातक पारिजात में बताया गया है, व्यक्ति किस तरह का भोजन करता है, इसका सीधा संबंध ग्रहों से है। यथोचित और शुद्ध भोजन ग्रहण करके भी नवग्रहों को प्रसन्न किया जा सकता है। सूर्य के अशुभ प्रभाव को दूर करने के लिए गेहूं, आम और गुड़ को भोजन में शुमार करें। चन्द्र मन का कारक ग्रह है। इसे अनुकूल करने के लिए गन्ना, चीनी, आइसक्रीम, मिठाईयां, दूध और दूध से बने पदार्थ खाएं। बुद्धि के कारक बुद्ध ग्रह को शुभ करने के लिए मटर, ज्वार, मूंग, हरि सब्जियां आहार में शामिल करें। धन, पुत्र और विद्या के दाता बृहस्पति को फेवर में करने के लिए चने और चने से संबंधित चीजें, केला, हल्दी, सेंधा नमक, पीले रंग की दालें और फल खाएं। शुक्र के निर्बल या अशुभ होने पर जातक की अनैतिक कार्यों में प्रवृति होती है, समाज में मान-सम्मान नहीं मिलता तथा अनेक सुखों का अभाव रहता है। जीवन में मनचाहा प्रेम और सौंदर्य शुक्र ग्रह की बदौलत ही प्राप्त होता है। ये भोग्य पदार्थ खाने से ये अनुकूल प्रभाव देने लगते हैं त्रिफला, दालचीनी, कमलगट्टे, सफेद शलगम, मूली, मिश्री। शनि की टेढ़ी नजर से बचने के लिए खाने में तिल, उड़द, मूंगफली का तेल, अचार, लौंग, तेज पत्ता ग्रहण करें। उड़द, तिल और सरसों राहु-केतु का अशुभ प्रभाव दूर करने में सहायक है।

# कैसा होना चाहिए मंदिर जाते समय पहनावा



जब भी किसी भी धर्मस्थल पर जाते हैं तो कपड़े ऐसे होने चाहिए जो शालीन हों और पहनने में सहज हो। क्योंकि जब मंदिर में भगवान के सामने सिर झुकाते हैं या खुदा के सामने सजदा करते हैं तो शालीन और सहज कपड़े पहने होने पर किसी प्रकार की समस्या नहीं होती। और यदि आप काफी तंग कपड़े पहने होते हैं तो इस तरह की समस्या आना आम है। ऐसे में भक्त का सारा ध्यान अपने वस्त्रों पर होता है। भगवान पर नहीं। यानी आस्था और मनोकामना के लिए धर्म स्थल पर आना पूरी तरह से व्यर्थ हो जाता है। पौराणिक ग्रंथों में उल्लेख मिलता है कि प्राचीन काल में ऋषि-मुनि, राजा-महाराजा और आम आदमी धोती पहना करते थे। यह काफी सहज होती है। ऐसे में जब वो मंदिर जाते या फिर यज्ञ हवन करते तो उन्हें उठने-बैठने और चलने में किसी तरह की परेशानी नहीं होती थी। और उनका पूरा ध्यान ईश्वर की आराधना में रहता था। हालांकि यह परंपरा आज भी जारी है। इसलिए देश के भव्य मंदिरों में पूजा अर्चना करते समय पारंपरिक वस्त्रों को ही पहना जाता है। इन वस्त्रों का रंग अमूमन पीला और लाल होता है। वह इसीलिए कि पीला रंग सकारात्मकता को दर्शाता है तो लाल रंग स्वयं देवी का का रंग है। जो अपना आध्यात्मिक महत्व रखता है।

# गौ परिक्रमा से मिलते हैं ढेरों लाभ

विष्णुधर्मोत्तरपुराण के अनुसार व्यक्ति के किसी भी अनिष्ट की निवृत्ति के लिए गौमाता के पूजन का विधान किया गया है। अनेक तरह के अरिष्टकारी भूचर, खेचर और जलचर आदि दुर्योग उस व्यक्ति को छू भी नहीं सकते जो नित्य गौमाता की सेवा करता है या फिर रोज गौमाता के लिए चारे या रोटी का दान करता है। तिल, जौ व गुड़ का बना लड्डू नौ गायों को खिलाने से व परिक्रमा करने से संतान प्राप्ति एवं मनोवांछित फल मिलता है। पति-पत्नी में आपसी मनमुटाव या क्लेश रहता हो तो दोनों गठजोड़े से गऊमाता की परिक्रमा करें एवं घर से रोटी बनाकर तिल के तेल से चुपड़ कर गुड़ के साथ नौ गायों को खिलाएं। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। गर्भवती महिलाएं नौ माह में प्रत्येक अमावस्या व पूर्णिमा पर परिक्रमा कर लें तो सामान्य डिलीवरी से संतान होगी। प्रतिदिन भोजन करने से पहले एक रोटी व गुड़ अपने हाथ से देसी गाय को खिलाने से एवं गाय के मुंह से लेकर पूंछ तक हाथ फेर कर अपने शरीर पर हाथ फेरने से शरीर का संतुलन बना रहता है। गाय को जौ खिलाएं और उसके गोबर में से जौ निकाले, उसे धोकर खीर बना कर एक चम्मच गाय का घी डालकर गर्भवती महिलाएं अंतिम माह में खाएं। यह साधारण डिलीवरी में सहायक है। जिन बच्चों की शादी में अनावश्यक विलम्ब हो रहा हो, वे स्वयं विधिपूर्वक गाय की पूजा करके नौ रोटी व गुड़ खिलाएं जिससे मनवांछित फल प्राप्त होगा। गाय के आगे वाले पांव पर कुमकुम, अक्षत, पुष्प, जल, दूध, गुड़ से पूजन करने से घर में सुख-शांति व मोक्ष की प्राप्ति होती है। जिनके बच्चे कहने पर नहीं चलते हैं, मनमानी करते हों, ऐसे बच्चों के माता-पिता गौ माता की नौ परिक्रमा करें। बच्चे को एक बूंद गौमूत्र व गंगाजल, दूध या चाय में मिलाकर पिलाएं। बालक आज्ञाकारी होगा। आज्ञाकारी एवं मनवांछित संतान प्राप्ति के लिए पति एवं पत्नी दोनों गर्भधारण करने के पश्चात बछिया को दूध पिलाती हुई गाय की परिक्रमा करें। गौ धूलि बेला के समय गौ माता की परिक्रमा करने से भी समस्याओं का अंत होता है।



# हनुमानजी को प्रसन्न करने के अचूक उपाय

एक बार शनिदेव ने हनुमान जी को अपने साथ युद्ध करने के लिए ललकारा। हनुमान जी उनसे युद्ध करना नहीं करना चाहते थे, तब उन्होंने शनि को अपनी पूंछ से बांधकर ब्रहमांड के चक्कर लगवा दिए। शनिदेव का शरीर पूरी तरह से छलनी हो गया। उनके शरीर से रक्त की धार बह रही थी। वह हनुमान से खुद को छोड़ने का आग्रह करने लगे। हनुमानजी ने उन्हें एक शर्त पर छोड़ा कि वो उनके भक्तों को कभी परेशान नहीं करेंगे। शनिदेव उनकी इस बात को मान गए।

- मंगलवार के दिन लाल वस्त्र पहने हनुमान जी को लाल रंग बेहद पसंद है।
- हर मंगलवार को हनुमान जी को बनारसी पान अर्पित करें। इससे हनुमान जी आपसे प्रसन्न रहेंगे।
- हनुमान जी को खुश रखने के लिए गरीबों की मदद करें, हर किसी के साथ अच्छा व्यवहार रखें और अपने माता पिता का हमेशा सम्मान करें।
- हनुमान जी की पूजा करते वक्त हनुमान जी को सिंदूर चढ़ाएं इससे हनुमान जी आपसे प्रसन्न रहेंगे।
- हनुमान चालीसा में वर्णित है कि, किसी अन्य देव की पूजा करने से शायद आपको फल मिलने में थोड़ा समय लग जाए लेकिन हनुमान की अराधना तुरंत फल देती है।
- मंगलवार के दिन राम मंदिर में जाएं। हनुमान जी के मस्तक का सिंदूर दाहिने हाथ के अंगूठे से लेकर सीता माता के श्री रूप के श्री चरणों में लगा दें। अपनी मनोकामना पूरी करने के लिए प्रार्थना करें।
- मंगलवार की सुबह स्नान करने के बाद बड़ के पेड़ का एक पत्ता तोड़ें और इसे साफ पानी से धो लें। अब इस पत्ते को कुछ देर हनुमानजी के सामने रखें। इसके बाद इस पर केसर से श्रीराम लिखें। अब इस पत्ते को अपने पर्स में रख लें। ऐसा माना जाता है कि इससे पर्स में पैसे बने रहते हैं।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* ( * पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741